बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 12, अंक 74, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 24 अप्रैल, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : जाति जनगणना वक्त की मांग



अन्दर : सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

# खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल गिरफ्तार

## गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस अलर्ट, डिब्रूगढ़ जेल बना नया ठिकाना

**चंडीगढ़।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को पंजाब के मोगा जिले से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस अलर्ट है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने की अपील की गई है। रासुका के तहत गिरफ्तार अमृतपाल को डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया है।

पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि हमें विशेष सूचना मिली थी कि अमृतपाल सिंह रोडे गांव में है, उसे घेर लिया गया था और उसके फरार होने की कोई गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ रासुका के तहत वारंट जारी किए गए और उन्हें आज सुबह तामील किया गया। उन्होंने बताया कि पंजाब

**कामयाबी**

**पंजाब पुलिस ने मोगा जिले के रोडे गांव से सुबह छह बजकर 45 मिनट पर गिरफ्तार किया**

पुलिस ने मोगा जिले के रोडे गांव से सुबह छह बजकर 45 मिनट पर अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने अजनाला थाने पर हमला करने के बाद 18 मार्च को अमृतपाल सिंह तथा उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की थी जिसके बाद से वह फरार था। जरनैल सिंह भिंडरावाले के रोडे गांव से गिरफ्तार अमृतपाल सिंह को



पिछले साल इस गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में वारिस पंजाब दे संगठन का प्रमुख नियुक्त किया गया था। पंजाब पुलिस ने ट्वीट किया कि अमृतपाल सिंह को मोगा में गिरफ्तार किया गया है और उसने लोगों से शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखने का अनुरोध किया। उसने ट्वीट किया कि कोई फर्जी खबर साझा न करें, हमेशा पुष्टि करें और फिर साझा करें। अमृतपाल के नौ साथी - दलजीत सिंह कलसी, पपलप्रीत सिंह, कुलवंत सिंह धालीवाल, वरिंदर सिंह जोहाल, गुरमीत सिंह बुक्कनवाला, हरजीत सिंह, भगवंत सिंह, बसंत सिंह और गुरिंदरपाल सिंह औजला असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं तथा उन पर रासुका लगाया गया है।

सोशल मीडिया पर अमृतपाल को हिरासत में लिए जाने की कुछ तस्वीरें सामने आयी है और इनमें उसे पारंपरिक सफेद वस्त्र पहने हुए देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में अमृतपाल सिंह एक गुरुद्वारे में कथित तौर पर सभा को संबोधित कर रहा है और कह रहा है कि वह आत्मसमर्पण कर रहा है। वीडियो में वह कह रहा है, 'यह संत जरनैल सिंह भिंडरावाले का जन्म स्थान है। यह वही स्थान है जहां मेरी दस्तार बंदी (पगड़ी बांधना) समारोह हुआ था। हम जीवन के अहम मोड़ पर खड़े हैं। पिछले एक महीने में जो भी हुआ है, वह सब आपने देखा है।' अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे ने दावा किया कि अमृतपाल ने आत्मसमर्पण कर दिया है और उस वक्त वह भी मौजूद थे। उन्होंने मोगा में पत्रकारों से कहा कि अमृतपाल ने एक सभा को संबोधित किया और बाद में आत्मसमर्पण करने के लिए गुरुद्वारे से बाहर आया। वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल तथा उसके साथियों पर विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य पैदा करने, हत्या का प्रयास करने, पुलिसकर्मियों पर हमला करने और लोक सेवकों के काम में बाधा पैदा करने से जुड़े कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# सपा की मेयर प्रत्याशी भाजपा में शामिल

**लखनऊ।** शाहजहांपुर में निकाय चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। अर्चना वर्मा भाजपा में शामिल हो गई हैं। इन्हें सपा ने महापौर प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन रविवार को उन्होंने सपा से नाता तोड़कर सबको चौंका दिया। लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अर्चना वर्मा को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी मौजूद रहे। अर्चना वर्मा वर्ष 2005 में जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं थीं। वह चार बार विधायक और सपा सरकार में मंत्री रहे राममूर्ति वर्मा के बेटे राजेश वर्मा की पत्नी हैं। राजेश वर्मा 2022 के विधानसभा चुनाव में ददरौल सीट से सपा के प्रत्याशी थे। सपा ने 12 अप्रैल को महापौर प्रत्याशी के तौर पर



**हड़कंप**

**लखनऊ में डिप्टी सीएम ने दिलाई सदस्यता**

अर्चना वर्मा के नाम की घोषणा की थी। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनको चुनाव लड़ाने की तैयारी में जुटे थे, लेकिन ऐन वक्त पर अर्चना ने पाला बदल दिया। दो साल पहले जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा ने सपा को ऐसे ही झटका दिया था। ऐन मौके पर सपा प्रत्याशी वीनू सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा प्रत्याशी ममता यादव निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हो गईं थीं। निकाय चुनाव में भी भाजपा ने पुराने दांव से सपा को बड़ा झटका दिया है।







# भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में 75 सभाएं करेंगे योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में 75 जनसभाएं करेंगे। सीएम 24 अप्रैल को सहारनपुर, शामली और अमरोहा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रस्तावित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का हर जिले में एक कार्यक्रम होगा, सभी जिलों से



मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की चुनावी सभाओं की मांग की जा रही है। निकाय चुनाव में भाजपा ने सभी 17 नगर निगम के साथ जिला मुख्यालयों सहित बड़ी नगर पालिका परिषद व प्रमुख नगर पंचायतों में जीत का लक्ष्य रखा है। सभी जिलों से सीएम की सभाओं की मांग की जा रही है, पार्टी का

**चुनाव**

**24 अप्रैल को सहारनपुर में होगी पहली सभा**

चुनाव प्रबंधन शाखा में सीएम व दोनों डिप्टी सीएम सहित अन्य नेताओं के चुनावी दौरे तय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रतिदिन एक से अधिक जिलों में सभाएं करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पहली चुनावी सभा 24 अप्रैल को गाजियाबाद में होगी। मुख्यमंत्री योगी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। यूपी में नगर निकाय चुनाव व विधानसभा के दो उपचुनावों की व्यस्तता की वजह से फिलहाल अभी उनका दो दिन का कार्यक्रम तय हुआ है। योगी 26 अप्रैल और 30 अप्रैल को कर्नाटक में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

## कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत

**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत हो गई है। दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीता उदय ने बीमार पड़ने के बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मध्यप्रदेश के मुख्य वन संरक्षक जेएस चौहान ने चीता उदय की मौत की पुष्टि की है। वन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चीतों की निगरानी कर रहे दल को चीता उदय रविवार सुबह 9 बजे सिर झुकाए और सुस्त हालत में बैठा मिला था। उसके करीब जाने पर वह उठकर लड़खड़ाकर चलने लगा। हालांकि एक दिन पहले की निगरानी में चीता स्वस्थ्य मिला था। चीता उदय की हालत की सूचना वन्यप्राणी चिकित्सकों को दी गई। जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर चीता उदय को देखा तो वह बीमार पाया गया। चीता उदय की हालत को देखते हुए मौके पर मौजूद वन्यप्राणी चिकित्सकों और चीता कंसरवेशन फंड के एक्सपर्ट ने इलाज के लिए ट्रेंकुलाइज की जरूरत बताई। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेकर चीता उदय को बेहोश कर इलाज शुरू किया गया।

# नहीं थम रही कोरोना की रफ्तार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को देश में पिछले 24 घंटे के दौरान फिर से 10 हजार से अधिक कोविड केस दर्ज किए गए। इसके बाद एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 67,806 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4.48 करोड़ (4,48,91,989) हो गयी है।

संक्रमण से 29 लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,329 हो गई है। इससे पहले शनिवार को पिछले 24 घंटे में 12,193 नए मामले सामने आने की रिपोर्ट मिली। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कोरोना की रफ्तार में कमी आने की उम्मीद है। कोरोना की रफ्तार दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक में तेज देखने को मिल रही है। दिल्ली में पिछले 24 घंटे में को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,515 नए मामले सामने आए। वहीं, शहर में छह और मरीजों ने कोविड-19 के कारण दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य विभाग आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में कोविड-19 से अब तक



**समस्या बढ़ी**

**चौबीस घंटे में दस हजार से अधिक नये मरीज**

संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 20,32,424 हो गई है। वहीं, मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 26,595 हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण दर 26.46 प्रतिशत दर्ज की गई है। हरियाणा में कोरोना के 937 नए मामले सामने आए। राज्य में 5,649 एक्टिव केस हैं। हालांकि, किसी के मरने की सूचना नहीं है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकुला, हिसार, करनाल, अंबाला, रोहतक, झज्जर और फतेहाबाद सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में शामिल हैं। राज्य में 9.76% पॉजिटिविटी रेट दर्ज की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमिक्रॉन सबवैरिएंट एक्सबीबी.1.16 के मामले कई देशों में लगातार बढ़ने के मद्देनजर इसे कोविड-19 वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट (वीओआई) श्रेणी में अपग्रेड कर दिया है। एक्सबीबी.1.16 एक्सबीबी का ही एक प्रकार है। एक्सबीबी दो बीए.2 के मिलने से बना है। एक्सबीबी.1.16 का पहला मामला इस साल 9 जनवरी को सामने आया था। इसे 22 मार्च को वेरिएंट अंडर मॉनिटरिंग (वीयूएम) की श्रेणी में शामिल किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि ओपन रिसर्च प्लेटफॉर्म जीआईएसएआईडी पर अब तक भारत सहित 33 देशों से ओमिक्रॉन एक्सबीबी.1.16 वेरिएंट के 3,648 मामलों की सूचना मिली है। डब्ल्यूएचओ में कोविड-19 रिस्पॉन्स की तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोव ने कहा, कई देशों से एक्सबीबी.1.16 के प्रसार में लगातार बढ़ने की रिपोर्ट के बाद डब्ल्यूएचओ एक्सबीबी.1.16 को वीओआई के रूप में चिह्नित किया है।

## केरल में पानी पर दौड़ेगी मेट्रो, पीएम 25 को दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल को केरल को वाटर मेट्रो की सौगात देंगे। पीएम मोदी राष्ट्र को पहली वाटर मेट्रो सौपेंगे। काफी लंबे समय बाद इस मेट्रो को हरी झंडी मिली है। वाटर मेट्रो पटरियों पर नहीं बल्कि पानी पर दौड़ेगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के लिए 23 वाटर बोट्स और 14 टर्मिनल होंगे, जिनमें से चार टर्मिनल पूरी तरह से शुरू किये जा चुके हैं। बता दें कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे एशिया में पहली बार वाटर मेट्रो चलाई जा रही है। रविवार को आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए बताया गया कि इस सेवा की शुरूआत होने से शहर के लोगों के आवागमन में आसानी होगी। वाटर मेट्रो कोच्चि जैसे शहर में काफी उपयोगी है। यह यात्रा में आसानी के साथ एक कम लागत वाली मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम साबित होने वाला है। कोच्चि केरल में सबसे घनी आबादी वाले जिलों में से एक है और इस तरह यातायात की भीड़ को कम करने और कोच्चि झील के किनारे आसानी से पहुंचने के लिए परिवहन के नए तरीके की परिकल्पना की गई है।

# पीएम को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोच्चि सिटी पुलिस कमिश्नर के सेतु रमन ने रविवार को इसकी जानकारी दी। दौरे से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी के दौरे से पहले आत्मघाती बम हमले की धमकी वाली चिट्ठी केरल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पास आई जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई है।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कोच्चि दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 2060 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके तहत दोपहर 2 बजे से ट्रैफिक कंट्रोल भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के रोड शो में 15,000 और

**कार्रवाई**

**2060 पुलिसकर्मी रहेंगे सुरक्षा में, पुलिस अलर्ट**



युवम-23 कार्यक्रम में 20,000 लोगों के आने की उम्मीद है। युवम-23 के प्रतिभागी केवल मोबाइल फोन ला सकते हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी 24 और 25 अप्रैल को केरल का दौरा करेंगे जहां वो अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे की जानकारी लीक होने पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि प्रधानमंत्री की केरल यात्रा पर खुफिया रिपोर्ट लीक होना एक गंभीर सुरक्षा चूक है। मुरलीधरण ने कहा कि मीडिया में अतिरिक्त पुलिस महानिदेश (एडीजीपी) की गुप्त रिपोर्ट का लीक होना एक गंभीर विफलता है।

**कोच्चि में 8 प्रमुख ईसाई धर्मगुरुओं से करेंगे मुलाकात**

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान सोमवार शाम कोच्चि में ईसाई धर्मगुरुओं से मुलाकात करेंगे। केरल भाजपा के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ईसाई समूहों के विभिन्न संप्रदायों के 8 प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक शाम करीब 7 बजे होगी। केरल बीजेपी राज्य की चुनावी राजनीति में पार्टी के ड्राई रन को तोड़ने के लिए ईसाई समुदाय तक पहुंच बना रही है। धार्मिक प्रमुखों से खुद प्रधानमंत्री की मुलाकात को राज्य भाजपा के लिए ईसाई समुदाय तक पहुंचने के प्रयास में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कोच्चि में मोदी भाजपा युवा विंग, भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवम कार्यक्रम के तहत 1 लाख युवाओं के साथ बातचीत भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान युवा विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछ सकेंगे। प्रधानमंत्री सोमवार को कोच्चि में वेंदुरुथी ब्रिज से थेवारा के सेक्रेड हार्ट कॉलेज तक 1.8 किलोमीटर का रोड शो भी करेंगे। केरल पुलिस ने 2000 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ यात्रा के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी है।

## खराब मौसम से सीएम योगी तीन घंटे बाद भर सके उड़ान

**वाराणसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ को खराब मौसम के कारण रविवार को बाबतपुर हवाई अड्डे पर तीन घंटे बैठना पड़ा। एक दिन के लिए काशी पहुंचे सीएम जब शाम को लखनऊ के लिए उड़ान भरने बाबतपुर पहुंचे तो पता चला कि खराब मौसम के चलते विमान टेक ऑफ नहीं कर सकता। योगी आदित्यनाथ को लगभग तीन घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ी। वे शाम सवा छह बजे ही पहुंच गए थे। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने खराब मौसम के कारण दृश्यता कम बताई। मौसम साफ होने के बाद उनका विमान नौ बजे के बाद ही उड़ान भर सका। मुख्यमंत्री के रवाना होने के बाद ड्यूटीरत अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

# अतीक-अशरफ हत्याकांड में बड़ा खुलासा

**साजिश**

**ई-रिक्शा से वारदात को अंजाम देने आए थे शूटर, हत्याकांड का मास्टरमाइंड निकला सन्नी**

**प्रयागराज।** माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में कई बड़े खुलासे हुए हैं। इस हत्याकांड में तीन ही शूटर शामिल हैं, जांच में किसी चौथे शख्स का नाम सामने नहीं आया है। आरोपी सन्नी को दिल्ली में जिगाना पिस्टल गोगी गैंग के लोगों ने दी थी। सन्नी को दिल्ली-एनसीआर में कोर्ट में किसी गैंगस्टर को मारने का टास्क दिया गया था, लेकिन ये काम पूरा नहीं हुआ, लिहाजा पिस्टल सन्नी के पास ही थी। अतीक हत्याकांड के दिन तीनों शूटर ई-रिक्शा से अस्पताल पहुंचे थे और



हत्याकांड को अंजाम दिया था। 13 अप्रैल को अतीक-अशरफ की सीजेएम कोर्ट में पेशी के दौरान भी तीनों शूटर कोर्ट तक आए थे, लेकिन भीड़-भाड़ होने की वजह से वो बाहर ही रहे और पूरी रेकी की। तीनों शूटरों ने बताया कि वो बड़ा माफिया और बड़ा गैंगस्टर बनना चाहते हैं, इसलिए अतीक और अशरफ को मारा। अतीक और अशरफ की हत्या का मास्टरमाइंड सन्नी है। उसी ने लवलेश तिवारी और अरुण को तैयार किया था। 15 अप्रैल को होटल से शाम 7:30 बजे सबसे लवलेश तिवारी निकला था, उसके बाद दोनों शूटर निकले थे। तीनों शूटर मीडिया के जरिए अतीक और अशरफ की पल-पल की खबर ले रहे थे। अतीक और अशरफ को अस्पताल में ही मारने का प्लान तय था।

## ट्विटर ने विराट-सचिन समेत अन्य हस्तियों का ब्लू टिक किया वापस

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के प्लेटफार्म ट्वीटर ने विराट-सचिन समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय हस्तियों का ब्लू टिक वापस कर दिया है। इस तरह से सोशल मीडिया मंच ट्विटर ने करोड़ों फॉलोअर्स वाले कई चर्चित हस्तियों (सेलिब्रिटीज) का ब्लू टिक (वेरिफिकेशन बैज) बहाल कर दिया है। कुछ दिन पहले ही कंपनी ने भुगतान नहीं करने वाले खातों के ब्लू टिक हटा दिए थे। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसी सप्ताह शाहरुख खान और सलमान खान से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसी चर्चित हस्तियों और राजनीतिज्ञों के ट्विटर खातों से ब्लू टिक हटा दिए गए थे। ट्विटर के मालिक एलन मस्क की माइक्रोब्लॉगिंग साइट ने इसी सप्ताह शुल्क नहीं चुकाने वाले खातों के ब्लू टिक हटाने शुरू कर दिए थे।

## कांग्रेस में महिलाओं के लिए सेफ माहौल बनाने की जरूरत

**नई दिल्ली।** यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। असम पुलिस ने उन्हें 2 मई को सुबह 11 बजे दिसपुर थाने में पेश होने का नोटिस भेजा है। श्रीनिवास पर असम यूथ कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अंकिता दत्ता ने शोषण का आरोप लगाया है। अंकिता की शिकायत पर असम पुलिस ने आईपीसी की धारा 354 के तहत केस दर्ज किया है।



असम पुलिस के इस एक्शन पर कांग्रेस बिफर गई है। पार्टी प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सीधे सीएम हिमंता बिस्व सरमा को निशाने पर लिया। सुरजेवाला ने कहा कि वह (असम सीएम) कभी पवन खेड़ा, कभी श्रीनिवास बीवी और कभी किसी और को गिरफ्तार करना चाहते हैं। सुरजेवाला ने कहा कि असम सीएम की बातों पर इतना ध्यान मत दीजिए। सुरजेवाला की प्रतिक्रिया पर सरमा ने असम पुलिस का श्रीनिवास को भेजा नोटिस ट्वीट कर दिया। असम सीएम ने लिखा कि उनकी पुलिस कानून के हिसाब से काम कर रही है। तंज कसते हुए सरमा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में महिला कार्यकताओं के लिए सुरक्षित माहौल की कमी के लिए उन्हें दोष देना गलत है। कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने असम पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। इधर असम सीएम ने जवाबी ट्वीट में लिखा, असम पुलिस कानून के मुताबिक काम कर रही है।

## अखिलेश व शिवपाल ने नगर निकाय चुनाव में प्रचार की बनाई रणनीति

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव अब उत्तर प्रदेश में आगामी नगरपालिका चुनावों के लिए एक साथ प्रचार करेंगे। पार्टी जल्द ही अपने शीर्ष नेताओं के प्रचार कार्यक्रम की घोषणा कर सकती है। यह पहले ही घोषणा की जा चुकी है कि अखिलेश यादव और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पार्टी की लखनऊ मेयर पद की उम्मीदवार वंदना मिश्रा के लिए तीन-तीन जनसभाएं करेंगे। अखिलेश यादव जहां अभी भी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं, वहीं शिवपाल यादव यादवों के गढ़ इटावा, मैनपुरी और फिरोजाबाद का दौरा करते हुए मैदान में उतर गए हैं। शिवपाल अखिलेश के साथ इन जिलों में प्रचार करेंगे। शिवपाल बीजेपी के गढ़ में सपा के प्रचार की कमान संभालेंगे। अखिलेश और शिवपाल सपा के गढ़ मैनपुरी, कन्नौज, फिरोजाबाद में एक साथ नजर आएंगे।

# पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना फिर शुरू

**नई दिल्ली।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों ने रविवार दोपहर फिर से जंतर-मंतर पहुंचकर धरना शुरू किया। 7 महिला पहलवानों ने सिंह के खिलाफ पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। पहलवानों ने कहा- 3 महीने हो गए, पर हमें न्याय नहीं मिला, इसलिए हम फिर से विरोध कर रहे हैं।

हम न्याय की मांग करते हैं, अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पहले हम से कहा जाता था कि एफआईआर कराओ, अब हम एफआईआर कराने जा रहे हैं तो पुलिस सुन नहीं रही है। पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि हमने 2 दिन पहले ही थाने में शिकायत दी थी। मगर अभी हमारी सुनवाई नहीं हुई, न ही एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायत देने वालों में एक नाबालिग

**नाराजगी**

**बजरंग बोले- बृजभूषण की गिरफ्तारी के बाद ही उठेंगे**

**विनेश बोलीं- डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष का नार्को टेस्ट हो**

समेत सात पहलवान शामिल हैं। ढाई महीने इंतजार करने के बाद हमने फिर से धरना देने का फैसला लिया है।

साक्षी ने कहा- न ही हमें पता कि कमेटियों ने जांच रिपोर्ट सब्मिट की है या नहीं। लोग हमें ही झूठा बताने लगे थे। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए, मगर अभी इसका कुछ अता पता नहीं है। एक लड़की का मामला कितना सेंसिटिव होता है, यह आप सब समझ सकते हैं। बजरंग पूनिया ने कहा- हमारा धरना अब तभी खत्म होगा, जब



बृजभूषण सिंह को अरेस्ट किया जाएगा। हमारा सब्र जवाब दे चुका है। जांच के लिए दो कमेटियां बनीं, लेकिन रिजल्ट कुछ नहीं आया। अब इस केस की सीबीआई जांच होनी चाहिए। पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने यह आरोप लगाए हैं। हम यह शोषण सहन कर रहे हैं। 3 महीनों में कमेटी के किसी सदस्य ने न ही हमारा फोन उठाया, न ही मंत्रालय ने किसी से संपर्क किया। बार-बार कहा जा रहा है कि पहलवानों ने सबूत नहीं दिया है। कोई एक बार बृजभूषण से भी उसके बेगुनाही के सबूत ले। हम तो कह रहे हैं कि पूरे प्रकरण में नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। केस की सीबीआई जांच भी होनी चाहिए। इसके बाद जो भी दोषी होगा। उसको दंड दिया जाना चाहिए।

# कम्प्यूटर क्लास से लौट रही छात्रा को डंपर ने रौंदा

**दुखद**

## ग्रामीणों ने किया चक्काजामा मुआवजे की मांग





**हरहुआ।** बड़ागांव थाना हरहुआ चौराहे के पास साइकिल सवार छात्रा को डंपर ने रौंद दिया। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठी एक अन्य छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई। रौंदने के बाद डंपर चालक चालक को ग्रामीणों ने काजीसराय के पास से दबोचा। हादसे के बाद ग्रामीणों ने कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझाकर चक्काजाम समाप्त कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बड़ागांव थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी नेहा पटेल (19) अपनी दोस्त प्रीति कन्नौजिया के साथ पांडेयपुर स्थित एक कम्प्यूटर कोचिंग से पढ़ाई कर साइकिल से घर लौट रही थी। हरहुआ चौराहे के पास शाम पांच बजे पहुंची थी कि बाबतपुर की तरफ जा रही डंपर ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद नेहा डंपर के नीचे आ गयी जबकि प्रीति दूर जा गिरी। नेहा को डंपर चालक रौंद दिया। इसके बाद वह भागने लगा। लेकिन ग्रामीणों ने उसे काजिसराय बाजार के पास पकड़ लिया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। सूचना पर एसीपी अमित पाण्डेय, प्रबल प्रताप सिंह सिंह पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मुआवजा और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया इसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। आगे की कार्रवाई में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। परिजनों ने बताया कि नेहा चार बहन एक भाई में सबसे छोटी थी। पिता की छह साल पहले बीमारी से मौत हो गयी है। दुर्घटना की वजह सडक निर्माण के बाद पटरी पर गिट्टी छोड़ दिया गया है जो हादसे की वजह बन रही है। एक सप्ताह पूर्व भी ऐसे ही कोईराजपुर मोड़ के समीप रोड के किनारे पटरी पर फैली हुई गिट्टी के कारण भी बाइक सवार सोनू सिंह फिसलकर गिर गया था और इस बीच ट्रक ने उसे रौंद दिया था।

# कूटरचित दस्तावेज से भवन कब्जाने का आरोप

**13 पर मुकदमा**

## आरोप है कि मदरसा को रातों रात बदल दिया स्कूल में, खाली करने के नाम पर मांगा जा रहा 25 लाख

**वाराणसी।** कूटरचित दस्तावेज के आधार पर अजीमिया अरेबिक स्कूल ट्रस्ट के नाम से ट्रस्ट का न्यास पत्र पंजीकृत कराने व भवन कब्जाने के आरोप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी अश्वनी कुमार की अदालत ने थाना कैंट प्रभारी को तेरह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

दिनेश कुमार निवासी सेनपुरा चेतगंज का आरोप है कि नदेसर कैंट स्थित भवन के ऊपरी तल पर कुछ लोग मदरसा के नाम पर कब्जा जमाये हुये थे। मदरसे के गैर मान्यता प्राप्त होने पर अवैध कब्जा करने वाले हिफाजत आलम, सलमान, अब्दुल्ला खालिद, इम्तियाज खान, नूर मोहम्मद व मोहम्मद इब्राहिम को हुई तो रातो-रात मदरसा का नाम बदल कर अजीमिया अरेबिक स्कूल कर दिया। इसके बाद अभियुक्तगणों ने मिलकर एक फर्जी कूटरचित अजीमिया अरेबिक स्कूल ट्रस्ट के नाम से उपनिबंधक सदर द्वितीय वाराणसी के समक्ष फर्जी ट्रस्ट का न्यास पत्र पंजीकृत करा लिया।

वादी द्वारा बात करने पर मुल्जिमान ने धमकी दी और कहा कि अपना मकान भूल जाओ। अगर खाली करवाना चाहते हो तो पच्चीस लाख रुपए दे दो। वादी ने उच्चाधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कोई सुनवाई नहीं हुई तो वादी ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर धारा 419, 420, 467,468,471 व 120 बी के तहत कैन्ट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**संक्षेप**

### सैन्यकर्मी बनकर युवक से 27 हजार की ठगी

**वाराणसी।** फेसबुक पर सेकेंड हैंड कार का विज्ञापन डालकर जालसाज सैन्यकर्मी बनकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। ताजा मामला शिवपुर क्षेत्र का है। एक स्कूल वाहन चालक से 27.080 रुपये की ठगी कर ली गई। शिवपुर पुलिस ने दिनेश कुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। छतरीपुर निवासी बृजेश कुमार वर्मा एक निजी स्कूल में वाहन चालक हैं।
बृजेश ने बताया कि फेसबुक के मार्केट प्लेस साइट पर एक सेकेंड हैंड कार की बिक्री का विज्ञापन देखाखरीदारी के लिए ऑनलाइन मैसेज भेजाकुछ दिन बाद अनजान नंबर से फोन आया। खुद को सैन्यकर्मी दिनेश कुमार बताया। कहा कि एक लाख रुपये में कार मिलेगी। कार घर भेजने के बाद रुपये लेने की बात कही और इसके बाद कुछ प्रोसेसिंग की बात कहकर तीन बार में 27 हजार लिया। इसके बाद उसका मोबाइल ऑफ हो गया।

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**बड़ागांव।** बड़ागांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार की शाम मदनपुर नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति गैलन में भरी 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा।
उप निरीक्षक द्वय भरत चौधरी, सुरेंद्र कुमार ने मिली सूचना के आधार पर अपने हमराह के उपरोक्त गिरफ्तारी स्थल से बड़ागांव थानाक्षेत्र के गांगकला हरिजन बस्ती निवासी कमला प्रसाद, सुखदेव जैसवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह शराब को कहीं बेचने के लिए लेकर जा रहा था।


**कार्यालय उप परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 सेतु निर्माण इकाई (मिर्जापुर), लोहिया तालाब, मिर्जापुर**

Ref: 112/शास्त्री सेतु/E-TENDER/MZP/2022-24 Date: 22/04/2023

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जनपद मीरजापुर में लुम्बिनी-दुद्धी राज्य मार्ग-5 के किमी0 310-311 के औराई -मीरजापुर खण्ड में गंगा नदी पर निर्मित शास्त्री सेतु की सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर जाकर दिनांक 24.04.2024 से 03.05.2023 तक ऑनलाईन देखी, डाऊनलोड एवं भरी जा सकती है।

नोट:- टेण्डर सम्बन्धित पूर्ण विवरण उपरोक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसे निविदा कार्य हेतु ऑनलाईन देखा एवं डाऊनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है।

(आर0 एस0 उपाध्याय)
उप परियोजना प्रबन्धक


# कैंट जीआरपी ने 27.5 लाख नगदी के साथ पकड़ा

**कार्रवाई**

## मौके पर पहुंची आयकर विभाग की टीम, हवाला कारोबार की आशंका

## पूछताछ में युवक नगदी से संबंधित नहीं दिखा सका कोई दस्तावेज



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने शनिवार को प्लेटफार्म नंबर आठ से एक युवक को 27 लाख 44 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया। नगदी के कागजात युवक की ओर ना दिखा पाने के चलते आयकर विभाग को सूचना दी मौके पर पहुंचे आयकर के निरीक्षक ने बरामद नगदी को हवाला कारोबार की आंशका जतायी।

जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि स्टेशन पर लगातार संदिग्धों के धड़पकड़ के लिए जांच चलायी जाती है। बरामद नगदी की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि बैग से पांच सौ की 44 गड्डी, दो हजार रुपए की ढाई गड्डी के अलावा दो सौ व 20 रूपए बरामद हुए हैं। पूछताछ में नालंदा (बिहार) स्थित औगारी क्षेत्र निवासी अभिनीत कुमार ने बताया कि उसे रंजित नामक व्यक्ति ने 15 लाख रुपए लाने के बदले दस हजार रुपए देने का वादा किया था। उसे रुपयों से भरा बैग कैंट स्टेशन के बाहर एक व्यक्ति ने लाकर दिया था। वापस जाने के लिए उसका बकायदा फरक्का एक्सप्रेस के ए- 2 बोगी में 33 बर्थ पर रिजर्वेशन भी कराया गया था। बताया कि हवाला कारोबार की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। युवक से पूछताछ की जा रही है और मोबाइल नंबर से डिटेल भी खंगाला जा रहा है। बताया कि प्लेटफार्म नंबर आठ पर शनिवार की शाम जांच के दौरान युवक को सिपाहियों ने संदेह होने पर पकड़ा और जांच की तो उसके बैग से ये नगदी बरामद हुआ। बताया कि पैसों से संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है। औपचारिक कार्रवाई के बाद उन पैसों को आयकर विभाग के निरीक्षक समीर कुमार श्रीवास्तव और दिलीप कुमार श्रीवास्तव को सौप दिया।

# रद्दी टायर के गोदाम में लगी आग, पास में था पेट्रोल पंप

**बचे कई लोग**

## दमकल की सात गाड़ियों ने आग पर पाया काबू, लाखों का फर्नीचर जलकर राख



**वाराणसी।** आदमपुर थानाक्षेत्र के भदऊ चुंगी के पास स्थित रद्दी टायर के गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग जिस जगह लगी थी वहां से दस कदम दूर ही पेट्रोल पंप होने से लोग सहम उठे कि अगर आग वहां तक पहुंचती है तो हादसा बड़ा हो जायेगा। आग की विकरालता को देखते हुए मौके पर दमकल की सात गाड़ी पहुंची और आग पर बुझाने में जुट गयी। लेकिन आग पास में ही लड़की के टाल तक पहुंची और ऐसे में आग उसमें भी लग गयी। आसपास के लोगों की माने तो आग रात करीब 2.30 बजे लगी और बुझाने में करीब चार घंटे लगे। इस बीच लाखों का फर्नीचर जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी।

आदमपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दिल्ली निवासी व्यापारी किशोरी कुमार का भदऊचुंगी एचपी पेट्रोल पंप के पास खराब (रद्दी) टायर का गोदाम है। इस गोदाम में आग करीब 2.30 रात में लगी। जैसे की जानकारी मिली मौके पर पुलिस पहुंची, इसके बाद दमकल विभाग को फोन किया गया। पहले तो चेतगंज फायर स्टेशन से 4 गाड़ियां आयी और बाग बुझाने में लगी लेकिन आग की विकरालता को देखते हुए तीन अन्य दमकल को बुलाया गया। कुल सात दमकल की गाड़ियों ने करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया। लेकिन रद्दी टायर के गोदाम और लकड़ी की टाल जलाकर खाक हो चुका था। रद्दी टायर के गोदाम से सम्बंधित लोगों ने किसी भी तरह की बता करने से इंकार कर दिया। वहीं रद्दी टायर के गोदाम के बगल में बालू गिट्टी के कारोबारी की दो पिकअप वाहन और किशोरी का ई रिक्श जल गए। कई छोटे सिलेंडर भी आग की जद में आए दिखाई दिए। वहीं दस कदम दूर पेट्रोल पंप के लोग भी जब तक आग नहीं बुझी, सांसत में रहे। वहीं गोदाम में खड़ी मच्छोदरी निवासी सुरेश यादव का भी लकड़ी के गोदाम भी चपेटे में आया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दायर बलीपुर वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 24.04.2023 से दिनांक 27.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 28.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - संतोष कुमार यादव　　ग्राम प्रधान - अनामिका
पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 ख0 सीयर/दिनांक : 21.04.2023



जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2140863 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र खो गया है। विपिन कुमार गुप्ता पुत्र शिवानन्द गुप्ता, ग्राम+पोस्ट-आमघाट, जिला-बलिया, उप्र।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि मेरा बी0 टी0 सी0 वर्ष 2016 अनुक्रमांक 42410230 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। पूजा पाण्डेय पुत्री श्री सदानन्द पाण्डेय, एस 6/2, एस.डी. अकथा, सारनाथ, वाराणसी।

मै प्रदीप कुमार पासवान पुत्र कृपाशंकर पासवान ग्राम आदमपुर पोस्ट गोसाईपुर थाना सिकन्दरपुर जिला बलिया का रहने वाला हूं मेरा D.ed (VI) रोल नंबर 16181084 सत्र 2016-18 का अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र खो गया है।

मेरे पुत्र मंजीत सिंह के सीबीएसई हाईस्कूल अंक सह प्रमाण पत्र में पिता का नाम VINAY SINGH (विनय सिंह) व माता का नाम GUDIYA DEVI (गुड़िया देवी) दर्ज हो गया है जो गलत है। सही नाम VINAY KUMAR SINGH (विनय कुमार सिंह) व माता का नाम GUDIYA SINGH (गुड़िया सिंह) हैं। विनय कुमार सिंह पुत्र स्व0 साहब सिंह, ग्रा0 व पो0-गहली बसारिखपुर, जिला-गाजीपुर।

**WANTED**
ACCOUNTANT AND ENGLISH/SST TEACHER
ACCOUNTANT HAVING WELL KNOWLEDGE OF TALLY, BASIC OF COMPUTER, ACCOUNTING WITH B.Com / M. Com ENGLISH/SST TEACHER HAVING B.A./M.A. WITH B.Ed CONTACT WITH BIODATA WITHIN 10 DAYS.
**PRINCIPAL**
**ST. MARY'S SCHOOL**
MARIAMPUR, RASRA-221712, BALLIA U.P.

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** - उदय प्रताप महिला महाविद्यालय कुतुबपुर-खेताबपुर, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में N.C.T.E. रेगुलेशन 2014 के क्रम में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षा संकाय B.Ed. दो इकाई पाठ्यक्रम में निम्न प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। विभागाध्यक्ष 01 पद, शिक्षा के परिप्रेक्ष्य 04 पद, शिक्षण विषय गणित, विज्ञान सामाजिक भाषा 08 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा 01 पद, ललित कला 01 पद, निष्पादन कला (संगीत, नृत्य, रंगमंच) 01 पद, योग्यता यू0जी0सी0/N.C.T.E. उत्तर प्रदेश शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों छायाप्रति व पासपोर्ट साईज के 4 फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पता पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक, दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक- मो0- 9838186148


### मारपीट के मामले में 210 दिन बाद रपट दर्ज

**बड़ागांव।** स्पेशल जज एससीएसटी एक्ट वाराणसी की अदालत ने बड़ागांव थानाक्षेत्र के गड़वा धनेसरी गांव में सात माह पूर्व घटित मारपीट की घटना में आरोपित लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश बड़ागांव पुलिस को दिया है जिसके सापेक्ष में पुलिस शनिवार की देर शाम मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है।
रामचंद्र राम ने न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है 18 सितंबर 2022 को पड़ोस के जग्गू विश्वकर्मा, छेदी विश्वकर्मा उसके दीवार से सटकर हैंडपंप लगवा रहे थे। ऐसे में गंदा पानी दरवाजे पर बहने लगा इस बात विरोध करने पर उसकी पत्नी को आरोपियों ने पीटा था।

### एक ही परिवार के आधा दर्जन को मारपीट कर किया घायल

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के पुआरी कलां (जोधापुर) गांव में मनबढ़ों ने एक ही परिवार के आधा दर्जन से ज्यादा महिला एवं बच्चों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस हमलावरों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। राजकुमार ने बड़ागांव पुलिस को बताया कि शनिवार को काम के सिलसिले में घर से बाहर गया था। मौका देखकर गांव के रमेश कुमार,लौटन दास,पल्लू, संतलाल एवं होरी लाल घर पर आये और सुशीला देवी,समुंदरा,संतारा देवी,मीना देवी,माया देवी एवं बच्चों शशिकांत, रविकांत को लाठी, डंडा एवं रॉड से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### प्रोफेसर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** बीएचयू विधि संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार की शिकायत पर लंका थाने में विधि संकाय के छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। छात्रों पर आरोप है कि 14 मार्च को छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर दिया था। इसके बाद 15 मार्च को संख्या में पहुंचकर चल रही कक्षा को बंद कराया। कर्मचारियों को बाहर निकालते हुए गाली गलौज किया। इस मामले में पुलिस ने संतोष कुमार त्रिपाठी विवेक कुमार तिवारी दर्शिता पांडे श्वेतम उपाध्याय रौनक मिश्रा अंकित पाल गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### थैले में रखी नकदी को महिला ने उड़ाया

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के गांधीनगर नरिया इलाके में रहने वाले महिम श्रीवास्तव 11 अप्रैल को लंका स्थित सेंट्रल बैंक पैसा निकालने पहुंचे। अपने करंट अकाउंट से 90000 निकालने के बाद कपड़े के थैले में रख दिया। जिसके बाद अपने किसी निजी काम करने में लग गए। इस बीच थैले को काटकर उसमें रखा पैसा किसी ने निकाल दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। एक महिला पैसा निकालते दिखी पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच करने में जुट गई। जबकि बीते 15 तारीख को नुवाव सब्जी मंडी में भगवतीपुर के रहने वाले विवेक सिंह बैग का चैन खोलकर डेढ़ लाख रुपए उड़ा दिया था।

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने दी जान

**वाराणसी।** सिंधोरा थाना क्षेत्र के काशीपुर में पति से हुए विवाद के बाद पत्नी ने स्टॉल के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना रविवार की दोपहर दो बजे की बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक सुजीत पटेल को पत्नी सरिता पटेल (26) से थोड़ी नोकझोंक हो गई थीउसके बाद वह दोपहर में ऊपरी तल के कमरे में गई और स्टॉल के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर से कमरे से कोई आवाज न आने पर पति ऊपर गया तो दरवाजा खुला मिला और वह फंदे पर लटकती थी। परिजन उसे उतारने के बाद पुलिस और उसके मायके वालों को सूचना दीसूचना पर पहुंचे सिंधोरा थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने शव का पंचनामा कराया और पीएम के लिए भिजवाया। हालांकि देर शाम तक कोई तहरीर नहीं पड़ी। मृतका की दो लड़कियां है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के खजुरी गांव स्थित हाईवे के सर्विस रोड पर रविवार की सुबह गलत दिशा से आ रहा मालवाहक ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार भगवानपुर सुसुवाही निवासी रोहित कुमार घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। बाइक सवार युवक मिर्जामुराद (बेनीपुर) गांव स्थित अपने ससुराल से घर लौट रहा था।

### फ्लैट बेचने के नाम पर 70 लाख की धोखाधड़ी

**वाराणसी।** फ्लैट बेचने के नाम पर 70 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी में कैंट पुलिस ने बिल्डर दंपति पर मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि भोजूबीर स्थित टैगोर टाउन में दो फ्लैट के नाम पर रुपये लिये लेकिन फ्लैट नहीं दिया। अर्दली बाजार के विंध्यवासिनी नगर की निशा तिवारी ने बताया कि उनके पड़ोस में आरती सिंह और अभय नारायण सिंह रहते हैं। दोनों की शुभ श्री प्रा.लि के नाम से फर्म है। इसके जरिये बिल्डिंग निर्माण कर फ्लैट बेचते हैं। भोजूबीर में टैगोर टाउन में अपार्टमेंट में एक फ्लैट 54 लाख रुपये, एक फ्लैट 40 लाख रुपये में तय हुआ। 21 अक्तूबर 2021 को दोनों फ्लैट के नाम पर 70 लाख 76 हजार 500 रुपये लिये। अब तक फ्लैट नहीं दिया। पता चला कि उनके नाम से बुक किया गया फ्लैट दूसरे के नाम से इकरार नामा कर दिया गया है। अब रुपये या फ्लैट की बात कहने पर गाली-गलौज कर धमकी दी जा रही है।

## कुर्की के दो महीने बाद भी नहीं हाजिर तो मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** लक्सा थाने में तैनात रहे दरोगा अजय कुमार यादव को आठ नवंबर 2022 की शाम रोहनिया क्षेत्र में जगतपुर नहर के समीप तीन बदमाशों ने गोली मार कर उनकी सरकारी पिस्टल लूट ली थी। 21 नवंबर 2022 को दरोगा अजय यादव को गोली मारने वाले बदमाशों के वाजिदपुर क्षेत्र से गुजरने की सूचना मिली तो पुलिस ने घेराबंदी की। बदमाशों को देख कर पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग की।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बिहार के समस्तीपुर जिले के आनंद गोलवा निवासी सगे भाई रजनीश उर्फ बउआ सिंह और मनीष सिंह मारे गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस को चकमा देकर दोनों बदमाशों का भाई ललन सिंह भाग निकला। तीनों बदमाश पटना की बाढ़ जिला अदालत के शौचालय की दीवार तोड़कर फरार हुए थे और बनारस में आकर छुपे हुए थे। बीते फरवरी महीने में अदालत के आदेश से रोहनिया थाने की पुलिस ने ललन के घर जाकर उसकी संपत्ति की कुर्की की थी। इसके बाद भी ललन अदालत में हाजिर नहीं हुआ तो उसके खिलाफ रोहनिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

## गंगा में डूब रहे बच्चे को पीएसी जवानों ने बचाया

**वाराणसी।** चौसट्टी घाट पर डूब रहे बच्चे को पीएसी के जवानों ने बचा लिया। बच्चे का नाम मो इकबाल पुत्र शाहिद जुनेद बताया जा रहा है। जो वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ी तालाब का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौसट्टी घाट पर स्नान के दौरान एक बच्चा डूबने लगा। आसपास के लोगों बच्चे को डूबते देखकर शोर मचाया। मौके पर मौजूद 34 वाहिनी पीएसी के फ्लड कंपनी के जवान धर्मवीर कुमार,अनिल कुशवाहा और भगवान वर्मा ने तुरंत पानी मे छलांग लगाकर बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया। पुष्कर मेले के दृष्टिगत वाराणसी के विभिन्न घाटों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। घाटों पर यूपी पुलिस, पीसीएस, एनडीआरएफ एवं सामाजिक संस्थाओं को विभिन्न घाटों पर लगाया हैं। सही वजह है कि पीएसी के जवानों की तत्परता से बच्चे को बचाया जा सका।

## जाओ कान्हा करो ना मोसे रार...

**वाराणसी।** प्रख्यात गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में महमूरगंज में आयोजित ठुमरी महोत्सव की तृतीय निशा की शुरुआत शिलीगुड़ी की शिष्या, मैत्री तालुकदार के गायन से हुआ। उन्होंने ठुमरी पेश की।बोल थे, "एसो निठुर मोरा श्याम न आए, जीया न धारत अब धीर" और "रंग दी सारी गुलाबी... व "रखियो बालम यही नजरिया उसके बाद मुंबई से आई कथक नृत्यांगना सुश्री श्रेष्ठा त्रिपाठी, बनारस की पुरानी दादरा, "जाओ कान्हा करो ना मोसे रार.." पर नृत्य किया। लंदन से आई हुई फरजाना शिफत ने दादरा "श्याम तोहे नजरिया लग जायेगी" और होरी "रंग डरूंगी.."उसके बाद सोमा घोष ने अपने मधुर स्वर में काशी के नाथ, विश्वनाथ को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर ठुमरी महोत्सव को उनके चरणों में समर्पण किया । उन्होंने ठुमरी, "न न मानूंगी, न मानूंगी , उनके मनाए बिना" फिर दादरा "मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे "तत्पश्चात बेगम अख्तर की ठुमरी अंग की गाई हुई कुछ अमर गीत पेश की। उनके संगतकार अनीश पं. पंकज मिश्रा हारमोनियम पर और पंडित ललित कुमार, नाजिश हुसैन खान तबला और सारंगी पर पंडित संदीप मिश्र ने संगत की।

# युवक को घर बुलाकर प्रेमिका और उसके पति ने हत्या की

**जघन्य**

## वाराणसी का युवक प्रेमिका से मिलने लखनऊ से पहुंचा था सुल्तानपुर

**दानगंज।** चोलपुर थाना क्षेत्र के बनतरी मजरे दानगंज निवासी प्रेमी को शादी शुदा प्रेमिका ने पति की मौजूदगी में कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। प्रेमी हिमालय कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर तैनात था और लखनऊ से ही सुल्तानपुर पहुंचा था। हत्याकांड की सूचना हत्यारोपियों ने खुद थाने पहुंचकर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया और वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की

चोलपुर थाना क्षेत्र के बनतरी मजरे दानगंज निवासी गंगा प्रसाद चौबे (42) लखनऊ में हिमालय कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर तैनात था। गंगा प्रसाद का सुल्तानपुर जिले के फतेहपुर संगत चपरहवा निवासी प्रदीप निषाद की पत्नी पद्मावती के साथ अवैध संबंध था। इसकी जानकारी प्रदीप को हो गई थी। जिसे लेकर घर में विवाद चल रहा था। शनिवार को पद्मावती ने गंगा प्रसाद को फोन करके घर मिलने के लिए बुलाया था। रात करीब नौ बजे गंगा प्रसाद लखनऊ से फतेहपुर संगत चपरहवा गांव प्रदीप के घर पहुंचा था। रात में गंगा प्रसाद चौबे का हाथ पैर बांधने के बाद उसे जमकर पीटा। रविवार की भोर में करीब साढ़े तीन बजे पिटाई के बाद दंपती उसे गांव से बाहर चकमार्ग पर लेकर पहुंचे और कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना दंपती खुद थाने देने पहुंच गए। दंपती को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर लिया गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

### मुंबई में हुई जान पहचान

बनतरी निवासी हरिनाथ प्रसाद दुबे को गोसाईंगंज थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह गंगा प्रसाद चौबे की हत्या की सूचना फोन से दी। सूचना के बाद हरिनाथ अपनी बहू रीता चौबे के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनका बेटा मुंबई में नौकरी करता था। मुंबई के शांतिवली में बेटा रहता था पड़ोस में ही पारस निषाद का मकान भी था। मकान में पारस निषाद का भाई प्रदीप निषाद अपनी पत्नी पद्मावती और बच्चों के साथ रहता था। वहीं से गंगा प्रसाद और प्रदीप में जान पहचान हुई थी। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे से प्रदीप ने रुपये लिए थे। रुपये देने के लिए प्रदीप ने उनके बेटे को बुलाया था। उन्हें नहीं पता बेटे गंगा प्रसाद को लखनऊ से बुलाकर क्यों हत्या कर दी। पति की हत्या की सूचना मिलने के बाद रीता चौबे गोसाईंगंज थाने पहुंची। पति का शव देखकर वह बेसुध हो गई। उसके मुंह से कुछ भी नहीं निकल रहा था। उसके साथ आए लोगों ने बताया कि गंगा प्रसाद की दो बेटी और एक बेटा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-बौरई वि0 ख0-सुजानगंज, जौनपुर**

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समरसिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्युम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-मंजू यादव　　ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अशोक कुमार शर्मा



# वाराणसी

# कानून व्यवस्था, विकास, बुनियादी सुविधाएं व जनकल्याण भाजपा की शीर्ष प्राथमिकता

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्रीय कार्यालय में उम्मीदवारों और पदाधिकारियों को दिया जीत का मंत्र

**बोले मुख्यमंत्री**

**कहा : तय मुद्दों पर निकाय चुनाव में जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें संगठन के प्रत्याशी**

**पीएम मोदी के नेतृत्व-मार्गदर्शन में नौ साल में देश-प्रदेश के लोगों ने बदलते देखा है माहौल**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमारे पास कानून व्यवस्था और विकास का बेहद मजबूत आधार है। सशक्त कानून व्यवस्था, विकास, बेहतरीन बुनियादी सुविधाएं और जनकल्याण भाजपा की शीर्ष प्राथमिकता है। पार्टी प्रत्याशी नगरीय निकाय चुनाव में इन्हीं मुद्दों पर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। हमें सभी निकायों में भाजपा के स्पष्ट बहुमत का बोर्ड बनवाने पर भी गंभीरता से ध्यान देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में नौ साल में जनता ने देश, प्रदेश एवं काशी के बदलते माहौल को देखा है। बनारस में आ रही विकास की हरएक योजना धरातल पर उतरें, इसके लिए जरूरी है कि डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन भी इसमें जुड़ जाए।

एकदिनी दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे सीएम योगी रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में वाराणसी महानगर और नगर पंचायत गंगापुर के सभी वार्डों के पार्षद और सदस्य सीटों समेत महापौर एवं अध्यक्ष पदों के प्रत्याशियों लिए की गयी तैयारी बैठक में की जानकारी लेने के बाद उम्मीदवारों को जीत का मंत्र दे रहे थे। उन्होंने बनारस में कराये गये विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि इसी बदलते माहौल में अबकी निकाय चुनाव में आपके साथ भाजपा की डबल इंजन सरकार की ताकत है। इस चुनाव में एक और इंजन जोड़कर हर निकाय क्षेत्र में ट्रिपल इंजन सरकार का गठन करना है। जनता के बीच यह संदेश स्पष्ट होना चाहिए कि ट्रिपल इंजन सरकार विकास और जनकल्याण को बुलेट ट्रेन की रफ्तार देने की गारंटी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी निकायों में अभूतपूर्व विकास कार्यों संग जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवितों की वृहद सूची है। जनसंवाद के जरिये सरकार की उपलब्धियों को परिणाम में बदलने के लिए जिम्मेदारी के साथ हरएक कार्यकर्ता को जुड़ना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजबूत कानून व्यवस्था और बिना भेदभाव विकास एवं जनकल्याण ही चुनाव में मुद्दा होगे हमें सिर्फ इसी पर ध्यान देना है।

सुरक्षा के माहौल में खूब विकास हो रहा है और सभी पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच बने रहना है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में संगठन की बैठक में प्रत्याशियों व पदाधिकारियों को निकाय चुनाव में जीत की टिप्स दी

### जनता को बताएं सरकार के कार्य

भाजपा के रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी उम्मीदवारों व पदाधिकारियों को चुनावी टिप्स देते हुए कहा कि गौरव की अनुभूति हो रही है हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मिल रहा है। इलेक्शन के दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार के कार्यों को बताएं। यह संदेश स्पष्ट होना चाहिए कि कमल का निशान जीतेगा तो और विकास लेकर आएगा। एक-एक योजना की उपलब्धि सभी तक पहुंचनी चाहिए। पार्टी वर्करों के परिश्रम व केंद्र-राज्य के कार्यों के बल पर अब विधानसभा चुनाव की तरह निकाय चुनाव का परिणाम आएगा। प्रत्येक निकाय में बहुमत का बोर्ड भी भाजपा का ही बनाना है। जनहित में ऐसा होना आवश्यक है। सो, बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे लक्ष्य के प्रति लगातार आगे बढ़ते रहना है।

### मतदान के लिए प्रत्येक को करें जागरूक

सीएम योगी ने बैठक में शासन की ओर से कराये गये कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने जनआकांक्षाओं के अनुरूप नए नगर निकायों का सृजन, कई पुराने निकायों का सीमा विस्तार समेत बगैर भेदभाव विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हरएक तबके तक पहुंचाया गया है। जनता सकारात्मक बदलाव महसूस कर रही है। प्रत्येक भाजपाई हरएक वोटर को मतदान के लिए प्रेरित करें। चुनाव प्रचार के साथ ही मतदाताओं को पोलिंग के लिए जागरूक करने का अभियान जारी रहना चाहिए। अधिक से अधिक वोटिंग लोकतंत्र की समृद्धि के लिए आवश्यक है। गर्मी होने के बावजूद मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

### सीएम ने मंदिरों में किया पूजन-अर्चन

**वाराणसी।** एकदिनी दौरे पर रविवार को अपराह्न वाराणसी पहुंचने के तुरंत बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन किया। उसके बाद मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम में महामंडलेश्वर संतोष दास महाराज की माताजी के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसी क्रम में उन्होंने कालभैरव मंदिर में मत्था टेका। उसके बाद शाम को रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में चुनावी तैयारी बैठक करने के बाद लखनऊ रवाना हो गये।



### सुबह-शाम जनसंपर्क, दोपहर को हो टोली संवाद

भाजपा की मीटिंग में मुख्यमंत्री योगी ने चुनाव में जीत का फॉर्मूला समझाते हुए जनसंपर्क और संवाद पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए सभी प्रत्याशी व पदाधिकारी सुबह व शाम घर-घर जनसंपर्क करें। दोपहर में सामाजिक टोली के रूप में समाज के अलग-अलग तबके के लोगों के साथ बैठक कर संवाद किया जाय। इस मुहिम में कोई भी समुदाय छूटना नहीं चाहिए। सभी सांसद-विधायक अपने-अपने इलाके के निकाय में पार्टी प्रत्याशी की जीत दर्ज कराना सुनिश्चित करें। संगठन पदाधिकारी ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को भी निकाय चुनाव में लगाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपें। पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रत्येक वार्ड में एक नुक्कड़ सभा हो।

### बैठक में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

दिलीप सिंह पटेल, विद्यासागर राय, हंसराज विश्वकर्मा, गोविंद नारायण शुक्ल, डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पूनम मौर्या, अशोक धवन, डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, टी.राम, सुनील पटेल, अशोक तिवारी, स्नेहलता सेठ, शंकर गिरी, मीना चौबे, मनीष कपूर, अशोक चौरसिया, सुशील त्रिपाठी, जगदीश त्रिपाठी, शतरुद प्रकाश शिवनाथ यादव, चेतनारायण सिंह, केदारनाथ सिंह, सुरेंद्र नारायण सिंह, संजय राय, नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर आदि।

# तमिल समाज ने किया सामूहिक गंगा पूजन

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**अस्सी से पंचगंगाघाट पर लगे बजड़े**

**सनातन धर्म से ही लोक कल्याण संभव - ब्रह्मश्री श्रीनिवास बग्गारमया**

**गंगा पूजन, अर्चन, हवन के साथ शंकराचार्य जयंती व पुष्कर महोत्सव**

**छोटानागपुर वाटिका में गंगा पुष्कर महोत्सव का तीसरा दिन**

**वाराणसी।** जगद्गुरु आदिशंकराचार्य भक्त समाज एवं तत्वम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भारतीय तीर्थ स्वामी एवं जगद्गुरु विधु शेखर भारती महास्वामी के आशीर्वाद से काशी में पहली बार आदिशंकराचार्य की जयंती और पुष्कर महोत्सव रविवार को प्रातः अस्सी घाट से पंचगंगा घाट तक बजड़े पर बड़ी संख्या में तमिल बंधुओं ने विधि-विधान से संकल्प लेकर स्नान आदि के बाद सामूहिक रूप से गंगा पूजन किया। 12 वर्षों के बाद मेष राशि में रविवार को बृहस्पति का प्रवेश हुआ।

इसका मानव जीवन में विशेष महत्व है। गंगा के उस पार बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने विधि-विधान के साथ स्नान ध्यान किया। तत्पश्चात अस्सी स्थित नागपुर वाटिका में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री गौरी शारदा पीठ के आचार्य पंडित मृदुगोंडा शंकर शर्मा व पंडित कुप्पा श्रीनिवास शास्त्री की देखरेख में लोक कल्याण के लिए नक्षत्र का होम, रूद्र होम श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त, मन्युसूक्त, दुर्गासूक्त से विधि विधान के साथ पूजन अर्चन हुआ। आगामी 3 मई तक पुष्कर में स्नान दान आदि का विशेष महत्व है।

इस अवसर पर भक्त समाज के संस्थापक अध्यक्ष श्रीनिवास बग्गारमया शर्मा ने बताया कि इस अवधि में गंगा स्नान पूजन अर्चन आदि करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं। बृहस्पति की कृपा होती है और गुरु बल बढ़ता है। बताया कि सनातन धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जिससे ही लोक कल्याण संभव है। इस अवसर पर सामूहिक पूजा अर्चना भक्त समाज



के अध्यक्ष रमेश गुप्ता सदस्य मलैया गुप्ता, श्रीमती राजेश्वरि, श्रीमती लक्ष्मी, श्रीमती रेंणु, अंजनेयुलु, मल्लयया गुप्ता, शिल्पिका, श्रीराम, नागेश, प्रभाकर शर्मा, भीमसेन सहित सैकड़ों की संख्या में तमिल बंधुओं ने पूजन अर्चन किया।

रविवार की शाम नागपुर वाटिका में चल रहे प्रवचन में प्रख्यात अध्यात्मिक वेत्ता पंडित श्याम वेदम सन्मुख शर्मा ने अपने प्रवचन में भक्तों को आदि शंकराचार्य के व्यक्तित्व-कृतित्व की महत्ता पर प्रकाश डाला।



### त्रिलोचन महादेव का हुआ जल विहार शृंगार

**वाराणसी।** त्रिलोचन महादेव मंदिर में रविवार को अक्षय तृतीया पर जल विहार की झांकी सजायी गई। इस मौके पर बाबा का गर्भगृह जल से लबालब भरा गया था। बाबा का जल विहार का शृंगार का दर्शन करने के लिए शाम से ह७ी भक्तों के आने का क्रम जारी रहा। शृंगार का दर्शन रात्रि दस बजे तक चला। शृंगार की झांकी मंदिर के मुख्य पुजारी मोहन पांडेय ने की।

# रिटेल साड़ी शॉप राजहंस बनारस का भव्य उद्घाटन

**वाराणसी।** रिटेल साड़ी शॉप राजहंस बनारस का उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्रा दयालु गुरु ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि राजहंस काशी में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में पहले हजार लोग आया करते थे, अब लाखों लोग आते हैं। वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र में हुए इस शॉप के शुभारंभ के अवसर पर संस्थापक आशीष मालू और श्रेष्ठ साध ने पत्रकारों को बताया कि आज से ठीक एक साल पहले राजहंस डिजाइन स्टूडियो होलसेल की स्थापना हुई थी। महज एक वर्ष में एक छोटे से फैशन हाउस द्वारा 10 राज्यों में अपने यहां की डिजाइन साड़ियों की सप्लाई कर रहा है। उन्होंने बताया कियहां आने वाले बहुत से ग्रहकों को यहां की डिजाइनर साड़ियां बेहद पसंद आती थी लेकिन मिनिमम 5 कलर सेट के कारण वह नहीं ले पाते थे, फिर हमें लगा कि एक रिटेल आउटलेट भी होना चाहिए इसलिए हमने राजहंस बनारस की स्थापना की, शॉप में साड़ियां सूट्स कुर्ती इंडो वेस्टर्न गाउन ड्रेस मटेरियल दुपट्टा की वृहद रेंज के साथ-साथ बनारसी साड़ियों की उत्कृष्ट रेंज भी है। राजहंस एथेनिक गारमेंट का एक पूरी तरह से भरा हुआ फैशन हाउस है। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार मालू श्रीमती कांता मालू श्रीमती पारिशा मालू आदित्य मालू मृदुला मालू ओम प्रकाश, निष्ठा, आदर्श सहित नगर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।





रविवार को बनारस में तेज हवाओं के चलते मौसम अच्छा तो रहा, लेकिन घाटों पर अंधड़ चलने से लोगों को परेशानी हुई

# दलों के लिए खास बनी बनारस की सीट

जनसंदेश न्यूज

**ठोक रहे खम**

**निकाय चुनाव पर टिकीं सबकी निगाहें, दिग्गज नेताओं का होने लगा जमावड़ा**




**वाराणसी।** निकाय चुनाव में बनारस की सीट राजनीतिक दलों के लिए खास बन गई है। आने वाले 2024 के आम चुनाव को देखते हुए इस सीट पर सभी बड़ी पार्टियों की निगाहें टिकी हैं। जिसके लिए शहर में दिग्गजों का जमावड़ा होना स्वाभाविक है। आलाकमान की ओर से भी चुनाव संबंधी प्रतिदिन की जानकारी ली जा रही है।

प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने की वजह से बनारस में छोटे से छोटा होने वाला चुनाव भी नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना जाता है। इसी प्रकार निकाय चुनाव में भी सभी दल अपनी ताकत छोकने में जुट गए हैं। इसी के मद्देनजर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी दौरा काशी में हुआ। इसके पूर्व सपा के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर ओम प्रकाश सिंह को पार्टी ने निकाय चुनाव की जिम्मेदारी सौंप दी। शुक्रवार को हुए प्रेसवार्ता में उन्होंने साफ तौर पर बीजेपी पर निशाना साधते हुए पार्टी के पक्ष में लोगों का समर्थना मांगा। वहीं कांग्रेस की ओर से भी धुंआधार प्रचार शुरू कर दिया गया है। राजनीतिक पंडितों की माने तो चुनाव के अंतिम दौर में बड़े राजनीतिक दलों के प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को भी बनारस में चुनाव प्रचार करते देखा जा सकेगा। इसमें भाजपा, सपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता बनारस में प्रचार करते नजर आ सकते हैं। बता दें कि इस बार नगर निगम में शामिल हुए नए वार्ड महापौर पद के लिए निर्णायक भुमिका निभा सकते हैं। इसके लिए राजनीतिक दलों की ओर से अलग से कार्यकर्ताओं के एक विशेष दल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसकी बकायदा मॉनिटरिंग भी कराई जा रही है। भाजपा ने इस बार पार्टी की ओर से अशोक कुमार तिवारी, सपा ने ओम प्रकाश सिंह और कांग्रेस ने अनिल श्रीवास्तव को महापौर पद का दावेदार बनाया है। जबकि आम आदमी पार्टी से शारदा टंडन, बसपा से सुभाष चंद माझी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से आनंद कुमार तिवारी भी मैदान में हैं। इसके अलावा महापौर पद के लिए पांच निर्दल उम्मीदवार भी मैदान में हैं। कुल 11 महापौर पद के उम्मीदवारों के अलावा 100 पार्षद सीटों पर सभी दलों व निर्दलियों को मिलाकर कुल 636 प्रत्याशी मैदान में है।

### सपा ने चुनावी तैयारियों को लेकर की बैठक

**वाराणसी।** नगरीय निकाय निर्वाचन को लेकर समाजवादी पार्टी ने रविवार की शाम सिगरा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में चुनाव संचालन समिति समेत चुनाव प्रभारियों की बैठक की। उसमें पार्टी प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ गहन मंथन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में हमारे उम्मीदवार भाजपा प्रत्याशियों से बहुत कम वोटों के अंतर से हारे थे। 2012 एवं 2017 के विस इलेक्शन की तुलना में सपा कैंडीडेट्स को प्रत्येक विस में दोगुने से ज्यादा वोट मिले। सपा का वोट प्रतिशत पिछले चुनाव के अपेक्षा 2022 के चुनाव में काफी अच्छा रहा है। अबकी शहर की मूलभूत सुविधाओं व विभिन्न समस्याओं को लेकर सपा चुनाव लड़ रही है। मीटिंग में रामकिशुन यादव, कैलाशनाथ यादव, लालबिहारी यादव, दिलीप डे, मनोज राय धूपचंडी, डॉ. बहादुर सिंह यादव, सुजीत यादव 'लक्कड़', डॉ. उमाशंकर यादव, डॉ. ओपी सिंह, प्रदीप जायसवाल, संतोष यादव बबलू एडवोकेट, विष्णु शर्मा आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।









# ई-लॉटरी से तय हुई एडमिशन की सीट

**आयोजन**

### सीएचएस गर्ल्स एवं ब्वॉयज और श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय में बच्चों के प्रवेश के लिए अपनायी गयी पारदर्शिता

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू के कमच्छा स्थित शिक्षा संकाय के चाणक्य सभागार में रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से संबद्ध विद्यालय श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय (क), सेंट्रल हिन्दू ब्वॉयज स्कूल (क) और सेंट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल (क) में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीएचएस गर्ल्स के प्राइमरी में एलकेजी की 120 सीटों, सीएचएस ब्वॉयज बरकछा में नर्सरी की 40 सीटों, श्रीरणवीर संस्कृत विद्यालय में कक्षा-1 के 40, सीएचएस गर्ल्स में कक्षा-6 के 83 और सीएचएस ब्वॉयज के कक्षा-6 में प्रवेश के लिए 90 सीटों पर ई-लॉटरी के द्वारा प्रवेशार्थियों का चयन किया गया। यह आयोजन श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय (क) की ओर से था।



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से संबद्ध तीन विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश के लिए रविवार को लॉटरी प्रक्रिया से सीटों का निर्धारण किया गया

इस मौके पर स्कूल बोर्ड की उपाध्यक्षा प्रो. सुषमा घिल्डियाल एवं अन्य सदस्य, लॉटरी समिति अध्यक्ष प्रो. राकेश रमण, सदस्य प्रो. संजय कुमार, प्रो. जीपी सिंह, प्रो. अखिलेश कु. पाल, प्रो. चिन्मय कु. राय, डॉ. नंदलाल आदि रहे। आरंभ में प्रो. जीपी सिंह ने ई-लॉटरी प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही कहा कि यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष व पारदर्शी है।

# कैंट स्टेशन पर पुरस्कारों की बौछार



**सम्मान**

### संरक्षा पुरस्कार वितरण एवं संरक्षा सेमिनार में 11 संरक्षा कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन)पर मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा रविवार को संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया इसके साथ ही उत्कृष्ट रेल सेवाएं प्रदान करने वाले 11 संरक्षा कर्मियों को संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया।

मंडल के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस सेमिनार में मंडल के अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर सभी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया। सेमिनार में संरक्षा संबंधी अनेक बिंदुओं जैसे दुर्घटनाओं के कारण और उनका निवारण, आपात स्थिति की रोकथाम और उससे बचाव, संरक्षा संबंधी समस्त नियमों का पूर्णतया पालन, मंडल में दुर्घटनाओं को घटित होने से रोकने संबंधी उपाय जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव एवं निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त संरक्षा संबंधी सराहनीय कार्य करने वाले मंडल के 11 कर्मचारियों को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी मनीष शर्मा एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) रंजीत कुमार द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया।

## संक्षेप

### परामर्श शिविर में लाभाविन्त हुई प्रसूता



**वाराणसी।** रविवार को निःशुल्क प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं निःसंतान दंपत्ति के लिए परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। जेपी मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल एवं अथर्व इंफर्टिनीटी सेंटर के तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय ऐढ़े में आयोजित शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क दवा का वितरण कराया गया। बीएचयू की पूर्व सीनियर रेजिडेंट व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.संध्या यादव एवं अन्य चिकीत्सक टीम द्वारा स्त्री रोगों से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु परामर्श दिया गया। कुल 56 मरीजों में सर्वाधिक 27 महिलाओं में महावारी संबंधी अनियमितताएं पाई गई। डॉ संध्या ने बताया कि पीसीओडी के कारण महिलाओं में बांझपन,अनियमित महावारी एवं मोटापा की समस्याएं होती हैं। शिविर में पूर्व प्रधान प्रदुम पांडेय,जगदीश यादव, प्रवीण पाण्डेय दादा, प्रतिभा पाण्डेय, साजिद अली आदि थे।

### 'आप' की नुक्कड़ सभाएं कल से

**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी यानि 'अप' के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह ने बताया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन में संगठन पूरे दमखम के साथ जनसंपर्क में जुटा हुआ है। वार्डों में कार्यकर्ता और उम्मीदवार घर-घर जाकर संगठन की नीतियां और कार्यों की जानकारी दे रहे हैं। श्री सिंह ने दावा किया कि पार्टी को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और इस इलेक्शन में 'आप' को भारी सफलता मिलेगी। वार्डों में नुक्कड़ सभाओं का सिलसिला सोमवार के बाद शुरू होगा।

## संक्षेप

### महिला डॉक्टर से वार्ड ब्वॉय ने किया दुर्व्यवहार

**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में शनिवार को डीएनवी पीडिया की महिला डॉक्टर से वार्ड ब्वाय ने दुर्व्यहार किया। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। साथ के डॉक्टरों ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस चौकी पर किया। डीएनवी पीडिया की महिला डॉक्टर शनिवार को वार्ड में मरीज को देखने गयी थी। इसी बीच वहां पर तैनात वार्ड ब्वाय ने उन्हें अपशब्द बोलते हुए दुर्व्यहार किया। इसके बाद छात्रा व उनके साथ के अन्य छात्र परिसर में स्थित पुलिस चौकी पर शिकायत किया। इस पर पुलिस ने वार्ड ब्वाय को चौकी पर बैठा लिया। चौकी इंचार्ज का कहना है कि उनके यहां शिकायत पहुंची थी। लेकिन अस्पताल के एसआईसी डॉ एसपी सिंह से बात करने पर बताया कि दोनों पक्ष में समझौता हो गया है।

### एम्बुलेंस में नवजात को दिया जन्म

**चिरईगांव।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा 108,102 नम्बर की एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध करायी गयी है। बीती शनिवार की देर रात्रि 1.30 बजे में 108 नम्बर की एम्बुलेंस से गर्भवती छितौना निवासी कुसुम पत्नी विजय प्रसव हेतु पीएचसी चिरईगांव आ रही थी। इसी बीच रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज होने पर पचरांव गांव के पास एम्बुलेंस रोककर ईएमटी शिवकुमार, आशा कार्यकर्ता ललिता और पायलट प्रवीण पाठक के सहयोग से सुरक्षित प्रसव कराया गया ।उसके बाद जच्चा बच्चा दोनों पीएचसी चिरईगांव पर भर्ती कराया गया ।जहां दोनों सुरक्षित हैं।

### 'जहां आनन्द है वहीं परमानंद'

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में रविवासरीय गीता प्रवचन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू में गणितीय विज्ञान विभाग के प्रो. संजय कुमार पांडेय ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि श्रीभगवान बोले, दोष दृष्टि रहित भक्त के लिए परम गोपनीय विज्ञान सहित ज्ञान को पुनः भली-भांति कहुंगा, जिसे जीव जानकर दुख रूपी संसार से मुक्त हो जाता है। जहां आनंद है वहीं परमानंद है। आरंभ में प्रो. शरदिंदु कुमार तिवारी के संचालन में प्रो. सुमन जैन स्वागत किया। सत्यनारायण पांडेय ने गीता पाठ किया। इस अवसर पर प्रो. रुद्रप्रकाश मलिक की प्रमुख उपस्थिति रही। अंत में प्रो. मृत्युंजय देव पांडेय ने आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय अधिवेशन में बनारस के 500 शिक्षक भाग लेंगे

**वाराणसी।** अगले माह 12 मई को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षक संघ के 29 वें त्रैवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन होगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह ने बताया की इस अधिवेशन में बनारस जिले से 500 शिक्षक भाग लेंगे। बताया की अधिवेशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। संभावना जताई जा रही है की राष्ट्रीय अधिवेशन में पुरानी पेंशन की बहाली, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को स्थायी शिक्षक बहाली सहित अन्य मांगों कर मुहर लग सकती है। राष्ट्रीय अधिवेशन का नेतृत्व भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह, महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडेय, महामंत्री उमाशंकर सिंह संजय मिश्रा करेंगे।

### जेएस उपाध्याय अध्यक्ष व राजू बाबू बने मंत्री



**वाराणसी।** फार्मेसिस्ट फेडरेशन यूपी जनपद शाखा वाराणसी का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव रविवार को एसएसपीजी जिला चिकित्सालय में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में समस्त विधाओं के फार्मेसिस्ट एवं चीफ फार्मेसिस्टों ने भाग किया। जिसमें सर्वसम्मति से जेएस उपाध्याय अध्यक्ष व राजू बाबू मंत्री बने। इस अवसर पर वक्ताओं ने फार्मेसिस्ट समाज में व्याप्त समस्याओं के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए फार्मेसिस्ट फेडरेशन यूपी जनपद शाखा वाराणसी के बैनर तले एकजुट करने का संकल्प लिया। मंत्री राजू बाबू ने कहा कि फार्मासिस्टों की समस्याओं के प्रति हमेशा आवाज उठायी जायेगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर उनकी आवाज उठायी जायेगी। चुनाव में अनिल कुमार पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित कुमार पांडेय उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश संयुक्त मंत्री, जितेंद्र कुमार संगठन मंत्री, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, रामकरन ऑडिटर के पद पर चुने गये। डा. आनन्द मोहन मिश्र जनपद संरक्षक मनोनीत हुए। उक्त कार्यक्रम में डा. राजेश कुमार यादव, राकेश कुमार सिंह, शिव प्रसाद एवं विमल कुमार तिवारी उपस्थित रहे।



# अक्षय पुण्य के लिए लगाई डुबकी

**आस्था**

### किया गया दान-दक्षिणा, पितरों को किया नमन, घाटों पर रही भीड़



**वाराणसी।** अक्षय पुण्य के फल की प्राप्ति के लिए रविवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगायी और घाटों पर अपने सामर्थ्य के मुताबिक दान-पुण्य भी किया। गंगा घाटों पर स्नान के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही। इनमें खास कर दशाश्वमेधघाट, प्रयागघाट, अहिल्याबाई घाट, अस्सी घाट, तुलसीघाट, पंचगंगा घाट, त्रिलोचन घाट, गायघाट, प्रहलादघाट, राजघाट पर भीड़भाड़ रही। घाट पर लोगों के आने का सिलसिला प्रातःकाल से ही शुरू हो गया था जो दोपहर तक जारी था। इस दिन लोगों ने ब्राह्मणों को जल से भरा कलश, नवीन वस्त्र, पंखा, छाता, खड़ाऊ, चावल, दही, खरबूज, तरबूज, सत्तू जौ व गेहूं तथा चना गुड़ आदि वस्तुओं का दान किया। कहते है कि इस दिन दान करने से वह अक्षय बन जाता है। इस दिन लोगों ने स्वर्ण (सोना ) की भी खरीदारी की। इसके साथ ही लोगों ने मान्यता के मुताबिक भगवान परशुराम की जयंती भी मनायी। इस दिन शिव-पार्वती के साथ भगवान विष्णु की भी पूजा अर्चना की गई।

# संपूर्णानंद में शासन स्तर से गठित समीक्षा समिति की हुई बैठक

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के विकास और कमियों को दूर करने के लिए शासन स्तर से समीक्षा समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में रविवार को समिति की बैठक कुलपति कार्यालयीय कक्ष में जूम एप पर ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजित की गयी। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर संपूर्ण परिसर को स्वच्छ और उत्कृष्ट बनाने के लिये उक्त कमेटी का गठन किया गया है। आप सभी लोग मिलजुलकर आपसी सामन्जस्य जोड़कर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये विवि के गरिमा में उत्कृष्ट कार्य योजना को सफल बनायें, स्वच्छता में अपने निकट या आसपास ध्यान दें और हर संभव इसे बेहतर बनाने का सफल प्रयास करें। परिसर में मवेशियों के संबंध में जो दिशा निर्देश दिया गया है उसका पालन करें। गोबर-उपले आदि कहीं नहीं दिखायी देना चाहिये। यह विश्वविद्यालय आप सभी का है इसी से सभी के परिवार का पालन-पोषण हो रहा है इस संस्था की रक्षा करें तथा विवि के शैक्षिक एवं अनुसंधान के स्तर को विश्व स्तर पर (अंतराष्ट्रीय फलक) स्थापित करने का योगदान दें। बैठक में कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक एवं प्रीक्षा नियंत्रक सहित अन्य मौजूद रहे।

# मानसरोवर घाट पर उमड़े दक्षिण भारतीय



**गंगा पुष्कर कुंभ**

### रामतारक आन्ध्रा आश्रम पूरी तरह खचाखच भरा

### जिन्हें जगह नहीं मिली उन लोगों ने घाट को बनाया ठिकाना

**वाराणसी।** काशी तेलुगू समिति व श्रीराम तारक आन्ध्रा आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुष्करलू पर्व को लेकर रविवार को मानसरोवर घाट पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। रामतारक आन्ध्रा आश्रम भी पूरी तरह से भरा हुआ है। जिन लोगों को आश्रम में जगह नहीं मिली उन लोगों ने मानसरोवर घाट को ही अपना ठिकाना बना लिया था। रामतारक आन्ध्रा आश्रम इस दौरान मानसरोवर घाट पर आयोजित यह अनुष्ठान महोत्सव चारों वेदों के उद्घघोष से गूंजता रहा। इनमें बहुत सारे ऐसे लोग भी थे जिन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। काफी लोग संकल्प के साथ गंगा स्नान कर दान-पुण्य भी कर रहे थे। घाट पर एकदम मेले जैसा माहौल था।

इस अवसर पर तेलुगू समिति के गौरवाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद जीवीएल नरसिंहांराव व उनके प्रतिनिधि, समिति के उपाध्यक्ष प्रो नरसिंघ मूर्ति व वीएस सुब्रमण्यम मणि, सचिव वीवी सुन्दर शास्त्री, सह सचिव द्वय तुलसी गजानन जोशी, डा वेणु गोपाल आदि मौजूद थे।

### विद्यालयों को आजीवन डिबार करने पर जताई नाराजगी

**वाराणसी।** प्रदेश के कुछ विद्यालयों को एसटीएफ के रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड परीक्षा में केंद्र बनाने से डिबार कर दिया गया था, परंतु अब उन विद्यालयों को आजीवन डिबार कर दिया गया, जिसपर आपत्ति व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षक नेता सुधांशु शेखर त्रिपाठी द्वारा शासन को ईमेल कर उन सभी आदेशों को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 14 दिसंबर 2022 के पत्र द्वारा जिलाधिकारियों को एसटीएफ के द्वारा बताई गई प्रतिकूल तथ्यों वाले विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाने का निर्देश दिया गया था। एसटीएफ के द्वारा लिखा गया था कि गिरफ्तार किए गए नकल माफिया के मोबाइल के डाटा विश्लेषण से प्राप्त परीक्षा केंद्र जिस पर राजस्व लेखपाल एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन हुआ है। उसे पुनः 23 मार्च 2023 के सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पत्र द्वारा समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व सभी संस्थाओं को माध्यमिक शिक्षा परिषद की सेवाओं से आजीवन डिबार कर दिया गया है। बताया कि जनपद में कुल 32 विद्यालयों को आजीवन डिबार किया गया है, जिसमें 22 माध्यमिक विद्यालय और 10 सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय हैं।

### म्हारे घर आओ जी प्रीतम प्यारे...

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस आनंद कानन के संयुक्त तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में कर्नाटक से पधारी कलाकार सुश्री तेजस्वनी दिगम्बर वर्नेकर का गायन हुआ। सुश्री तेजस्वनी ने गायन का प्रारंभ राग विहाग में किया। बन्दिश की ठुमरी के बोल थे- देखो सखी कन्हैया रोके थाड़ों है गईले । अगली प्रस्तुति राग विहाग में तराना से किया। इसीक्रम में अगली प्रस्तुति राम भजन से किया जिसके बोल थे राम का गुणगान करिये। इसके उपरांत मराठी अभ्रंश की प्रस्तुति की । तेजस्वनी ने अंतिम प्रस्तुति मीरा के भजन से किया। जिसके बोल थे म्हारे घर आओ जी प्रीतम प्यारे से। मोहित साहनी (हारमोनियम) पंकज राय (तबला) पर संगत किया। कलाकारों को प्रमाण पत्र संग्रहालय के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव जी ने प्रदान किया । इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष दीनदयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव व कलाकार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा तथा संचालन ललिता शर्मा ने किया।





## कार्यालय ग्राम पंचायत-बरवोपुर वि0 ख0-सुजानगंज, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-कांति मिश्रा — ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अशोक कुमार शर्मा

## कार्यालय ग्राम पंचायत-सुल्तानपुर वि0 ख0-सुजानगंज, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-अनिल कुमार पटेल — ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अशोक कुमार शर्मा

# स्वर्ण आभूषणों की खूब हुई खरीदारी


डीपी ज्वेलर्स में खरीदारी करते लोग


स्वर्ण कला केन्द्र में आभूषणों की खरीदारी करती महिलाएं


ऐश्प्रा शो-रूम में खरीदारी करते लोग

**बलिया।** जिले भर में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाया गया। दिनभर आभूषण कारोबारियों के यहां अच्छी खासी भीड़ रही। गर्मी और तेज धूप होने के बावजूद भी ग्राहक आभूषणों की दुकान पर खरीदारी के लिये पहुंच गये। इस दौरान जिले में करीब 15 से 16 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद जतायी जा रही है। इस दिन लोगों ने खूब सोना खरीदा। शहर के कासिम बाजार स्थित ऐश्प्रा शो-रूम, चौक-स्टेशन रोड स्थित डीपी ज्वेलर्स और आर्य समाज रोड स्थित स्वर्णकला केंद्र पर आभूषण खरीदारी के लिये ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इन आभूषणों के शो-रूम पर

**अक्षय तृतीया**

## ऐश्प्रा, डीपी व स्वर्ण कला पर लगी रही भीड़, 15 से 16 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद

एक से बढकर एक डिजाइन के जेवरों की खरीदारी हुई। अक्षय तृतीया के पर्व पर लोगों ने आभूषणों के विभिन्न प्रकार के डिजाइनें पसंद कर खरीदारी की। इस दिन सभी के घर में कुछ न कुछ सोना अवश्य पहुंचा। वहीं, सराफा व्यवसायियों का कहना है कि इस बार सोने-चांदी के भाव में उछाल जरुर है, लेकिन अक्षय तृतीया के मौके पर अच्छी खरीददारी हुई है। बैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप माना जाता है। इसका अपना अलग महत्व है। लक्ष्मी जी का दिन होने के नाते इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन सोने की खरीद से लक्ष्मी जी की कृपा बरसाती हैं। इसे देखते हुए सराफा कारोबारियों ने बाहर से नई वेराइटियां पहले से ही मंगवा ली थीं। अक्षय तृतीय पर सर्राफा बाजार खुलते ही सुबह से सराफा प्रतिष्ठान गुलजार होने लगे। देर रात तक दुकानों पर चहल पहल रही।

# निकाय चुनाव : आज अंतिम दिन नामांकन की मचेगी होड़

**बलिया।** निकाय चुनाव में नामांकन के लिए दो नगर पालिकाओं और 10 नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद तथा सभासद पद के प्रत्याशी जी-जान से जुटे हुए है। नामांकन में केवल अब एक दिन शेष बचा हैं। इसको लेकर चुनाव की तैयारी करने वाले दावेदारों की बेचैनी बढ़ गई है।

जिले में अध्यक्ष पद के 12 एवं सभासद के 195 सीटों पर उम्मीदवार अपना नामांकन कर रहे हैं। 24 अप्रैल को अपराह्न तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा किया जाएगा। 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अप्रैल को नाम वापसी होगी। 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। नगर पालिका बलिया में अध्यक्ष पद का सीट अनारक्षित है, जबकि रसड़ा पिछड़ा वर्ग के लिए सुरक्षित किया गया है। मतदान कराने के लिए एक बूथ पर चार मतदान कर्मी तैनात होंगे। इस तरह कुल 2226 कर्मचारी मतदान कराएंगे। जिला प्रशासन की नजर इंटरनेट मीडिया पर भी है। जनपद के दो नगर पालिका व 10 नगर पंचायतों में शांति तरीके से निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमले की प्रतिदिन बैठक हो रही है। 12 निकायों के 124 मतदान केंद्रों को 16 जोन व 32 सेक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा छह सुपर जोन भी बनाए गए हैं, ताकि मतदान की निगरानी बेहतर तरीके से हो सके। 30 प्रतिशत कर्मचारी अतिरिक्त भी रखे जाएंगे। 3,46,737 मतदाता 12 चेयरमैन चुनेंगे। 10 नगर पंचायतों में नगरा और रतसड़ कला नव सृजित नगर पंचायत हैं। यहां के 38597 मतदाता पहली बार नगरीय निकाय चुनाव में वोट डालेंगे।

**प्रत्याशी समेत 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज : बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत में शनिवार को बिना अनुमति के जुलूस लेकर नारेबाजी करते हुए नामांकन करने गई अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पूनम सिंह पत्नी हरेराम सिंह के खिलाफ चौकी इंचार्ज अतुल कुमार मिश्र ने बैरिया थाने में तहरीर दिया है। इस पर बैरिया पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ नामजद एवं 150 से 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 145, 148, 171एच का मामला दर्ज किया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि नगर पंचायत बैरिया के अध्यक्ष पद पर नामांकन करने गई पूनम सिंह पत्नी हरिराम सिंह के पास जुलूस निकालने व नारेबाजी कराने का कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं था। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस संबंध में कोई अनुमति नहीं लिया था और सैकड़ों समर्थकों के साथ बैरिया तहसील पर जुलूस की शक्ल में नामांकन करने पहुंची थी। निर्वाचन आयोग ने इस घटनाक्रम का स्वतः संज्ञान लिया है। इसके क्रम में चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्रा की तहरीर पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने किसी भी प्रत्याशी को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी है। ऐसा अगर भविष्य में कोई प्रत्याशी करता है तो उनके खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई होगी। आरोपियों में पूनम सिंह पत्नी हरेराम सिंह, मणिराम सिंह, संजय सिंह, जयंत सिंह, तन्मय सिंह, राहुल सिंह, तरुण सिंह, परशुराम सिंह, धर्मेंद्र पासवान, विपिन वर्मा, गोलू यादव, आनंद गोड़, सुधीर पासवान, उमेश पासवान के अलावा अज्ञात 150 से 200 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। इस कार्रवाई से प्रत्याशियों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर, निर्वाचन अधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि नामांकन के दौरान जुलूस निकालकर नारेबाजी करने की अनुमति किसी को नहीं दी गई है। अगर कोई ऐसा करता है तो निर्वाचन आयोग वीडियोग्राफी कराएगा। ऐसे लोगों पर निर्वाचन आयोग के अनुसार विधिक कार्रवाई होगी।

**द्वाबा में हो रही महापौर चुनाव की चर्चा: बैरिया।** चुनाव वाराणसी में और चर्चा बैरिया बाजार के चट्टी-चौराहों पर। जी हां, हम बात कर रहे हैं वाराणसी नगर निगम के महापौर पद के चुनाव के संदर्भ में। यहां बैरिया विधानसभा क्षेत्र के ही दो महारथी आमने-सामने ताल ठोंक रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी अशोक तिवारी क्षेत्र के छेड़ी गांव के निवासी हैं, जबकि सपा प्रत्याशी ओपी सिंह कर्ण छपरा गांव के निवासी हैं। दोनों महत्वपूर्ण दलों के प्रत्याशियों की लड़ाई वाराणसी में हो रही है। कौन जीतेगा? कौन हारेगा? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु अभी से ही बैरिया, रानीगंज, रेवती, रामगढ़, लालगंज, दोकटी, टोला शिवन राय आदि बाजारों के चट्टी-चौराहों पर वाराणसी के महापौर पद के प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर गरमा गरम बहस सुनने-देखने को मिल रही है। ऐसा लग रहा है कि यह चुनाव वाराणसी में नहीं, बल्कि क्षेत्र में हो रहा है। दोनों प्रत्याशियों का अपने गांव घर से गहरा नाता है। दोनों लोग अक्सर अपने गांव आते हैं। शादी विवाह और हर तरह के आयोजनों में भाग लेने का अवसर दोनों लोग नहीं गवांते हैं। इसलिए यहां चुनाव की चर्चा होना लाजमी है। ओम प्रकाश सिंह व अशोक तिवारी दोनों अलग-अलग गांव के हैं, लेकिन दोनों गांव में लोगों द्वारा हार-जीत की चर्चा जोरों पर है। कोई किसी को हरा रहा है तो कोई किसी को जीता रहा है। ऐसे में ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो आगे की बात है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में यहां से सैकड़ों लोग चुनाव प्रचार के लिए वाराणसी जा चुके हैं।

## अध्यक्ष पद के तीन प्रत्याशियों ने भरा पर्चा



**बैरिया।** स्थानीय तहसील में रविवार को नगर पंचायत बैरिया के अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष सहित तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जबकि एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा। वही, सभासद पद के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तीन प्रत्याशियों ने सभासद पद का प्रपत्र खरीदा। अध्यक्ष पद के लिए शांति देवी पत्नी शिवदयाल वर्मा, अंकिता देवी पत्नी शिव बहादुर वर्मा, लाल झरी देवी पत्नी तुलसी वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, ममता देवी पत्नी हरि कंचन सिंह ने नामांकन पत्र खरीदा। इसी तरह वार्ड नंबर एक से छह वार्ड तक व 11 से 15 वार्ड तक सभासद के एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 10 नंबर वार्ड से दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। वही, सभासद पद के लिए दो नामांकन पत्र खरीदा गया। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी आत्रेय मिश्र ने दी है।

## तहसील मुख्यालय पर रही गहमागहमी



**रसड़ा।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर रविवार को नगर निकाय चुनाव के नामांकन को लेकर काफी गहमागहमी रही। अध्यक्ष पद के लिए बसपा से विनय शंकर जायसवाल और सपा से गोविंद मद्धेशिया, निर्दलीय लक्ष्मी देवी समेत तीन अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बसपा प्रत्याशी विनय शंकर जायसवाल श्रीनाथ बाबा मंदिर में माथा टेकने के बाद अपने समर्थकों के साथ रोशन शाह, ब्रह्म स्थान, मुंसफी तिराहा, स्टेशन स्टेशन रोड होते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। उन्होंने एसडीएम कोर्ट में विधायक उमाशंकर सिंह के साथ नामांकन दाखिल किया। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गोविंद मद्धेशिया ने पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह, जिलाध्यक्ष राज मंगल यादव, अनुराग गर्ग, संतोष आदि के साथ नामांकन किया। वहीं, सभासद पद के लिए दर्जनों प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

## अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी ने खरीदा पर्चा

**सिकंदरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र विक्रय व नामांकन के क्रम में रविवार को अध्यक्ष पद के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में एक उम्मीदवार ने पर्चा खरीदा। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार मिश्र ने दी है। वहीं, सभासद पद के लिए एक भी नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम सुंदर यादव के कार्यालय से उमीदवारों ने नही खरीदा। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन दाखिल किए गए। वही, सभासद पद के लिए 27 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी के यहां दाखिल किया।

## अध्यक्ष पद के तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत बेल्थरारोड के नामांकन प्रक्रिया में सातवें दिन रविवार को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन अधिकारी सीमा पांडेय के समक्ष आम आदमी पार्टी की सीता देवी पत्नी कालिका प्रसाद गुप्त तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शबनम परबीन पत्नी एजाजुद्दीन शेख ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार लक्खी पुत्री स्व. विश्वनाथ को लेकर अब तक कुल तीन नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। कुल 13 वार्डो में सभासद पद हेतु शनिवार को वार्ड नम्बर 3 में सुनील पुत्र छोटेलाल, वार्ड नं. 4 में अजय कुमार पुत्र विश्वनाथ, वार्ड नं.2 में सरिता पत्नी मिथिलेश, वार्ड नं.8 में पूनम पत्नी मनीष, वार्ड नं.10 में अनिता पत्नी कमलनाथ ने नामांकन किया। रविवार को वार्ड नं.4 से सतीश पुत्र प्रेम चन्द, वार्ड नं.5 में संजय कुमार पुत्र स्व.छोटेलाल, बब्लू शर्मा पुत्र सीताराम, वार्ड नं. 1 से पुष्पा पत्नी अनिल कुमार, सुशीला पत्नी राजकुमार, वार्ड नं.6 में ओमप्रकाश पुत्र भृगुनाथ, ओमप्रकाश पुत्र विशुन, वार्ड नं.12 से जयशिव पुत्र जगलाल, वार्ड नं.8 में दुर्गावती पत्नी रमेश, वार्ड नं.13 में ज्ञानचन्द पुत्र रामवृक्ष, सुधीर कुमार मौर्य पुत्र महेन्द्र ने नामांकन दाखिल किया।

## नामजद एवं अज्ञात लोगों पर केस

**बांसडीह।** स्थानीय नपं में बिना अनुमति के जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए नामांकन करने गए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश मिश्र एवं धीरेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह ने बांसडीह थाने में तहरीर दिया है। उन्होंने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करार दिया है। इस मामले में पुलिस ने कुछ नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 188, 341,171एच का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि उपरोक्तप्रत्याशियों को जुलूस निकालने एवं नारेबाजी कराने का कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं था। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस संबंध में कोई अनुमति नहीं लिया था। निर्वाचन आयोग ने किसी भी प्रत्याशी को जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी है। ऐसा अगर भविष्य में कोई अन्य प्रत्याशी करता है तो उनके खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई होगी।

## कांग्रेस ने रितु वर्मा को बनाया प्रत्याशी

**बैरिया।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पारसनाथ वर्मा की पुत्रवधू रितु वर्मा को कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत बैरिया के अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। रविवार को बैरिया में कार्यवाहक अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने इसकी घोषणा करते हुए रितु वर्मा को चुनाव चिन्ह का परिपत्र प्रदान किया।

## अध्यक्ष पद के नौ प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**बांसडीह।** नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन के सातवें दिन रविवार को बांसडीह तहसील में चार नगर पंचायतों बांसडीह, मनियर, सहतवार व रेवती में अध्यक्ष पद के लिये कुल नौ प्रत्याशियों तथा सभासद पद के 41 उम्मीदवार ने नामांकन किया। बांसडीह में अध्यक्ष पद के लिए जहां निर्दल प्रत्याशी धीरेन्द्र बहादुर सिंह, शीला सिंह, अभिषेक मिश्र ने नामांकन किया, वही सभासद पद के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। रेवती में अध्यक्ष पद के सपा से अमित पाण्डेय व बसपा से सुभाष साहनी ने नामांकन किया। सभासद पद के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सहतवार में अध्यक्ष पद के लिए निर्दल प्रत्याशी नीतू सिंह, विश्वनाथ व अरूण ने नामांकन किया। सभासद पद के लिए नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मनियर में अध्यक्ष पद के लिए निर्दल सुभावती ने नामांकन किया। सभासद पद के लिये 10 नामांकन हुआ।

# मृत बच्ची पैदा होने पर परिजनों का हंगामा

**बलिया।** पीएचसी मनियर के प्रसव कक्ष के सामने मृत बच्ची पैदा होने पर परिजनों ने शुक्रवार की रात जमकर बवाल काटा। एक महिला की मृत बच्ची पैदा हुई। उसके बाद महिला के पति लल्लन राजभर पुत्र महंत राजभर निवासी बहेरा पार वार्ड नंबर 12 आदर्श नपं मनियर, थाना मनियर ने प्रसव कक्ष में तैनात स्टाफ नर्स के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप मढ़ते हुए कहा कि स्टाफ नर्स द्वारा हमें गुमराह किया गया। मैं अपनी पत्नी रीमा देवी की गर्भवती होने की बाद हमेशा यहां रूटीन चेकिंग कराता रहा। स्टाफ नर्स द्वारा बार-बार मुझसे पैसा लेकर मेरी पत्नी को बोतल चढ़ाया गया। यही नहीं, मेरी पत्नी को अल्ट्रासाउंड भी कराया गया। रूटीन चेकिंग के दौरान स्टाफ नर्स द्वारा कहा गया कि गर्भ में पल रहा शिशु ठीक है। शुक्रवार की रात प्रसव कक्ष में मेरी पत्नी की डिलीवरी हुई। डिलीवरी के दौरान मृत बच्ची पैदा हुई, जबकि स्टाफ नर्स से पूछा गया तो उसका कहना था कि बच्ची का विकास ठीक से नहीं हुआ था। उस समय पीएचसी मनियर पर स्टाफ नर्स अंजुम की ड्यूटी थी। घटना के दौरान पीएचसी पर पीएचसी के प्रभारी डा. एसएस रावत मौजूद नहीं थे। दूसरी स्टाफ नर्स द्वारा रिश्वत लिए जाने का भी वीडियो वायरल हो रहा है। परिजनों का आरोप है कि स्टाफ नर्स द्वारा न तो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट डाक्टर को दिखाया जाता है और न ही स्टाफ नर्स को अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट समझ में आती है।

## दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई : सीएमओ

**बलिया।** बताया जा रहा है कि पीएचसी मनियर के प्रभारी डा. एसएस रावत पुलिस बल के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पर पहुंचे और मृत बच्ची एवं उसकी मां को परिजनों को बुलाकर सौंप दिये। इस संदर्भ में सीएमओ डा. जयंत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच कराई जाएगी। जो भी व्यक्ति दोषी होगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### करिश्माई व्यक्तित्व के स्वामी थे बच्चा पाठक : मस्त

**बलिया।** नगर के कदम चौराहा पर पूर्व मंत्री बच्चा पाठक की छठवीं पुण्यतिथि पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने पूर्व मंत्री बच्चा पाठक के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि राजनीति में नेता एवं जनता में रिश्ता मालिक और नौकर जैसा नहीं होता है। राजनीति में नेता एवं जनता के जो सम्बन्ध होते हैं, वह पारिवारिक सदस्यों की तरह होता है। कभी नेता खुश होता है तो कभी नाराज भी, लेकिन अपने पारिवारिक सम्बन्ध को हमेशा कायम रखता है। यहीं कारण था कि पूर्व मंत्री बच्चा पाठक हमेशा अपने लोगों के बीच बने रहे। बच्चा पाठक कद्दावर और करिश्माई व्यक्तित्व के स्वामी थे। मौके पर पूर्व विधायक सुधीर राय, पूर्व मंत्री ब्यास गोंड, अवध विहारी, ओमप्रकाश पाण्डेय, बृजेश सिंह घाट, रमाशंकर, अनिल, संजय, कमलेश, जितेंद्र, शैलेश, प्रधान डब्लू ओझा, डा. महेश चंद्र, रामधनी, महावीर पाठक, चन्द्र कान्त पाठक, मोहनीश गुप्ता, संतोष तिवारी आदि मौजूद रहे। संचालन सियाराम यादव ने किया।

### अन्नपूर्णानंद अध्यक्ष एवं मंत्री बने नितेश

**दुबहर।** एसजी पब्लिक स्कूल अड़रा, घोड़हरा पर रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से दुबहर ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष अन्नपूर्णानंद, उपाध्यक्ष कुलदीप, मंत्री नितेश, संगठन मंत्री रमेश चंद्र, सूचना मंत्री संदीप, कोषाध्यक्ष त्रयंबकम व कार्यसमिति सदस्य के रूप में केके व नागेंद्र आदि को चुना गया।

### चोरी की बाइक एवं गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**रसड़ा।** स्थानीय पुलिस ने अवैध रुप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक एवं 1.200 किग्रा गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। एसपी राज करन नय्यर के निर्देशन में अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उप निरीक्षक अमरजीत यादव को सूचना मिली कि अवैध रूप से बेचने वाले मादक पदार्थ जा रहा है। उपनिरीक्षक अमरजीत यादव एवं होरीलाल अपने सहयोगियों के साथ मंदा मोड़ के पास मौजूद थे। इसी बीच मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कटउरा मोड़ के पास से अभियुक्त संजीव सिंह पुत्र स्व.सतेन्द्र सिंह निवासी छोटका कुरेम, थाना रसड़ा को एक चोरी की बाइक व 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा ने की अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा





**बलिया।** नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसके तहत नपा बलिया से संतकुमार उर्फ मिठाई लाल, नपा रसड़ा से वशिष्ठ नारायण सोनी, नपं बेल्थरारोड से रेनू गुप्ता पत्नी दिनेश कुमार गुप्ता, नपं सिकंदरपुर से सावित्री देवी माता संजय जायसवाल, नपं बैरिया से शांति देवी पत्नी शिवदयाल वर्मा, नपं रतसर कलां से विजय गुप्ता, नपं सहतवार से अजय कुमार सिंह, नपं चितबड़ागांव से अमरजीत सिंह, नपं मनियर से बुचिया गोड़ पत्नी घुरा गोड़, नपं रेवती से अभिज्ञान तिवारी एवं नपं बांसडीह से रेनू सिंह पत्नी अरविन्द सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।



# भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का लें संकल्प

**बोले सक्षम पांडेय**

### आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**रतसर।** क्षेत्र के जनऊपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में परशुराम जयंती पर भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह मंदिर परिसर में देवी-देवताओं के आह्वान के साथ पूजन किया गया। सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ। हवन के बाद श्रद्धालुओं ने धर्म पताकाओं के साथ आकर्षक झांकियों से सुसज्जित भव्य शोभायात्रा निकाली। तत्पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शिक्षाविद् डॉ. परमहंस पाण्डेय ने कहा कि हमेशा से संपूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व ब्राह्मण समाज ने ही किया है। आज हम सभी को आत्म अवलोकन करने की आवश्यकता है। परशुराम युवा मंच के अध्यक्ष सक्षम पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम ने ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर न केवल वेद-शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया, अपितु क्षत्रिय स्वभाव को धारण करते हुए शस्त्रों को भी धारण किया। इससे वह समस्त सनातन जगत के आराध्य तथा समस्त शस्त्र एवं शास्त्रों के ज्ञाता कहलाए।

कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मणों के आदर्श प्रणेता है। हमें उनके आदर्शो पर चलने की जरूरत है। जनऊ बाबा साहित्यिक संस्था निर्झर के अध्यक्ष धनेश पाण्डेय ने कहा कि धर्म की स्थापना के लिए भगवान परशुराम ने हर युग के किसी न किसी कालखण्ड में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर अभिषेक पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, रितेश मिश्रा, पुनीत पाण्डेय, आयुष पाण्डेय, नवनीत पाण्डेय, अनुभव पाण्डेय, सुमित पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पं. ओम प्रकाश पाण्डेय एवं संचालन उमेश चन्द्र पाण्डेय ने किया।


भगवान परशुराम की जयंती मनाते युवा

### भगवान परशुराम के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** समाजवादी प्रबुद्ध सभा के तत्वावधान में अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर लोकतंत्र सेनानी शुभ्रांशु शेखर पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य वक्ता समाजवादी प्रबुद्ध सभा के निवर्तमान प्रदेश सचिव शिवशरण तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे श्रद्धेय रहे है। प्रबुद्ध वर्ग ने हमेशा समाज को सही रास्ता दिखाने का काम किया है। जो कोई भी सामाजिक वैमनस्यता फैला रहा है, वह भारतीय समाज एवं लोकतंत्र के लिए घातक है। अध्यक्षीय संबोधन में शुभ्रांशु शेखर पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती पर मुलायम सरकार द्वारा अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन योगी सरकार द्वारा अवकाश को खत्म कर दिया गया। इसकी हम घोर निंदा करते है। कहा कि योगी सरकार ब्राह्मण विरोधी हिंदू सरकार है। इस सरकार में जालिमाना काम किया जा रहा है। इसके कारण किसी नागरिक की जान सुरक्षित नहीं है। इस अवसर पर रविन्द्र पांडेय, सुशील पांडेय, संतोष कुमार शुक्ल, विजय शंकर चौबे, राजेश तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, गोविन्द उपाध्याय, रवि मिश्र, दिनेश दूबे आदि मौजूद रहे।

## सनातन धर्म अपने आपमें अनोखा है : स्वामी सरस्वती रामानन्दाचार्य


श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा सुनाते स्वामी सरस्वती रामानंदाचार्य

**प्रवचन**

### श्रीमद् भागवत कथा से धर्ममय हो गया पूरा इलाका

**बैरिया।** जब बहुत सारा पुण्य इकट्ठा होता है तो श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होता है। उन पुण्य कर्मो के उदय होते ही कथा श्रवण के बाद ही सरलता से जीव मात्र को मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

उक्त बातें अयोध्या धाम से पधारे श्री श्री 1008 स्वामी सरस्वती रामानन्दाचार्य ने रविवार को ग्राम पंचायत बाजिदपुर में स्थित ब्रहमलीन सन्त भाला बाबा के कुटी पर श्रीमद भागवत कथा दौरान व्यक्त किया। उन्होने कहा कि सनातन धर्म अपने आपमे अनोखा है। इस धर्म का न तो आदि है और न अन्त। उन्होंने सनातन की व्याख्या करते हुए कहा कि जिसका तन धर्म में सना हो, वह भी सनानत होता है। जीव को काम, क्रोध, लोभ से विरत होकर अपने गृहस्थ आश्रम का सारा काम करते हुए नारायण को भजने से उनका निश्चित तौर पर उद्धार होगा। श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जीव निष्पाप हो जाता है। वही, वह अपने परम धाम को प्राप्त हो जाता हैं। एक घन्टे प्रवचन के बाद आरती में सैकड़ों लोगों ने भाग लिए। इस आयोजन से समूचा क्षेत्र धर्ममय हो गया है।

**संक्षेप**

### भंडारा में शामिल हुए दर्जनों गांवों के लोग

**नगरा।** क्षेत्र के सोनाड़ी स्थित महर्षि सूरहू बाबा के प्रांगण में धतुरा के तिवारी श्रीमुख शांडिल्य परिवार के पांडेयपुर, उरैनी, रेकुआनसीरपुर, गोठाई, खनवर, खारी, इसारी सलेमपुर, गढमलपुर, सहुलाईपूर, पकडी,, डिहवा, वरसडा, सलेमपुर, चकिया, खेजुरी, चैनपुर, करनई आदि गांवों के लोगों का जमावड़ा हुआ। उपस्थित लोगों ने हवन पूजन के पश्चात भव्य भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने मंदिर को भव्यता देने पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर विजय शंकर तिवारी, वरूण तिवारी, लक्ष्मी कांत तिवारी, नारायण दत्त तिवारी, अंजनी तिवारी, मनीष कुमार तिवारी, राम शिरोमणि तिवारी, अमित तिवारी, शिवकुमार तिवारी, इन्द्रजीत तिवारी, नीरज तिवारी, सुनील तिवारी, ह्दयानंद तिवारी, गुड्डू तिवारी, सिद्ध नाथ तिवारी, शिवजी, चंदन तिवारी, ह्रदय नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजा राघवेंद्र तिवारी तथा संचालन विनोद कुमार तिवारी ने किया। सभी का आभार इन्द्रजीत तिवारी एडवोकेट ने व्यक्त किया।

### कथा रूपी सागर में गोता लगाते रहे श्रद्धालु


श्रीराम कथा सुनाते राजन जी महाराज

**दुबहर।** शिवपुर दियर पांडे डेरा पंच मंदिर पर आयोजित श्रीराम कथा के दौरान राजन जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति राम का नाम नहीं लेता है, उसकी जिह्वा दादुर यानी मेंढक की तरह हो जाती है। जैसे मेंढक बरसात में टर-टर करते रहते हैं और कोई ध्यान नहीं देता है। ठीक उसी प्रकार जो मनुष्य इस जगत में रहकर राम का नाम नहीं लेता है, उसका कुछ भी बोलना ठीक उस दादुर की तरह हो जाता है। लोग उस पर ध्यान देना छोड़ देते हैं। रामकथा वही होती है, जो राम के प्रति इंसान में रुचि बढ़ा देती है। कहा कि कुसंग से छुटकारा होना भी सत्संग है। इस संसार का शाश्वत सत्य है कि शरीर को एक दिन छोड़ना पड़ेगा। चाहे पैसे की कोठरी में कोई व्यक्ति बैठा हो या संगमरमर के महलों में सोया हो। उसे एक दिन संसार छोड़कर जाना ही है, किंतु सत संगत से जीवन चरितार्थ हो जाता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि भगवान राम के जन्म के पूर्व सारे देवता धरती पर अपने भिन्न-भिन्न रूपों में जन्म ले चुके थे। तब भगवान राम का जन्म हुआ और इस संसार में उन्होंने लीला की।

## घाट की साफ-सफाई करके की गंगा आरती


मां गंगा का पूजन करते लोग

**मझौवां।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर हुकुम छपरा, गंगापुर गंगा घाट पर रविवार की सुबह शुभ मुहूर्त में गंगा समग्र गोरक्ष प्रांत के नेतृत्व में मां गंगा की भव्य आरती की गई। इसके पूर्व गंगा समग्र के सभी सदस्यों ने गंगा घाट की साफ-सफाई की। पं. राजकुमार चौबे ने वैदिक मंत्रोचार के साथ मां गंगा का पूजन किया। इसके बाद मां गंगा की भव्य आरती किया गया। अर्जुन कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कहा कि मां गंगा कलयुग में साक्षात दिखने वाली हम सबकी मां है। मां का सम्मान करना हम सभी गंगा पुत्रों का कर्तव्य है। घाटों पर स्नान-ध्यान करने आने वाले सभी गंगा पुत्रों एवं पुत्रियों से प्रार्थना है कि मां गंगा के घाट को स्वच्छ-सुंदर बनाने हेतु सहयोग करें। गंगा घाट पर पूजा की अवशेष सामग्री, कूड़ा कचरा, पहने हुए वस्त्र, साबुन, शैंपू के पाउच आदि इधर-उधर न फेंके। गंगा घाट पर बनाए गए कूड़ेदान का प्रयोग करें, जिससे गंगा घाट की सुंदरता एवं भव्यता कायम रहे। इस अवसर पर धर्मवीर उपाध्याय, दिलीप शर्मा, अभय तिवारी, हेमंत मिश्रा, अवनींद्र ओझा पप्पू, सोनू गुप्ता, आजाद मास्टर, सोनू सिंह, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुड़िकटवा स्थान पर फहराया तिरंगा

**रेवती।** स्थानीय नगर के पश्चिम कुशहर ग्राम सभा के सरयू नदी के छाड़न के उत्तरी किनारे पर स्थित मुड़िकटवा नामक स्थान पर शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक वीरवर बाबू कुंवर सिंह को नमन करते हुए याद किया गया। यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम के संयोजक बब्लू पाण्डेय ने कहा कि शौर्य स्थल पर स्मारक निर्मित कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग तथा लेखपाल आदि बीते दस माह पूर्व आए हुए थे। वह नजरी नक्शा बनाकर ले गये। कहा कि शौर्य स्थल पर बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा के साथ पूरे स्थान पर बाउंड्री वाल सहित एक हाल बनने के अलावा अन्य कार्य होने हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि शौर्य स्थल पर स्मारक बनाने की दिशा में सार्थक पहल करें, ताकि यह स्थान ऐतिहासिक धरोहर बन सके। इस अवसर पर अनिल पाण्डेय, ढून्नू लाल, प्रधान ह्रदयानन्द वर्मा, नारायण जी सिंह, आशुतोष चतुर्वेदी, श्री कृष्ण वर्मा, राधा चौहान, प्रिये पाण्डेय, डब्लू लाल, विनोद चौरसिया, सुनील कुमार गोंड, केवल किशोर ओझा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शिवशंकर पाल ने किया।


मुड़िकटवा स्थान पर तिरंगा फहरा कर नारा लगाते लोग


## कार्यालय ग्राम पंचायत-बसरही वि0 ख0-सुजानगंज, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-खुशबू तिवारी** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अशोक कुमार शर्मा**


# नामांकन के सातवें दिन अध्यक्ष पद के 19 व सदस्य के 48 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**चुनाव**

### अध्यक्ष पद के 43 एवं सदस्य पद हेतु कुल 209 नामांकन हुए दाखिल



**मऊ।** रविवार को नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के सातवें दिन पूरे जनपद में नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 19 एवं सदस्य पद हेतु 48 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसके अलावा अध्यक्ष पद के 43 एवं सदस्य पद हेतु कुल 209 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 3 एवं सदस्य पद हेतु 15, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 11, नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 1, नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 0 सदस्य पद हेतु 3, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 0, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु 2 एवं सदस्य पद हेतु 2, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतु 0 सदस्य पद हेतु 4, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 13 एवं सदस्य पद हेतु 7, नगर पंचायत बलीदपुर में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 1, नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवम् सदस्य पद हेतु 1 नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 3 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस प्रकार पूरे जनपद में अध्यक्ष पद हेतु कुल 19 एवं सदस्य पद हेतु 48 नामांकन पत्रों की सातवे दिन बिक्री हुई। नामांकन के सातवें दिन आज अध्यक्ष पद हेतु 43 एवं सदस्य पद हेतु कुल 209 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 49 नामांकन पत्र तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 43 एवं सदस्य पद हेतु कुल 160 नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए।

**संक्षेप**

### आयुष्मान भारत मेले में 218 गोल्डन कार्ड धारकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 10 लाभार्थियों को इलाज हेतु किया गया चिह्नित



**मऊ।** जनपद में प्रत्येक रविवार को लगने वाले आयुष्मान भारत मेंले में आज कुल 218 गोल्डन कार्ड धारकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 10 गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज हेतु चिन्हित किया गया। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही आयुष्मान भारत मेले का भी आयोजन किया जाता है, जिसमे संबंधित क्षेत्र के आशा एवं एएनएम के माध्यम से गोल्डन कार्ड धारकों का निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों पर भेजा जाता है। आयुष्मान भारत मेलों में अब तक 5605 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत इलाज हेतु चिन्हित 1023 लाभार्थियों को इलाज की सुविधा भी प्रदान की जा चुकी है। इनमें से अधिकतर मरीज मोतियाबिंद, गाल ब्लैडर हाइड्रोसिल, हर्निया, अपेंडिक्स आदि के हैं। आयुष्मान भारत मेले का आयोजन जनपद के समस्त 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को किया जाता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-रामपुर भभरा वि0 ख0-सुजानगंज, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24.04.2023 से 28.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 30.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-दिलीप कुमार** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अशोक कुमार शर्मा**


# परशुराम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**कार्यक्रम**

### ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

### 51 बुजुर्ग ब्राह्मणों को गीता और अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित



**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बा के गौरीशंकर घाट स्थित शिव मंदिर परिसर पर रविवार को ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान 51 ग्राम पंचायतों के बुजुर्ग ब्राह्मणों को गीता और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान वक्ताओं ने उन्हें समाज में नैतिकता का ध्वजारोहण करते हुए अराजकता को समूल जड़ से समाप्त करने वाला बताया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। सुबह करीब 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर लोगों का जमावड़ा शुरू हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि बीएसएस परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष अजित पांडेय, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजमतगढ़ मनीष मिश्रा, अद्याशंकर मिश्रा, लोकतंत्र रक्षक सेनानी हरिश्चंद्र पांडेय जनार्दन मिश्रा, प्रबंधक रमेश तिवारी और अरविंद पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सेना अजित पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम ने अपना पूरा जीवन सत्य के मार्ग पर चलने तथा अन्याय से लड़ने में व्यतीत कर दिया।

धर्म की स्थापना, संस्कृति की रक्षा, दासत्व से मुक्ति तथा आर्य की स्थापना के लिए किए गए कार्य आज भी लोगों के लिए प्रासंगिक है। मनीष मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम के लिए प्राणी मात्र का हित सर्वोपरि लक्ष्य था। न्याय का पक्षधर रहते हुए उन्होंने दीन दुखियों, शोषितों और पीड़ितों की निरन्तर सहायता व रक्षा की। लोकतंत्र रक्षक सेनानी हरिश्चंद्र पांडेय ने लोगों से आह्वान किया कि भगवान परशुराम के जीवन वृतांत को पढ़ें और उससे प्रेरणा लें। ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि उन्हें अपना आदर्श मानकर अपने जीवन का पाथेय निश्चित करना चाहिए तभी हम भारत को सर्वोच्च शिखर पर ले जा सकते हैं। आलोक तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि देश व समाज की रक्षा के लिए सदैव अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देना चाहिए।

इसी क्रम में घोसी संघर्ष समिति रमेश तिवारी, चंद्रभान तिवारी, संजय मिश्रा, राजेश पांडेय, ज्ञानिश शुक्ल, ममता पांडेय, चंदन उपाध्याय आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनहूस कवि और संचालन अरुण पांडेय ने किया। वहीं कार्यक्रम में गायक विपिन बिहारी पाठक ने अपने गीतों से समा बांध दिया। इस दौरान प्रेम प्रतीक दुबे, अतुल राय, जुगानी बाबा, पंकज त्रिपाठी, बबलु पांडेय, रामप्यारे मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कदम चूम लेती है मंजिल अगर मुसाफिर अपनी हिम्मत न हारे

**सफलता**

### व्यापारी पुत्री ने रचा इतिहास



**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज नगर पचायत के वाजिदपुरा उत्तरी निवासी व प्रमुख गल्ला व्यवसाई हनुमान प्रसाद मद्धेशिया की पुत्री अपूर्वा श्री ने एमकाम विषय से जेआरएफ की परीक्षा क्वालीफाई कर कोपागंज व पूरे जनपद का मान बढ़ाया हैं। एक साधारण परिवार से निकल कर बिटिया ने जो मुकाम हासिल किया वाकई तारीफे काबिल हैं।

अपूर्वा श्री बचपन से पढ़ाई में मेधावी रही है इसकी प्रारम्भिक शिक्षा नगर के शमशा चिल्ड्रेन स्कूल से तथा हाई स्कूल व इन्टर मीडिएट की पढ़ाई लिटिल फ्लावर स्कूल मऊ से सन 2014 में हाई स्कूल 92 व सन 2016 में इंटर 80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी के साथ पास हुई इसके पश्चात उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी गई जहां से बीकॉम और एमकाम सर्वोच्च अंकों से उत्तीर्ण होने के साथ साथ नेट की तैयारी में लगी रही। अपने दूसरे ही प्रयास में जेआरएफ क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया इसके सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी का आलम व्याप्त हैं। इनके शुभचिंतकों द्वारा बधाई दिया जा रहा हैं। अपूर्वा ने मीडिया से बात चीत में बताया कि वह बताया कि डॉक्ट्रेट के साथ साथ यूपीएससी की तैयारी कर सिविल सेवा के जरिए समाज सेवा करना चाहती हैं। अपूर्वा अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता पूनम मद्धेशिया व पिता हनुमान केसाथ अपने दोनो भाईयो एवम अपनी बड़ी बहन को दिया।

### विद्यालय भवन निर्माण में मानक की अनदेखी

**बैरिया।** ठेकेदार ने मनमानी के बल पर उप जिलाधिकारी के मना करने के बावजूद मानक के विपरित जगदेवा ढाही में भूकंपरोधी विद्यालय भवन बनाने का सिलसिला जारी रखा है। इससे ग्रामीण हतप्रभ और परेशान है। बता दे कि जगदेव ढाही गांव में 11 लाख 72 हजार रुपए की लागत से जूनियर हाईस्कूल का भूकंपरोधी भवन का निर्माण बेसिक शिक्षा परिषद के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायत किया था कि लाल बालू के साथ सफेद बालू का उपयोग कर घटिया कंपनी का सीमेंट, दो नंबर के ईंट, मानक से कम लोहे की सरिया लगाकर भूकंपरोधी भवन का निर्माण हो रहा है। यह भूकंप का हल्का झटका भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। पिछले सप्ताह उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय भवन के निर्माण को देखा था। एसडीएम ने मौके पर काम करने वाले लोगों को विद्यालय भवन का निर्माण कार्य रोकने का निर्देश देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी मणिराम सिंह को फोन से पूरी स्थिति से अवगत कराया था।

# पत्नी के सामने पति की करंट से झुलस कर मौत

## भितरी-देवकली मार्ग पर चली बाइक पर गिरा हाईटेंशन तार



भितरी-देवकली मार्ग पर घटना के बाद पुलिस।

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के भितरी-देवकली मार्ग पर 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर एक बाइक पर गिर गया। जिसके चलते उस पर सवार महिला करंट से छिटककर दूर जा गिरी। वहीं उसके आंखों के सामने ही पति की मौके पर ही झुलसकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना में बाइक भी जलकर राख हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बासुपुर निवासी वीरेंद्र कुमार अपनी पत्नी तारा देवी को लेकर दवा दिलाने जा रहा था।

अभी वो भितरी-देवकली मार्ग पर ही था, तभी अचानक ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार टूटकर सीधे वीरेंद्र पर ही आ गिरा। जिसमें तारा छिटककर दूर जा गिरी और उसका दाहिना हाथ झुलस गया।

वहीं बाइक में तत्काल आग लगने के बाद वीरेंद्र अपनी पत्नी की आंखों के सामने ही धू-धूकर जलने लगा। जिसके बाद पत्नी काफी चीखने व चिल्लाने के बाद भी वीरेंद्र की जान नहीं बचा सकी। मौके पर जुटी भीड़ ने फोन करके बिजली कटवाई। इसके बाद चौकी इंचार्ज तरुण पांडेय पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए व झुलसी महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक कई सन्तान छोड़ गया है।

# अक्षय तृतीया पर चमका बाजार सौ करोड़ से अधिक की खरीदारी

**आभूषणों के अलावा कपड़े, वाहन सहित प्रॉपर्टी की हुई बिक्री, गुलजार रहे बाजार**

**गाजीपुर।** अक्षय तृतीया को लेकर नगर के बाजार रविवार को भी ग्राहकों से गुलजार रहे। शहर से लेकर देहात तक बाजारों में ग्राहकों ने शुभ मुहूर्त और छूट का फायदा उठाते हुए सोना, चांदी के आभूषणों के अलावा कपड़े, वाहन, मकान, दुकान, प्रॉपटी आदि की जमकर खरीदारी की। इसके चलते देर रात तक बाजार खुले रहे। पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह दिखा। आभूषण की खरीदारी के लिए महिलाओं की सरार्फा की दुकानों पर भीड़ लगी रही। बंद के चलते भी बाजारों में खासी चमक देखने को मिली। जिले भर में करीब सौ करोड़ से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है। अक्षय तृतीया को लेकर पिछले कई दिनों सरार्फा का दुकानदारों की ओर से तैयारी की जा रही थी। ग्राहकों की मन मुताबिक आभूषणों का संग्रह रखा गया था। मालूम हो कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया सभी प्रकार के शुभ कार्य के साथ ही स्वणार्भूषण खरीदने के लिए अच्छा दिन माना जाता है। इसे देखते हुए आभूषण प्रतिष्ठानों में बेहतर कलेक्शन उपलब्ध कराए गए थे। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की डिजाइनों के गहनों की खरीददारी की। आभूषण की खरीदारी के लिए नगर के मिश्रबाजार, लालदरवाजा, प्रकाशनगर, सकलेनाबाद, बंशीबाजार स्थित दुकानों पर चहल-पहल बनी रही।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारी हुई तेज

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव की तारीख का ऐलान होने के बाद प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आरओ, एआरओ, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट तैनात करने के बाद निकायवार पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल, स्ट्रांग रुम, मतगणना स्थलों का चयन भी कर लिया है। यहीं से पोलिंग पार्टियों की रवानगी भी होगी। जो व्यवस्था की गई है, उसके अनुसार नगर पालिका परिषद गाजीपुर और नगर पंचायत जंगीपुर के चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय से रवाना होंगी। स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल भी यहीं बनाया गया है। तीन नगर पालिका परिषदों एवं पांच नगर पंचायतों में पहले चरण में चुनाव कराया जाएगा। चार मई को होने वाले मतदान को सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की तैयारी तेज हो गई है। नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद के चुनाव के लिए मतदान पार्टियां अष्ट शहीद इंटर कॉलेज से रवाना होंगी जबकि स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल भी इसी को बनाया गया है। नगर पालिका परिषद की पोलिंग पार्टियां तहसील मुख्यालय जमानिया, नगर पंचायत सैदपुर की पोलिंग पार्टियां टाउन नेशनल इंटर कॉलेज सैदपुर तथा नगर पंचायत बहादुरगंज के चुनाव के लिए मतदान में लगने वाली पार्टियां नेशनल इंटर कालेज कासिमाबाद से रवाना होंगी।

**चार मई को मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग**

इसी तरह नगर पंचायत सादात की तहसील मुख्यालय जखनिया एवं नगर पंचायत दिलदारनगर के लिए पोलिंग पार्टियां कंपोजिट विद्यालय सेवराई से रवाना की जाएगी। इसी विद्यालय को स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल भी बनाया गया है। जिले में तीन नगर पालिका परिषदों एवं पांच नगर पंचायतों में पहले चरण में चुनाव चार मई को कराया जाएगा। मतदान को सकुशल संपन्न कराने को लेकर तैयारी तेज हो गई है।

**पहली बार मतदान के लिए उत्साहित युवा**

निकाय चुनाव में युवा मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। युवा मतदाता पहली बार मतदान करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल होने की जानकारी जब उनको मिली तो वह खुशी से झूम उठे। अब इंतजार कर रहे हैं केवल मतदान करने का। पहली बार वोटिंग करने जा रहे रिया पाण्डेय ने बताया कि मैं निकाय चुनाव में वोटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं, मुझे खुशी है कि मैं अपना मनपसंद चेयरमैन चुन सकूंगी।

## भाजपा राज में कानून व्यवस्था ध्वस्त

**गाजीपुर।** भाकपा माले जिला कमेटी की बैठक रविवार को स्थित तुलसी सागर लंका पार्टी जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि इस दौर में संविधान और लोकतंत्र भाजपा- आरएसएस के हमले की जद में है। इससे देश और देश में रहने वाले लोग खतरे में है, प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।एक ओर अपराधी खुलेआम पुलिस की मौजूदगी में लोगों को गोलियों से भून रहे है। दूसरी ओर प्रदेश सरकार खोखला दावा कर रही है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है। जिले में कानून व्यवस्था की मांग करने वाले माले कार्यकताओं के ऊपर थाना खानपुर फर्जी मुकदमा लाद कर पुलिस उत्पीड़न की कार्रवाई कर रही है। माले कार्यकताओं पर से पुलिस मुकदमा वापस नहीं लिया तो आन्दोलन तेज किया जाएगा। खेग्रामस जिलाध्यक्ष नन्द किशोर बिन्द ने कहा कि ग्रामीण खेत मजदूरों को काम की संकट, महंगाई, ने उनको जीन दुर्लभ कर दिया है।जिसको लेकर एक मई मजदूर दिवस पर करंडा में संगठन का जिला सम्मेलन होगा जिसमें बड़े पैमाने पर ग्रामीण मजदूर भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता व संचालन भाकपा माले जिला सचिव शशिकांत कुशवाहा ने किया बैठक में प्रमुख

# धर्मातरंण करा रहे पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ा

## कोडरा-बालापुर गांव में अ.भा.क्ष.महासभा की शिकायत पर छापेमारी

**ईसाई धर्म**

**पुलिस की छापेमारी में प्रचार-प्रसार की सामग्रियां मिलीं**

**जनसंदेश न्यूज**

**कासिमाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कोडरा और बारापुर गांव से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की शिकायत पर पुलिस ने ईसाई धर्म प्रचार कर लोगों को धर्मांतरण करा रहे पांच लोगों को गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस के छापेमारी के दौरान गिरफ्तारी में भारी मात्रा में ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार के साथ साहित्य काफी मात्रा में मिली है। पुलिस की छापेमारी में क्षेत्र के कई गांव की महिलाएं और पुरुषों की संख्या में अस्थाई चर्च में मौजूद थे।

पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीण क्षेत्र हड़कंप मच गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के ब्लॉक प्रभारी भूपेंद्र सिंह अपने जिलाध्यक्ष



ईसाई धर्म धर्मांतरण के दौरान पुलिस टीम व अन्य।

राजकुमार सिंह सहित अन्य साथियों के साथ कासिमाबाद चौक पर अपनी संगठन से संबंधित बातचीत कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली की कोतवाली थाना क्षेत्र के दो गांव जो कोडरा और बारापुर गांव में अस्थाई चर्चों में सैकड़ों की संख्या में दलित समाज के साथ अन्य जातियों के लोग प्रार्थना सभा में भाग ले रहे हैं तथा ईसाई धर्म स्वीकार करेंगे। सूचना के बाद क्षत्रिय महासभा ने कासिमाबाद तहसील के नवागत एसडीएम अश्वनी पांडे से मिला और घटना की जानकारी दी। एसडीएम के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद बलराम जिले के उच्चाधिकारियों को सूचना देकर भारी पुलिस बल की मांग किया। इसके बाद नोनहरा, मरदह, कासिमाबाद प्रभारी के साथ भारी पुलिस बल सबसे पहले कोडरा स्थित अस्थाई चर्च में छापा छापेमारी की।

इस दौरान चर्च में सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।उसमे तमिलनाडु प्रदेश के कोयंबटूर निवासी कीरू बेंद्रन पुत्र रवि चंद्रन लोगों को बता रहा था कि हिंदू धर्म में आप लोग सुरक्षित नहीं हैं हमारे ईसाई मशीनरी से जुड़कर स्वीकार कर लेने पर प्रत्येक व्यक्ति को 50-50 हजार रूपए ईसाई मशीनरी देगी।

जिनके परिजन जो बीमार हैं बिना दवा के ठीक हो जाएंगे, संतानहिनो को संतान पैदा हो जायेगा। पुलिस वहां से तिरु वेंद्रन को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ साहित्य बाई बिल बरामद किया। उसके बाद किरू वेंदर्न के बताने पर थाना क्षेत्र के बारापुर गांव में पुलिस ने छापा मारकर वहां के प्रचार प्रसार कर रहे त्रिभुवन कुमार पुत्र पूर्णमासी राम निवासी शकरपुर कला गंगोली और संजय कुमार पुत्र सूचित राम निवासी दुघुर्सी थाना मरदह जो सामने बैठी हुई महिलाओं को संबोधित करते हुए पाए गए। रमेश मसीह और त्रिभुवन अपने साथ लाए हुए बाइबिल की किताबे बाट रहे थे तथा एल मंजू पत्नी त्रिवेंदन के साथ साहित्य बाट रहे थे। वह पर लोगों को बताया जा रहा था की ईसाई बन जाने पर पढ़े लिखे लोगों को नौकरी मिलेगी। घर के लोंगो का स्वस्थ ठीक हो जाएगा।

उपरोक्त लोगों को पुलिस थाने लाई और संबंधित धाराओं में पंजीकृत कर मुकदमा के साथ कार्रवाई करने में लगी थी। छापेमारी में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत, क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद बलराम, प्रभारी कासिमाबाद शिव प्रताप बर्मा प्रभारी , मरदाह प्रभारी राजेश मिश्र ,थानाध्यक्ष नोनहरा प्रमोद सिंह भरी संख्या में मौजूद थे।इस संबंध क्षेत्राधिकारी बलराम ने बताया कि धर्म परिवर्तन कराना कानून के विरुद्ध है।

बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन के सबूत पाए गए हैं। सभी के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है ।

## संक्षेप

### सेल्समैन से शराब लेना पुलिसकर्मियों पड़ा भारी, निलंबित

**एसपी ने भांवरकोल थाना के सिपाहियों पर चलाया हंटर**

**गाजीपुर।** एसपी ओमवीर सिंह के एक्शन से पुलिस महकमा पुरी तरह से हिल गया है। एसपी ने कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने के आरोप में भांवरकोल थाना पर नियुक्त दो आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया इसके साथ ही एक उ.नि व अन्य दो आरक्षी को लाइन हाजिर कर पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है। कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने पर आरक्षी रंजीत कुमार व आरक्षी वीरेंद्र कुमार थाना भांवरकोल द्वारा सजना देशी शराब की दुकान पर सादे वस्त्रों में जाकर न सिर्फ सेल्समैंन से अभद्रता की अपितु उसकी दुकान की 10 पेटी शराब जबरदस्ती पिकअप में लादकर थाने पर लाया गया। बिना प्रभारी निरीक्षक को संज्ञानित किये, शराब के दुकान स्वामी द्वारा उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कहने पर थाने से छोड़ दिया गया। इनके ऊपर लगे गंभीर प्रकृति के आरोपों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया तथा उ.नि रवि प्रकाश,आरक्षी जितेन्द्र शुक्ला तथा आरक्षी रोहित पाण्डेय को थाना भांवरकोल से पुलिस लाईन सम्बद्ध किया गया। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय स्तरीय कार्यवाही की जायेगी।

### ट्रैक्टर-ट्राली के चपेट में आने से युवक की मौत

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जीवपुर में शनिवार की देर रात करीब 11 बजे ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गाँव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जीवपुर गांव निवासी गणेश यादव (29) पुत्र विदेशी यादव रात 11 बजे अपने खेत में कार्य करके ट्रैक्टर ट्राली अपने घर खड़ा करने के लिए जा रहे थे तभी नहर पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिससे गणेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गणेश यादव दो भाइयों में बड़े थे तथा उनकी शादी भी हो चुकी थी। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था तथा ऑसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। परिजनों को ढाढस बढ़ाने व शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए दरवाजे पर ग्रामीणों का तांता लगा रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

# दिन में लोग गर्मी से रहे परेशान शाम को बारिश से मिली राहत

**गर्मी से राहत**

**शाम को आधे घंटे तेज बारिश से घुली ठंडक**

**गाजीपुर।** जिले में गर्मी और उमस का सितम जारी है। रविवार को दिनभर उमस और गर्मी का जोर बरकरार रहा। जिससे लोग दिनभर पसीने से परेशान रहे। शाम को बारिश होने लोगों को कुछ राहत मिली। शाम को करीब आधे घंटे तेज बारिश हुई। जिससे सड़कों पर पानी बहने लगा। रविवार को सुबह ही तेज धूप निकलने से 11 बजे तापमान 35 डिग्री पहुंच गया।

दोपहर के समय गर्म हवा चलने से तापमान 38 डिग्री पर पहुंच गया। शाम के समय बारिश होने तापमान में गिरावट आई। बारिश के बाद लोगों को भी गर्मी और उमस से राहत मिली। दोपहर के समय लोगों ने गर्मी से बचने के लिए पंखों व कूलर का सहारा लिया, लेकिन फिर भी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली। अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान 15 से 20 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो आधे घंटे तक चला। चमक-गरज के साथ तेज हवा के झोकों ने उमस में राहत प्रदान की। तेज बारिश के चलते सड़कों पर पानी बहने लगा। मौसम विज्ञान ओपी सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहेगा और बादल छाए रहेंगे। धूप खिलेगी और तापमान में और भी बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

### किसानों के पेट पर प्रकृति की मार

मुहम्मदाबाद। स्थानीय नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आंधी तूफान से जहां खेतों में छटाई के लिए काटकर रखें हुए गेहूं की फसल किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई। वहीं दूसरी तरफ आम नागरिकों को गर्मी से राहत भी मिली। अचानक शाम को लगभग चार बजे तेज आंधी के साथ हवाएं चलनी शुरू हुई। जिससे खेत में काटकर गेहूं की रखी हुई फसल बिखर गई। इसके साथ ही हल्की बूंदाबांदी के तुरंत बाद तेज वर्षा होने आरंभ हो गई। परिणाम स्वरूप जहां इस वर्षा ने एक तरफ गर्मी से राहत मिली है, वहीं दूसरी तरफ अभी खेतों में किसानों की गेहूं की फसल की दवरी होनी बाकी है। इसको लेकर किसानों के चेहरे पर चिंता की झलक दिखाई पड़ी। कुछ ऐसे भी किसान हैं जिनकी फसल अभी कटी नहीं है। फसल की कटाई ना होने की वजह से उन फसलों को भी नुकसान पहुंचेगा। देखा जाए तो किसान इस तेज आंधी और वर्षा के चलते काफी परेशान दिखे।

### तेज हवा में धूल उड़ने से परेशान हुए लोग

बूंदाबांदी से पहले तेज हवा चली तो सड़कों पर धूल उड़ने लगी। राहगीर धूल से परेशान हो गए। मुंह और आंखों को धूल से बचाने के लिए लोग कपड़ों या हाथों से ढककर निकले। ऐसे में धूल ने लोगों को परेशान किया।

# देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा मंदिर का मना स्थापना दिवस

**भांवरकोल।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोचाइन स्थित देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा मंदिर का नौ वां स्थापना दिवस रविवार को पूरे श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय श्री राम नाम संकीर्तन की पूणार्हुति देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा आरती हवन व भंडारे के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर स्थानीय गांव के अलावा क्षेत्र के सुखडेहरा ,मच्छटी मोहम्मदाबाद, चांदपुर, बेलसड़ी, रघुवरगंज, दाहिनवर , घरजुड़ी, जयनगर, अवथहीं, जसदेवपुर साहित अन्य गांव के विश्वकर्मा समाज के लोगों के अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य बेलसड़ी के विजय शंकर विश्वकर्मा रहे जबकि पूजा हवन व आरती सहित अन्य कर्मकांड आचार्य रामकेर विश्वकर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक अंगद शर्मा के अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आशीष शर्मा उर्फ अलगू ,महेंद्र नाथ विश्वकर्मा, कालिका विश्वकर्मा, रमाशंकर विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव विश्वकर्मा, सिद्धनाथ विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, अवध बिहारी विश्वकर्मा, जगदीश विश्वकर्मा, सुबेदार विश्वकर्मा, राम बहादुर विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति रहे।

### अमृत सरोवर पर सेल्फी प्वाइंट

**जखनिया।** विश्व पृथ्वी दिवस के दिन सभी ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर पर सेल्फी लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव अंजनी सोनकर ने बताया कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण स्वच्छता एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से गांव में निर्मित किए गए। अमृत सरोवर पर सेल्फी प्वाइंट बनाते हुए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण करना है ताकि भविष्य में पानी का संकट ना आए। पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनवाए गए हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामाधार चौहान, पंचायत सहायक अनिता सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामियां गिरफ्तार एक फरार

**कामयाबी**

**अपराधी के पास से तमंचा-कारतूस सहित बाइक बरामद**

**गाजीपुर।** स्वाट टीम व थाना भांवरकोल पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 हजार इनामियां अपराधी को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की और एक अपराधी मौका फायदा उठाते हुए फरार हो गया। गिरफ्तार अपराधी के पास से तमंचा-कारतसू एवं एक बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर पुलिस टीम फरार अपराधी की गिरफ्तार में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मु.बाद के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक भांवरकोल व स्वाट टीम द्वारा पातालगंगा चट्टी पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की संयुक्त चेकिंग की जा रही थी कि जरिए मुखबिर खास सूचना मिली की दो



मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम।

बदमाश पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तरफ से आ रहे हैं और पातालगंगा पर किसी व्यापारी को लूटने वाले हैं।

मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास करके सघनता से चेकिंग की जा रही थी। तभी मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश आते दिखाई दिए संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया। तब बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर करते हुए भांवरकोल की तरफ भागने का प्रयास किए उक्त बदमाशों का पीछा किया गया। मिजार्बाद बाजार में मौजूद थाना स्थानीय की द्वितीय मोबाइल टीम द्वारा तेतरिया मोड़ पर उक्त बदमाशों की घेराबंदी की गई। जिससे उक्त बदमाश माचा रोड की तरफ गाड़ी मोड़ कर भागने लगे कि कुछ ही दूर पर आगे नहर पट्टी पर गाड़ी फिसल गई और दोनों बदमाश अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जानलेवा फायरिंग करने लगे पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गई।

जिससे एक बदमाश गोली से घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को दवा इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया गया। घायल बदमाश के पास से तमंचा-कारतूस एवं एक बाइक बरामद किया गया। दोनों बदमाशों पर पूर्व से ही गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत थाना भांवरकोल से 25- 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। घायल अभियुक्त रवि बिंद पुत्र सिंहासन बिंद निवासी ग्राम चकिया थाना चकिया,फरार अभियुक्त सोनू बिंद पुत्र नंदू बिंद निवासी ग्राम सकरा रहें।

# संविधान बचाने के लिए समाज को होना होगा एकत्र

**मरदह।** क्षेत्र के कहोत्तरी चट्टी स्थिति डा.अम्बेडकर पार्क में आधुनिक भारत में भारतीय संविधान की चुनौतियां एवं हम सबका दायित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता रामचंद्र बौद्ध ने कहा कि हमारे देश में कुछ ऐसी ताकतें पनप गई हैं जो लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करने का प्रयास कर रही हैं। अगर हम सजग नहीं हुए तो हमारा संविधान समाप्त कर दिया जाएगा। हम सभी को मिलकर अपने देश के संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आकर संघर्ष करना होगा। विशिष्ट वक्ता श्याम लाल यादव फक्कड़ गाजीपुरी ने कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान न होता तो चार पैर के जानवर और दो पैर के इंसान में कोई फर्क न होता। बाबा साहब को दलितों,शोषितों, पीडितों के मसीहा के रूप में जाना जाता है।जनार्दन राम ने कहा कि आज कुछ लोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने की बात करते हैं।इसलिए हम सभी को मिलकर अपने देश के संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आना होगा। पूर्व प्रमुख विजय सिंह यादव ने कहा कि डा.भीमराव आंबेडकर ने समरसता का संदेश दिया। निचले वर्ग के लोगों का जीवन का उत्थान हो सके इस उद्देश्य



कहोत्तरी चट्टी पर संगोष्ठी में बोलते वक्ता।

को लेकर संविधान का निर्माण किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मेवा यादव,रामदरश बोधाचार्य,सूबेदार स्नेही,डॉ रमाशंकर, नंदलाल, शेषनाथ, शैलेश राम, रामालालधर बागी, जयराम मास्टर,अजय राज आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।अंत में कार्यक्रम के आयोजक जनार्दन राम ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।

### हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई परशुराम जयंती

**जमानियां।** स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित बजरंग कालोनी में इं. युगुल किशोर सिंह के आवास पर परशुराम जन सेवा समिति के तत्वाधान में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शनिवार की शाम हीरालाल उपाध्याय की अध्यक्षता में भगवान परशुराम की जयंति हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता वीके त्रिवेदी ने भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालने हुए कहा कि इनके जीवन से अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती हैं। इस संसार में ब्राह्मण ही एक ऐसा है जिसके पेट में रोटी हो या न हो लेकिन होठों पे विश्व कल्याण की भावना जरूर होती हैं। उक्त मौके पर मनोज बाबा, वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, उपेंद्र सिंह शिवजी, कुंदन पाण्डेय, संत हल्ला बाबा, श्यामबिहारी सिंह, अवधबिहारी सिंह, इं. युगल किशोर सिंह, वीरबहादुर सिंह, रामप्रताप तिवारी, अशोक तिवारी, संजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रमाकांत पाण्डेय, गोरखनाथ सिंह, रमाकांत तिवारी, दिवाकर पाण्डेय, पप्पू राय आदि लोग मौजूद रहे। संचालन ज्योतिषाचार्य संतोष पाण्डेय व राकेश सिंह मन्टू ने किया।

# सजदे में झुके सिर, दुआओं में उठे हाथ

**गाजीपुर।** जिले में ईद अमन और भाईचारे के साथ मनाई गई। सुबह के समय ईदगाह में हजारों लोगों के सिर सजदे में झुके। वहीं हाथ दुआओं के लिए उठे। सैकड़ों स्थानों पर नमाज अदा की गई। इसके बाद गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई देने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न ईदगाहों सहित मस्जिदों में सुबह अकीदत के साथ नमाज अदा की गई और एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। इसके बाद एक-दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। लोग एक-दूसरे के घर आते-जाते रहे और खुशियों का पैगाम बांटते रहे। घरों पर लोगों ने सेवई का लुत्फ उठाया। शहर के विशेश्वरगंज स्थित ईदगाह में नमाज के दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में पहुंचे नन्हे-मुन्ने एक अलग छटा बिखेर रहे थे। बच्चों से लेकर बड़ों के चेहरों पर पर्व की खुशियों की चमक रहीं। नमाज के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे।



विशेश्वरगंज ईदगाह पर अमन-चैन की दुआं मांगते बच्चे।

### कड़े इंतजामों के बीच मनाई गई ईद

कड़े इंतजामों के बीच ईद मनाई गई। नगर क्षेत्र की मस्जिदों में भी नमाज अदा कराई गई। हिंदू-मुसलमानों एक-दूसरे को गले मिलकर पर्व की बधाई दी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह नमाज स्थल विशेश्वरगंज चौराहे पर कैंप लगाकर नमाज के अंतिम समय तक मौजूद थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) एके सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्र आदि उपस्थित थे। ईदगाह के बाहर खड़े जनप्रतिनिधियों और आला-अधिकारियों ने मुस्लिम बंधुओं से गले लगकर पर्व की खुशियां बांटीं।

### नमाज में अमन-चैन की मांगी दुआ

प्रशासन की देखरेख में ईद पर शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। लोगों ने देश में अमन-चैन की दुआएं मांगीं।

### ईदगाहों पर पढ़ी गयी नमाज

**सैदपुर।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मोसुल समुदाय ने आपसी सद्भाव से नमाज अता की। अतीक अहमद हत्याकांड के बाद वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। इस दौरान नगर के दादा साहब रोड स्थित ईदगाह पर मुस्लिमजनों ने नमाज पढ़ी। नमाज के बाद आपसी सद्भाव के साथ हिन्दू धर्म के लोगों ने बाहर गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। इस दौरान वहां पर उपजिलाधिकारी डॉ पुष्पेंद्र पटेल व क्षेत्राधिकारी खुद मौजूद रहे, पूर्व चेयरमैन शशि सोनकर, सुभाष सोनकर, लालजी सोनकर आदि ने बधाइयां दी।

# ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन को शुरू कराने की उठी आवाज

**सुहवल।** अतिप्राचीन ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन को चालू करने एवं वहाँ तक ट्रेन के दोबारा परिचालन शुरू करने के लिए ग्रामीणों ने डीआरएम एवं रेल मंत्रालय को सम्बोधित एक पत्रक सोनवल स्थित उप स्टेशन प्रबंधक सुजित कुमार को सौंपा। जिसपर उपस्टेशन प्रबंधक ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गये मांग पत्र को उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दिया जायेगा।वहीं ग्रामीणों ने चेताया कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन को मजबूर होगें जिसकी जिम्मेदारी रेलवे की होगी। ग्रामीणों कहा कि जिस तरह से रेलवे ने इस सौ साल से अधिक पुराने स्टेशन के अस्तित्व को समाप्त कर इसे सोनवल शिफ्ट कर दिया, उसके चलते ताड़ीघाट के करीब दर्जनों दुकानदारों के समक्ष रोजी रोटी की विकट समस्या आने से वह जहाँ बेरोगजार हो गये है,वहीं उनके परिवारों के समक्ष भुखमरी व आर्थिक संकट खडा हो गया है। इस सम्बन्ध में उप- स्टेशन प्रबंधक सुजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा दिए गये मांग पत्र को उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है। पत्रक देने वालों में प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र सिंह, गुड्डू सिंह,जोगिंदर, अशोक राम,बेचन कुमार,पारस यादव,बिंदु राम,मनजीत वर्मा, रामजी वर्मा आदि मौजूद रहे।




सोनवल स्थित उप-स्टेशन प्रबंधक सुजित कुमार को ताड़ीघाट तक ट्रेन के संचालन सम्बन्धित मांग पत्र सौंपते ग्रामीण ।

## जनसंपादकीय

# सत्कर्म जीवन का मूल

**हृदयनारायण दीक्षित**



भारतीय विवेक और श्रद्धा में पृथ्वी माता हैं। पृथ्वी को मां मानने और जानने की अनुभूति केवल भारत में है। हम सब पृथ्वी पुत्र हैं। इसी में जन्म होते हैं। पृथ्वी ही पालती है। यही पोषण करती हैं। लेकिन दूषित पर्यावरण के कारण पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। सारी दुनिया का ताप बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी बड़ी चुनौती है। आज से 18 साल पहले 2005 में संयुक्त राष्ट्र का सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन (मिलेनियन इकोसिस्टम असेसमेंट) आया था। यह एक गंभीर दस्तावेज था और है। इस अनुमान में कहा गया था कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। यह अनुमान 18 वर्ष पुराना है। इसके पूर्व सन 2000 में भी पेरिस के 'अर्थ चार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। लेकिन इस दिशा में कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हुआ। कल अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस था। इस महत्वपूर्ण दिवस पर भी कोई ठोस संकल्प नहीं लिए गए। वैसे वैदिक साहित्य पर्यावरण प्रीति से भरा पूरा है। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अन्तर्निहित है। भारत के प्राचीन काल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं देवता जननी कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। जल का मुख्य स्त्रोत वर्षा हैं।

वैदिक साहित्य में जल को अतिरिक्त आदर दिया जाता रहा है। वैदिक समाज में जल वृष्टि के कई देवता हैं। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, "सत्कर्मों से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि आनंद मगन होती हैं।" यहाँ मुख्य बात है कि सत्कर्म के कारण समुद्र का जल ऊपर जाता है। सत्कर्म महत्वपूर्ण हैं। वस्तुतः ऐसे कर्म सांस्कृतिक कर्तव्य हैं। वर्षा पर्जन्य की कृपा हैं। आधुनिक संदर्भ में पर्जन्य को 'इकोलॉजिकल सिस्टम' कह सकते हैं। पर्जन्य देव पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पतियों और सभी प्राणियों के संरक्षण से प्रसन्न होते हैं। पृथ्वी आराध्य देवता हैं। वैदिक देवता अनूठे हैं। देवता प्रकृति की महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। उन्हें कई विभागों में विभाजित किया जा सकता है। पहला द्युस्थानीय देवता हैं। द्यौव का ही एक रूप वरुण हैं। द्युस्थानीय देवताओं में द्यौव सबसे प्राचीन बताए गए हैं। आर्यों की ग्रीक शाखा के लोग 'ज्योस' या 'जिअस' के रूप में इस देवता की उपासना करते थे। द्यौव का प्रकट रूप हैं आकाश। उन्हें पिता कहा गया है। ऋषि राहुगण पुत्र गौतम द्यच को सबके पिता कहते हैं। इसी तरह वैदिक देवताओं का दूसरा विभाग है अंतरिक्ष स्थानीय देवता। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित देवता इन्द्र इसी श्रेणी में आते हैं। इन्द्र मेघों में अवरुद्ध जल को मुक्त करते हैं। जल प्रवाह वर्षा द्वारा पृथ्वी की ओर आता है। मातरिस्वा, अपानपात आदि अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। इनमें रूद्र मुख्य हैं। निस्संदेह ऋग्वेद में उनकी स्तुतियां कम हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र में रूद्र शिव को त्रयम्बक कहा गया है। यजुर्वेद का सोलहवां अध्याय शिव रूद्र की स्तुति है।

देवताओं के तीसरे वर्ग को पृथ्वी स्थानीय देवता कहा गया है। इस देव तंत्र में सोम अतिप्रतिष्ठित देवता हैं। ऋग्वेद के नौवें मण्डल के अधिकांश सूक्तों के देवता सोम हैं। सोम को सर्वश्रेष्ठ पेय बताया गया है और सर्वश्रेष्ठ औषधि भी। इसी श्रेणी में अग्नि देव भी आते हैं। ऋग्वेद में अग्नि सर्वशक्तिमान बताए गए हैं। बृहस्पति भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। पृथ्वी भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। नदियां भी देवता हैं। पूर्वजों के हृदय में पृथ्वी के प्रति माता का भाव है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त अंतर्राष्ट्रीय कविता है। कहते हैं कि यहाँ भिन्न भिन्न विचारधाराओं वाले लोग रहते हैं। माता पृथ्वी सबका पोषण करती हैं। दुनिया के तमाम विद्वानों ने पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की है। वैदिक साहित्य में उत्तरवैदिककाल और महाकाव्यों में भी पृथ्वी की स्तुति है। महाभारत के एक प्रसंग में श्रीकृष्ण पृथ्वी की उपासना करते हैं। वे पृथ्वी से ही पूछते है कि आप किस तरह की उपासना से प्रसन्न होती हैं। स्वयं पृथ्वी ने उत्तर दिया कि "तुम प्रति दिन चिड़ियों और निराश्रित पशुओं के लिए कहीं भी अन्न डाल दिया करो। मैं इसी में प्रसन्न होती हूँ।"

रामकथा के अनुसार श्रीराम का जन्म पृथ्वी को निशिचर विहीन और पृथ्वी का भार समाप्त करने के लिए हुआ था। रामचरितमानस में पृथ्वी संकट का उल्लेख है। तुलसी दास ने लिखा है, "अतिशय देख धरम की हानी/परम सभीत धरा अकुलानी - धर्म की ग्लानि को बढ़ते देख कर पृथ्वी भयग्रस्त हुई और देवताओं के पास जा पहुंची। उसने देवों को अपना दुख सुनाया - निज संताप सुनाइस रोई - पृथ्वी ने रोते हुए अपना कष्ट बताया। शंकर जी ने पार्वती जी को बताया कि वहां बहुत देवता थे। मैं भी उनमे से एक था - तेहि समाज गिरजा मैं रहेऊ। रामचरितमानस के अनुसार आकाशवाणी हुई, "हे धरती धैर्य रखो। मैं स्वयं सूर्य वंश में आऊंगा और तुमको भार मुक्त करूँगा।" पृथ्वी बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम सबका आश्रय हैं। पृथ्वी को भार मुक्त करने के लिए परम सत्ता मनुष्य बनती है। आधुनिक काल का पृथ्वी संकट बड़ा चुनौतीपूर्ण है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। उत्तरी ध्रव और दक्षिणी ध्रव में हमेशा बर्फ जमी रहती है। वह बर्फ पिघल रही है। पृथ्वी के एक भूखंड में खनिज, तेल और गैस भारी मात्रा में हैं। खनिज सम्पदा और गैस पाने के लिए तमाम देश लालायित रहते हैं। लेकिन वे पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने की चिंता नहीं करते। अधिक बर्फ पिघलने से समुद्र का स्तर ऊपर जाएगा। दुनिया खतरे में होगी। अंधाधुंध औद्योगिक विकास समस्या है। नगरीकरण सुनियोजित योजना के अनुसार नहीं है। दो ढाई वर्ष पहले मैं युगांडा की राजधानी काम्पाला में कामनवेल्थ देशों के संसदीय आयोजन में सम्मिलित था। मुझे नगरीकरण से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विचार व्यक्त करने के लिए कहा गया था। अनियोजित नगरीकरण से पर्यावरण का संकट बढ़ा है और जल, वायु प्रदूषण भी।


हिन्दू अनुभूति के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पति और सभी प्राणियों के संरक्षण से देवता प्रसन्न होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में मिस्त्र के शर्म अल शेख, इसके पहले स्कॉटलैण्ड के ग्लास्गो में भी सम्मेलन हुए थे। ब्राजील के रिओ डी जेनेरिओ नगर में पहला पृथ्वी सम्मेलन हुआ था। लेकिन अब तक के सारे आयोजन बेनतीजा रहे हैं। पृथ्वी माता व्यथित भयग्रस्त है। भूकम्प इसी के परिणाम हैं। वायु भी व्यथित है। यह बेचैनी आंधी और तूफानों में प्रकट होती है। जल अशांत हैं। अतिवृष्टि अनावृष्टि इसी का परिणाम हैं। एक वैदिक मंत्र में स्तुति है, "पृथ्वी शांत हों। अंतरिक्ष शांत हों। जल शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति हमें शांति दें।" हिन्दू जीवन स्वाभाविक ही पर्यावरण प्रेमी है। पृथ्वी के सभी घटकों का संरक्षण राष्ट्रीय कर्तव्य है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया, "अन्न से प्राणी हैं। अन्न वर्षा से होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ सत्कर्मों से होता है।" यह साधारण यज्ञ नहीं है। इसमें सत्कर्म की महत्ता है। भारतीय संस्कृति का अधिष्ठान सत्कर्म हैं।

**( लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं)**

# जाति जनगणना वक्त की मांग

## समय- संदर्भ

**राम पुनियानी**



इस साल (2023) बाबासाहेब आंबेडकर की 132वीं जयंती पिछले वर्षों की तुलना में बहुत जोर-शोर से मनाई गई. बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों ने इसमें भागीदारी की. अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों, जिनके वे मसीहा हैं, के लिए यह एक बहुत बड़ा उत्सव था. आंबेडकर के योगदान को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वीकारा गया और 150 से अधिक देशों में कार्यक्रम आयोजित हुए.

जो व्यक्ति और समूह सामाजिक न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्ध हैं और जन्म-आधारित ऊंच-नीच और अन्याय के खिलाफ हैं उन्होंने अत्यंत श्रद्धा से आंबेडकर को याद किया और आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में देश और दुनिया आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलेगी. इस सन्दर्भ में यह भी ध्यान देने की बात है कि आंबेडकर जयंती मनाने के तरीके में धार्मिकता का रंग घुलता जा रहा है और उनके मूल्यों को याद करने की बजाय जोर औपचारिक समारोहों पर है. निश्चित रूप से बाबासाहेब के सपनों को पूरा करने के लिए अनवरत संघर्ष की जरुरत है. दूसरी ओर अनेक ऐसे समूह व संगठन हैं जो उन सिद्धांतों व मूल्यों के एकदम खिलाफ हैं जिनके लिए आंबेडकर ने जीवन भर संघर्ष किया. जैसे 'हिन्दू राष्ट्रवादी' आरएसएस और उससे प्रेरित अन्य संगठन बाबासाहेब के एक मुख्य लक्ष्य 'जाति के उन्मूलन' के पूर्णतः विरूद्ध हैं. वे 'जातियों के समन्वय' की बात करते हैं. आंबेडकर समाज के वंचित वर्गों के हित में सकारात्मक कदम उठाए जाने के पक्ष में थे. शुरू में केवल 10 वर्षों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था. संभवतः आंबेडकर को उम्मीद थी कि हिन्दू समाज में फैली द्वेष भावना को जड़ से समाप्त करने के लिए 10 वर्ष पर्याप्त होंगे. उन्होंने शायद इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया कि नीतियों पर अमल उच्च जातियों के अभिजात वर्ग के माध्यम से होगा. उच्च जातियों के अभिजात वर्ग ने एससी/एसटी वर्ग के लिए आरक्षण की नीति के अमल में बाधाएं खड़ी कर दीं जिसके चलते आरक्षण आज भी जारी रखना पड़ रहा है. और सामाजिक न्याय की मंजिल की ओर आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक भी है.

संविधान, जिसका मसविदा उनकी अध्यक्षता में तैयार किया गया, में एससी व एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था किंतु अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को छोड़ दिया गया. ओबीसी समाज का एक बड़ा हिस्सा हैं, जिसकी ओर लंबे समय तक समुचित ध्यान नहीं दिया गया. सन 1931 के बाद से किसी जनगणना में उनकी गिनती नहीं की गई. सन 1931 की जनगणना के अनुसार उस समय आबादी में ओबीसी का प्रतिशत 52 था. इसी आधार पर 1990 में इनके लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया. सकारात्मक कदमों के कुछ प्रावधान किए गए थे लेकिन उन पर ठीक से अमल मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद ही हो पाया.

आरक्षण समाज के कुछ वर्गों की आंख की किरकिरी है और उन्होंने 'यूथ फॉर इक्वालिटी' जैसे समूहों का गठन किया है जो आरक्षण के प्रावधान को समाप्त करने के पक्ष में हैं. यह कहा जाता रहा है कि आरक्षण का लाभ उठाकर 'अयोग्य लोग' नौकरी एवं शिक्षा के अवसर हासिल कर लेते हैं और जिनका इन पर हक होना चाहिए वे वंचित रह जाते हैं. इस सोच से दलितों और ओबीसी के बारे में पूर्वाग्रह जन्म लेते हैं और इन्हीं के चलते रोहित वेम्युला और दर्शन सोलंकी जैसे छात्रों को आत्महत्या करने पर विवश होना पड़ता है. यही पूर्वाग्रह 1980 के दशक में अहमदाबाद में भड़की दलित-विरोधी हिंसा और 1985 में गुजरात में ओबीसी-विरोधी हिंसक प्रदर्शनों की जड़ में थे. भाजपा के हिन्दुत्ववादी नेतृत्व ने इन वर्गों में अपनी पैठ बनाने के लिए सोशल इंजीनियरिंग शुरू की और सामाजिक समरसता मंच जैसे संगठन स्थापित किए. इनसे भाजपा को चुनावों में भारी लाभ हुआ. यह इससे जाहिर है कि इन वर्गों के लिए आरक्षित चुनाव क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा सांसद व विधायक निर्वाचित हुए हैं. आरएसएस के प्रचारकों और स्वयंसेवकों की एक बड़ी फौज लंबे समय से दलित और आदिवासी इलाकों में काम कर रही हैं. वे परोपकार के कामों के साथ-साथ, सोशल इंजीनियरिंग भी करते हैं और आदिवासियों का हिन्दुकरण भी.

हिन्दू दक्षिणपंथी, जाति प्रथा की बुराईयों के लिए आक्रान्ता मुस्लिम शासकों को दोषी बताते हैं. वे कहते हैं कि मुस्लिम शासन के पहले सभी जातियां बराबर थीं. भाजपा और उसके संगी-साथी आंबेडकर जयंती तो बहुत जोर-शोर से मनाते हैं परन्तु जाति जनगणना का विरोध करते हैं जबकि जाति जनगणना ही नीतियों में इस प्रकार के सुधारों की राह प्रशस्त कर सकती है जिनसे हाशियाकृत समुदायों को सच्चे अर्थों में लाभ हो.

इस पृष्ठभूमि में राहुल गाँधी का कर्नाटक के कोलार में दिया गया भाषण महत्वपूर्ण है. राहुल गाँधी ने जाति जनगणना की मांग का समर्थन किया और कहा कि हाशियाकृत समुदायों के हितार्थ उठाए गए सकारात्मक कदमों का प्रभाव सरकार के उच्च स्तर पर दिखलाई नहीं पड़ रहा है. उदाहरण के लिए, भारत सरकार के सचिवों में से केवल सात प्रतिशत इन वर्गों से हैं. राहुल गाँधी ने यह मांग भी की कि यूपीए सरकार द्वारा 2011 में करवाई गई जाति गणना की रपट सार्वजनिक की जाये. ₹आंकड़ों से ही हमें पता चलेगा कि ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को आबादी में उनके हिस्से के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिल सका है या नहीं.₹ भाजपा इस मुद्दे से बचने का प्रयास कर रही है. जिस पार्टी की सरकार ने असम में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता पंजी) के निर्माण के लिए कठिन, जटिल और जनता के लिए त्रासद कवायद की, उसी पार्टी की सरकार ने 2021 में सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जाति-वार जनगणना करवाना ₹प्रशासनिक दृष्टि से कठिन और जटिल₹ होगा और इसलिए यह 'सोचा-समझा नीतिगत निर्णय' लिया गया है कि इस तरह की जानकारी को जनगणना में शामिल न किया जाए.

जब महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले निर्णय लेने का समय आता है तब सामाजिक न्याय के प्रति भाजपा के असली रुख का पदार्फाश हो जाता है. आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों (ईडब्लूएस) को आरक्षण देकर सरकार ने पहले ही आरक्षण के असली उद्देश्यों को पलीता लगा दिया है. अब आठ लाख रुपये प्रति वर्ष से कम आमदनी वाले परिवारों के सदस्य आरक्षण के लिए पात्र हो गए हैं. यह तब जबकि आर्थिक पिछड़ापन कभी भी आरक्षण की पात्रता का आधार नहीं रहा है. आरक्षण की संकल्पना ही जातिगत पिछड़ेपन से जुड़ी हुई है क्योंकि उनकी जाति के कारण कई वर्गों को सामान अवसर प्राप्त नहीं हो पाते.

अब आंबेडकर की जयंती पर लौटते हैं. यह साफ है कि भाजपा जैसे पार्टियों के लिए आंबेडकर के सिद्धांतों का कोई महत्व नहीं है. बल्कि हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति का उदय ही इसलिए हुआ था ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को लगाम लगाई जा सके. इस राजनैतिक विचारधारा की नींव में ही प्राचीन परम्पराओं एवं मूल्यों का महिमामंडन है झ उन परम्पराओं और मूल्यों का जो जातिगत और लैंगिक पदक्रम को औचित्यपूर्ण और दैवीय ठहरातीं हैं.

आज जरुरत इस बात की है कि विभिन्न हाशियाकृत समुदायों की आबादी का ठीक-ठीक अंदाजा लगाया जाए और सरकार की नीतियों में इस तरह के परिवर्तन किये जाएँ जिससे अवसरों की असमानता समाप्त हो और समाज में बराबरी आ सके. रोहित वेम्युला और दर्शन सोलंकी जैसे युवा विद्यार्थियों की आत्महत्या यह रेखांकित करती है कि हमें एससी,एसटी ० ओबीसी के बारे में व्याप्त पूर्वाग्रहों को समाप्त करना है और एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसका अंतिम लक्ष्य जाति का उन्मूलन हो.


**( लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

**संविधान, जिसका मसविदा उनकी अध्यक्षता में तैयार किया गया, में एससी व एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था किंतु अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को छोड़ दिया गया. ओबीसी समाज का एक बड़ा हिस्सा हैं, जिसकी ओर लंबे समय तक समुचित ध्यान नहीं दिया गया. सन 1931 के बाद से किसी जनगणना में उनकी गिनती नहीं की गई. सन 1931 की जनगणना के अनुसार उस समय आबादी में ओबीसी का प्रतिशत 52 था.**

# माफिया के महिमामंडन की बेशर्म राजनीति

## प्रसंगवश

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हुंकार प्रदेश और देशवासियों को विस्मृत नहीं हुई है। जब उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उत्तर प्रदेश से भाग जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह बयान प्रयागराज में बसपा विधायक राजू पाल हत्याकाण्ड के चश्मदीद उमेश पाल की दिनदिहाड़े हत्या के बाद आया था। उमेश पाल की नृंशस हत्या अतीक अहमद के बेटे और गुर्गो ने की थी। उमेश पाल की हत्या के बाद अतीक अहमद के परिवार और गुर्गों के सितारे गर्दिश में चल रहे हैं। हत्याकाण्ड में शामिल कई शूटरों का पुलिस इनकाउंटर कर चुकी है। जिसमें अतीक का बेटा असद भी शामिल है। बीती 15 अप्रैल को पुलिस के सख्त पहरे और चैतरफा घेरेबंदी के बावजूद, किसी ने मीडिया का मुखौटा धारण कर, अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर गोलियां चला दीं और कुछ ही सेकंड में जिंदगियां निष्प्राण हो गईं। माफिया के रूपक बने दोनों भाई मारे गए।

यह हत्यावादी हमला भी किसी साजिशाना रणनीति का हिस्सा हो सकता है! अतीक और अशरफ को 'लाश' बनाने वालों ने आत्म-समर्पण भी कर दिया। उन पर हत्या का मुकदमा चल सकता है। साक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट और सार्वजनिक हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच के आदेश दिए हैं। बेशक अतीक की माफियागीरी का फिलहाल अंत हो चुका है, लेकिन उसके चार बेटे (दो बालिग, दो नाबालिग) पुलिस की गिरफ्त में हैं।

लेकिन जिस तरह की राजनीति अतीक और अशरफ की हत्या के बाद की जा रही है, वो सोचने को मजबूर करती है। अतीक और अशरफ की मौत को चंद सियासी दल और संगठन सांप्रदायिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रहे हैं। सपा, बसपा और ओवैसी इस हत्याकांड को 'मुस्लिमवाद' के तौर पर प्रचारित करने में प्रयासरत हैं। यह खुला तथ्य है कि अतीक को मुलायम सिंह यादव और मायावती सरीखे नेताओं का संरक्षण हासिल था, जिसकी छाया में वह माफिया बनता चला गया। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल शूटआउट केस में नामजद अभियुक्त हैं। उमेश पाल शूटआउट केस में संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है।

फिलवक्त फरार चल रही शाइस्ता ने इस साल जनवरी की पांच तारीख का असदुद्दीन की पार्टी एआईएमआईएम को छोड़कर बसपा का दामन थामा था। शाइस्ता के साथ उनके तीन बेटों ने भी बसपा की सदस्यता ली थी। उस वक्त यूपी निकाय चुनाव टलने की वजह से आज अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता को आधिकारिक तौर पर प्रयागराज सीट से मेयर का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया था। इसके बावजूद मंच से कई बार यह बात कही गई कि जब भी चुनाव होगा और शाइस्ता परवीन टिकट चाहेंगी तो पार्टी उन्हें ही उम्मीदवार बनाएगी। आज अगर उमेश पाल हत्याकाण्ड न हुआ होता तो, शाइस्ता परवीन अपने गुर्गों के साथ प्रयागराज में घर-घर जाकर अपने लिए वोट मांग रही होती। और हो सकता है वो माननीय मेयर भी बन जाती।

अतीक की हत्या के बाद जिस तरह की राजनीति चंद सियासी दल कर रहे हैं। और जिस तरह की रिपोर्ट कुछ पत्रकार और मीडिया हाउस कर रहे हैं, वो साफ तौर पर दर्शाता है कि अपराधी नेता और मीडिया की दोस्ती कितनी गहरी है। माफिया अतीक अहमद कई राजनीतिक दलों और नेताओं के 'अतीक जी' हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मानना है कि जनाजा 'अतीक जी' का नहीं, कानून का निकला है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतीक-अशरफ पर जानलेवा हमले को 'भारत के संविधान पर हमला' करार दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा प्रमुख मायावती और ओवैसी सरीखे नेताओं की फेहरिस्त लंबी है, जो अतीक-अशरफ की हत्या को 'लोकतंत्र की हत्या' मान रहे हैं। यह सबसे विरोधाभासी उपमा है। अतीक कब लोकतंत्रवादी था? जरा इस सवाल की व्याख्या वे नेतागण कर दें, जो आज रुदाली-प्रलाप में डूबे हैं।

अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि ओवैसी 'मुस्लिमवादी' सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। अतीक के जरिए ही राजनीति का अपराधीकरण भी खूब बढ़ा, क्योंकि उप्र में सपा सरकार ने 2 बार, कांग्रेस सरकार ने एक बार और भाजपा गठबंधन की सरकार ने भी एक बार, अतीक के खिलाफ, 'गैंगस्टर एक्ट' वापस लिया था। कानून का मजाक उड़ाया गया। दुहाई यह दी जा रही है कि किसी भी अपराधी और माफिया को सजा देने का दायित्व और अधिकार अदालत और कानून-संविधान का है। कमोबेश हमारी सोच भी यही है कि देश कानून-संविधान से ही चलना चाहिए। हम मुठभेड़ी हत्याओं और सरेआम लाशें बिछा देने की करतूतों के खिलाफ हैं, लेकिन ऐसा हरेक सरकार में होता रहा है। विपक्ष में आते ही विस्मृति छाने लगती है।

गौरतलब यह है कि किसी निचली अदालत के नहीं, बल्कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 10 न्यायाधीश इतने खौफजदा थे कि उन्होंने अतीक से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई से ही इंकार कर दिया था। उन न्यायाधीशों के नाम आज सार्वजनिक हो चुके हैं। संदर्भ 2010 और उसके बाद के हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अतीक के केस जिस भी न्यायमूर्ति को सुनने के लिए दिए, उसी ने हाथ खड़े कर दिए। सुनवाई से अलग ही रहे। किसी अन्य न्यायाधीश को रेफर करने का आग्रह किया।

नतीजतन अतीक के खिलाफ करीब 44 सालों तक कोई भी अदालती फैसला नहीं आ सका। कानून अप्रासंगिक बनकर रह गया। अतीक अपराध करता रहा। माफिया भी बन गया। हत्याओं के केस लगातार दर्ज होते रहे। जमीनों पर कब्जे किए जाते रहे। फिरौतियां वसूली गईं। वह जेल तो गया, लेकिन किसी भी कानून ने उसे सजा नहीं सुनाई। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है?


अतीक के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक केस बताए जा रहे हैं। करीब दर्जन भर राज्यों में अतीक की ठेकेदारी भी माफियागीरी की तर्ज पर चलती रही। उसने अपराध और कारोबार से करोड़ों रुपए अर्जित किए। अतीक ने माफियागीरी से करीब 11,000 करोड़ रुपए की संपदा बनाई। मौजूदा उप्र सरकार और पुलिस का दावा है कि उसने अतीक गैंग की 1169.20 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों का जब्तीकरण और ध्वस्तीकरण किया है। किसी कानून और जांच एजेंसी ने आकलन करने की हिम्मत की थी कि माफिया अतीक के पास इतनी संपदा कहां से और कैसे आई?

कानून तो मानो अतीक का बंधक बना था। नेतागण आज किस कानून की दुहाई दे रहे हैं? ऐसी स्थितियों और समीकरणों में कानून और अदालतें क्या कर सकती थीं? उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है, लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ नहीं मिला। हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि अंतिम न्यायवादी निर्णय अदालत का ही होना चाहिए, लेकिन अतीक जैसे माफिया को अदालतें सजा ही नहीं सुना पा रही हैं, तो सरकार और पुलिस क्या करे? क्या माफियागीरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए। माफिया का महिमामंडन और उसे बेचारा साबित करने की बजाय राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े तमाम मुद्दों की ओर ध्यान देंगे तो लोक और तंत्र दोनों का उससे कल्याण होगा।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क -99 3624 7777)**

**अतीक की हत्या के बाद जिस तरह की राजनीति चंद सियासी दल कर रहे हैं। और जिस तरह की रिपोर्ट कुछ पत्रकार और मीडिया हाउस कर रहे हैं, वो साफ तौर पर दर्शाता है कि अपराधी नेता और मीडिया की दोस्ती कितनी गहरी है। माफिया अतीक अहमद कई राजनीतिक दलों और नेताओं के 'अतीक जी' हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मानना है कि जनाजा 'अतीक जी' का नहीं, कानून का निकला है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अतीक-अशरफ पर जानलेवा हमले को 'भारत के संविधान पर हमला' करार दिया है।**

## विश्व पुस्तक दिवस



# किताबें आत्मचेतस बनाती हैं

**राजेन्द्र वर्मा**

23 अप्रैल को 'विश्व पुस्तक दिवस' मनाया जाता है। पुस्तकें साहित्य का पर्याय है। यों साहित्य के अलावा भी अनेक विषयों की पुस्तकें रची गई हैं जो हमारे लिए अत्यंत उपयोगी हैं, लेकिन साहित्य सभी विषयों को समेटता है क्योंकि उसके मूल में संवेदना होती है और उसका उद्देश्य भी यही होता है कि मनुष्य में संवेदना बनी रहे। उपभोक्तावाद के दबाव ने साहित्य को परे धकेल दिया है। हिंदी के क्लैसिक्स तक पढ़े जाने को तरस रहे हैं। उच्च और मध्य वर्ग ही पुस्तकें खरीदता और पढ़ता रहा है। उनकी देखा-देखी हिंदी का मध्यवर्गीय तबका भी हिंदी की किताबें खरीदकर पढ़ने लगा। आज से पचास साल पहले जिसके घर में किताबें होती थीं, वह पढ़ा-लिखा आदमी समझा जाता था और उसके बच्चे भी पठन-पाठन की संस्कृति को आगे बढ़ाते थे, लेकिन इधर मध्यवर्ग, विशेषतः निम्न-मध्य वर्ग ने किताबों से दूरी ही बना रखी है। एक तो बच्चों की अंग्रेजी मीडियम की पढ़ाई और ऊपर से हर बेडरूम में लगा टी.वी. सेट ने किताबों को लगभग अलविदा कह दिया है। गाँव से शहर आकर हिंदी मीडियम वाली पीढ़ी को तो छोड़िए, शहर के बाशिंदे भी पढ़ने-लिखने से अधिक ताल्लुक नहीं रखते।

साहित्यिक पत्रिकाओं का तो और भी बुरा हाल है। इसके वही ग्राहक होते हैं जो इसके लेखक या कवि होते हैं। आम पाठक तक शायद ही वे पहुँचती हों। कुछ मासिक या त्रैमासिक जरूर अपवाद हैं, जैसे– हंस, कथादेश, आजकल, इंद्रप्रस्थ भारती, हरिगंधा आदि। इनमें से अनेक तो सरकारी खजाने से छपती हैं। उन्हें घाटे-मुनाफे की क्या परवाह! आम आदमी अखबार का मुख पृष्ठ और अपने शहर की खबरें पढ़ता है जिसमें विज्ञापन ही विज्ञापन होते हैं– वे चाहे उत्पाद के हों अथवा समाचारों में राजनीतिक विचारों के। सत्ता के विज्ञापन ने सबको छेंक लिया है। अखबार वाले भी जानते हैं कि क्या छापा जाए कि सत्ता खुश रहे और उसे भरपूर विज्ञापन मिले। फिर भी जो थोड़ा-बहुत संपादकीय पृष्ठ पर छपता है, वह भी आम पाठक नहीं पढ़ता। इस आम पाठक में पढ़े-लिखे मध्यवर्ग के लोग भी आते हैं। फिर नागरिक चेतना के उत्थान में समाचार पत्र कैसे योगदान करेंगे?

मैं बैंक सेवा से ठीक-ठाक पद से रिटायर हुआ। दस-बारह बैंकवाले मित्र हैं। वे भी मैनेजर, चीफ मैनेजर, ए.जी.एम. पद से रिटायर हुए, लेकिन एकाध को छोड़ मुझे उनके घरों में बीस किताबों वाली भी लाइब्रेरी नहीं मिली– न हिंदी की, न अंग्रेजी की। महँगी उपभोक्ता सामग्री में कोई कमी नहीं है। एच.आई.जी. या एम.आई.जी मकान, आठ-दस लाख की कार, महँगे टी.वी., म्युजिक सिस्टम, लैपटॉप, 4 जी के महँगे मोबाइल आदि में कोई कमी नहीं, लेकिन पचास-साठ हजार पेंशन पानेवाले तथाकथित पढ़े-लिखे बुद्धिजीवी लोगों के घर में हिंदी-अंग्रेजी की दस-बारह साहित्यिक किताबें तक नहीं।

इन जैसे लोगों के घरों में रामचरितमानस या भगवत्गीता भले मिल जाए, लेकिन लखनऊ में बसे या यहाँ के स्थायी निवासी इन बुद्धिजीवियों के घर में लखनऊ के ही यशपाल, भगवतीचरण वर्मा, अमृतलाल नागर, श्रीलाल शुक्ल, मुद्रा राक्षस, अखिलेश जैसे साहित्यकारों की किताबें नहीं मिलेंगी। दुनिया के मशहूर लेखक, शेक्सपीयर, चेखव, मार्क्स, गोर्की की तो छोड़िए, प्रेमचंद की कहानियाँ और उनका विश्वप्रसिद्ध 'गोदान' तक मिलना मुश्किल है। और तो और, जो उपन्यास या कहानियाँ उन्होंने अपने हिंदी के कोर्स में पढ़ीं, उनको भी दुबारा पढ़ना नहीं चाहते। हिंदी पट्टी के ऐसे लोगों पर तरस आता है। उनकी चेतना के उत्थान को लेकर कैसे आश्वस्त हुआ जाए।

मुझे यह देखकर हैरत होती है कि कबाड़ी के पास अच्छी खासी हालत वाली तमाम साहित्यिक किताबें कहाँ से आती हैं? जाहिर है लोग उन्हें बेचते ही हैं। हाल ही में अखबार बेचते समय देखा कि कबाड़ी ने जो कबाड़ खरीदा था, उसमें से कबीर, तुलसी और प्रेमचंद की किताबों को अपने लिए छाँट रखी थीं। यह स्थिति देखकर मुझे एक दोहा सूझा– हृदय कबाड़ी का हुआ, क्षण के लिए अधीर।जब तुलने को आ गए, तुलसी-सूर-कबीर॥

मुझे तो उनकी बुद्धि पर तरस आता है जो क्लासिकल साहित्यिक पुस्तकें कबाड़ में बेच देते हैं। अगर किसी ने किसी साहित्यिक या अन्य महत्त्वपूर्ण किताब को एक बार पढ़ लिया तो क्या उसका काम खत्म हो जाता है। अच्छी बातें या गूढ़ विषय बार-बार पढ़ने-समझने की जरूरत होती है। ज्यों-ज्यों हमारी चेतना का विकास होता है, त्यों-त्यों उनके पुनर्पाठ की जरूरत होती है। इस प्रकार किताबों का मूल्य बढ़ता जाता है और वे हमारे सोच और दर्शन के नए आयाम खोलती हैं। फिर भी अगर किसी को लगता है कि उसे किसी खास किताब को दुबारा पढ़ने की जरूरत नहीं, तो वह उस किताब को किसी जरूरतमंद को दे सकता है।

अपने पड़ोसी, मित्र या रिश्तेदार को पढ़वा सकता है। कभी किताबें पुरस्कार में मिलती थीं और जन्मदिन आदि के मौके पर किताबें भेंट की जाती थीं, लेकिन अब उसकी जगह उपभोक्ता वस्तुओं ने ले ली है। दो-ढाई सौ रुपये के एक बुके के बदले अगर हम दस-पंद्रह रुपये की एक फ्लावर बड ले लें तो बाकी रुपयों से कोई किताब भेंट कर सकते हैं।

आइए, आज के अवसर पर हम अपने पुस्तकालय के लिए विश्वप्रसिद्ध किताबें खरीदने और उन्हें सहेजने के साथ-साथ और मित्रों-रिश्तेदारों को किताब भेंट करने का सिलसिला फिर से शुरू करें। इस दिशा में अपने शहर के साहित्यकारों को यदि प्राथमिकता दे सकें तो और भी अच्छा।

**(संपर्क.80096 60096)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# चेयरमैन पद के लिए बसपा से अशरफ ने भरा पर्चा

**दावेदारी**

**बिलरियागंज से बसपा प्रत्याशी सरस्वती देवी ने ठोंकी दावेदारी**

जनसंदेश न्यूज


चेयरमैन पद के लिए पर्चा दाखिल करते मो.अशरफ।


समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने जाती नर्मदा गुप्ता।

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ निवासी मो.अशरफ ने चेयरमैन पद के लिए दावेदारी ठोक दी है। बसपा द्वारा टिकट प्राप्त करने के बाद रविवार को गाजे बाजे के साथ फूलपुर तहसील मुख्यालय पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मो.अशरफ ने कहा कि इस बार माहुल नगर पंचायत का चुनाव समुचित विकास के उद्देश्य के साथ होगा। पिछले चुनाव में जीते चेयरमैन ने पांच वर्षों तक विकास के लिए आए धन का बंदरबांट किया और अपनी झोलिया भरते रहे। जिससे जनता की समस्या का समुचित हल नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार जनता बदलाव चाहती है और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत के तहत अवसर मिलने के बाद नगर पंचायत के विकास के लिए व काम करेंगे। ज्ञात हो कि रविवार तक किसी भी दल द्वारा अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। सिर्फ बहुजन समाज पार्टी ने चुनाव के दूसरे चरण के सारे प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

**बिलरियागंज प्रतिनिधि** के अनुसार नगर पालिका परिषद बिलरियागंज में रविवार को बसपा प्रत्याशियों ने अध्यक्ष के साथ अपना पर्चा दाखिल किया। विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार, रामविलास भास्कर व हरीदास के नेतृत्व में अध्यक्ष से लेकर सभासदों तक ने अपना पर्चा दाखिला किया। अध्यक्ष पद पर सरस्वती देवी व सभासद के लिए भगतपुर से सावित्री देवी, जलालपुर से शिवलोचन राजभर, मधनापार से भीमा यादव, पिपरहा से पंकज मौर्य, अकबरपुर से राधेश्याम यादव, मुहम्मदपुर से जितेंद्र उर्फ सुभाष, छीही से डीके गौतम, छिछोरी से रंजना, पाती बुजुर्ग से लीलावती देवी, जगमलपुर से शबाना, गद्दीपुर से मनीषा, ककरही दुलार से हरिकिशुन ने अपना पर्चा दाखिला किया। इसी क्रम में निर्दल प्रत्याशी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सरिता पत्नी राकेश यादव ने अपना पर्चा दाखिल किया।

## नर्मदा गुप्ता ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन

**हाल ही में आंगनबाड़ी से दिया था इस्तीफा**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व. खुरमुल्ली गुप्ता की पत्नी नर्मदा गुप्ता ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दूसरी बार अध्यक्ष पद पर जीत का दावा किया। बहुजन समाज पार्टी से टिकट न मिलने पर नाराज पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दूसरी बार नगर पंचायत जीयनपुर से परचम लहराने का दावा किया। बता दें कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जीयनपुर स्व.खुरमुल्ली गुप्ता ने वर्ष 2012 में बहुजन समाज पार्टी से चुनाव जीतकर परचम लहराया था। वहीं जीयनपुर नगर पंचायत से अबकी बार उनकी पत्नी नर्मदा गुप्ता निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल करने के मकसद से चुनाव मैदान में उतरी हैं। रविवार को निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति अन्य प्रत्याशियों की जमानत जप्त कर चुनाव जीतेंगे। इसी क्रम में सतीश सोनकर ने नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सगड़ी तहसील पर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान दीपक गुप्ता, सरवन गुप्ता, नेसार अहमद, मुसाफिर, जब्बार अहमद, बबलू गुप्ता, अभिषेक मद्धेशिया सहित दर्जनों महिला और पुरुष मौजूद रहे।

## बल और ज्ञान की त्रिवेणी हैं परशुरामः कुंदन


भगवान परशुराम को नमन करते ब्राह्मण समाज के लोग।

जनसंदेश न्यूज

**गूंज उठा जय परशुराम**

**धूमधाम से मनायी गयी भगवान परशुराम जयंती**

**चन्द्रमा ऋषि आश्रम स्थित परशुराम मंदिर में जुटे भक्त**

**आजमगढ़।** भगवान विष्णु के छठे अवतार, शस्त्र और शास्त्र के पारंगत, सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर भगवान परशुराम की जयंती आजमगढ़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में जनपद के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से चन्द्रमा ऋषि आश्रम स्थित परशुराम मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिर में स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा का वैदिक रीति से पूजन कर ए डी एम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र सहित उपस्थित जनों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

अखिल भारतवर्षीय ब्राम्हण सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन और ब्राह्मण कल्याण परिषद के अध्यक्ष पं. ब्रजेश नंदन पाण्डेय ने कहा कि भगवान विष्णु के आवेशावतार, न्याय के देवता भगवान परशुराम के जीवन से हमें अन्याय का प्रतिकार करने की सीख मिलती है। भगवान शिव के अनन्य भक्त परशुराम जी तप, बल और ज्ञान के त्रिवेणी है। उन्होंने त्रेता युग में अत्याचारी सहस्त्रार्जुन सहित अनेक विधर्मी शासकों का विनाश करते हुए पृथ्वी पर धर्म की स्थापना कर समाज में व्याप्त भय और आतंक को समाप्त किया। महान तपस्वी परशुराम जी को शिवजी ने मृत्युलोक के कल्याणार्थ परशु प्रदान किया था। वे अजर-अमर हैं। उनका जीवन समाज के लिए अनुकरणीय है। मंदिर के मंहत बमबम गिरी की देखरेख में पं. सभाजीत पाण्डेय के आचार्यत्व में पूजन संपन्न हुआ। समारोह में डॉ.दुर्गा प्रसाद द्विवेदी, पं.संजय कुमार पाण्डेय, पं.मनोज कुमार त्रिपाठी, पं.शमार्नंद पाण्डेय, पं. तारकेश्वर उपाध्याय टुनटुन, पं.जयप्रकाश पाण्डेय, पं.विश्वदेव उपाध्याय, पं.अशोक कुमार तिवारी, पं.गोविन्द शास्त्री, पं.तारकेश्वर मिश्र, पं.अभिषेक पाण्डेय, पं.गोविन्द दुबे, पं.भागवत तिवारी आदि मौजूद रहे।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार भोराजपुर कला स्थित भाजपा कार्यालय पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष लालगंज नीरज तिवारी के नेतृत्व में अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर भगवान विष्णु के छठवें अवतार माने गए भगवान परशुराम की जंयती मनाई गयी। नीरज तिवारी ने बताया कि भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल में हुआ था और ये 8 चिरंजीवी पुरुषों में एक हैं। इस मौके पर सुनील तिवारी, प्रदीप पांडे, देवी प्रसाद पांडे, मयंक सिंह, विनय पांडे, सतीश तिवारी, विपिन पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक के धक्के से एक जख्मी

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नसीरपुर सड़क के किनारे सायकिल सवार युवक को ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। आकाश कुमार पुत्र रामशकल निवासी कोडर थाना निजामाबाद घर से सायकिल से निजामाबाद तहसील जा रहा था। नसीरपुर के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही निजामाबाद थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गयी। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजवायी जहां उसका इलाज चल रहा है।

## सपा प्रत्याशी के ज्येष्ठ की इलाज के दौरान मौत

जनसंदेश न्यूज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के समाजवादी पार्टी की अजमतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी ललिता साहनी ने समर्थकों के साथ नामांकन किया। नामांकन के दौरान अस्वस्थ जेठ की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को सगड़ी तहसील पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ललिता साहनी पत्नी अजय साहनी ने अजमतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया।

वहीं प्रत्याशी के जेठ शिवपूजन साहनी 70 वर्ष पुत्र रामजस साहनी जो अस्वस्थ चल रहे थे जिनका आजमगढ़ निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था अचानक नामांकन के दौरान उनकी मौत हो गयी। सूचना पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। नामांकन के बाद ललिता साहनी व अजय साहनी आनन-फानन में आजमगढ़ पहुंची। देर शाम तक अंतिम संस्कार किया गया।

## सभासद के लिए अफजल ने दो सेट में भरा पर्चा

जनसंदेश न्यूज


समर्थकों के साथ नामांकन करने जाते मो.अफजल।

**आजमगढ़।** नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के गुरूटोला अन्नतपुरा वार्ड संख्या 7 से सभासद पद के लिए मोहम्मद अफजल ने रविवार को दो सेट में नामांकन किया। इस दौरान प्रस्तावक अनिल प्रजापति, रफी अहमद मौजूद रहे।

नामांकन के पश्चात मीडिया से मुखातिब होते हुए मोहम्मद अफजल ने वार्ड की जनता से समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से वार्ड की समस्याओं को लेकर मुखर रहा हूं। वार्ड की निरंतर साफ-सफाई कराना, वार्ड में कूड़ेदान लगवाकर समय पर कूड़े निस्तारण करवाने, स्ट्रीट लाइट से वार्ड को जगमगाने का कार्य, सरकारी योजनाओं को हर घर पहुंचाने, जलजमाव की समस्या से निजात दिलाना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा योजनाबद्ध तरीके से वार्ड का विकास प्रशासन से सामंजस्य बनाकर कराऊंगा। वार्ड की जनता द्वारा मेरे समक्ष लाये जाने वाले मामलों का त्वरित निस्तारण कराया जायेगा।

नामांकन की बधाई देने वालों में मनीष कृष्ण साहिल, निशीथ रंजन तिवारी, रामजन्म निषाद, सुधीर गुप्ता, अमित वर्मा, आशीष चैरसिया, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद आमिर, लविश, राम शक्ति गुप्ता, सत्यदीप जायसवाल, मनीष भार्गव, मिथलेश प्रजापति, गणेश चैधरी, शादाब मोहम्मद, कृष्णा प्रजापति, चन्दन सोनकर, रजी आलम आदि शामिल हैं।

## श्रीराम कथा सम्पन्न भंडारे में उमडी भीड़

जनसंदेश न्यूज


श्रीरामकथा को संबोधित करते पं.सीताराम नाम शरण जी महाराज।

**आजमगढ़।** किशुनदासपुर में चल रहे श्रीराम कथा के आठवें दिन जन सैलाब उमड़ पड़ा। हवन पूजन के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

पंडित सीताराम नाम शरण जी महराज ने कहा कि कर्म प्रधान विश्व करि राखा जो जस करहू तस फल चाखा। संसार के प्राणियों का जैसा कर्म होगा वैसा ही परिणाम प्राप्त होता है। परन्तु सतकर्म सदैव ही फलीत होता है। मनुष्य अपने कर्मों के आधार पर ही 84 लक्ष्य योनियों में भटकता है। संसार के प्राणियों का कल्याण भगवत भजन एवं सीताराम नाम जप से हो सकता है। सीताराम नाम जप करने वाले सतकर्मियों का कभी अनिष्ट नहीं होता है। अपने सतकर्मों कई जन्मों के तपस्या के उपरान्त राजा दशरथ कौशिल्या सुमित्रा और कैकेई को प्रभु के ही रूप में जन्मावतरण श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुधन के रूप में हुआ और भगवन राम के परिवार का जीवन दर्शन समाज के लिये भाई भाई के भाई-बहन के लिये माता-पिता के लिये तथा सबके लिये अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा संस्कार है, जो सबके परिवार के लिये एक आदर्श है।

श्री सीताराम नाम श्रवण से संसार के प्राणियों का जीवन धन्य हो जाता है। कथा का संचालन कृपाशंकर पाठक ने किया। इस अवसर पर ज्ञानू राय, नवीन राय, आशीष, अमित, पीयूश, सुशील, डा.बंगाली, आनन्द, श्याम नरायन, अविनाश राय, गोपाल साहू, ज्ञानू राय, सुरेश, दिनेश, लाल बाबा, प्रमोद अनिल, महिमा, रिंका अन्नू, नीतू आदि उपस्थित रहे।

## नशेड़ियों से आमजन परेशान

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ऊजीगोदाम में भोर से ही जहां मदिरा सेवन करने वालों का जमावड़ा हो जा रहा है वहीं आये दिन तकरार से नागरिक परेशान हैं। पुलिस कार्रवाई करने से गुरेज कर रही है। शासन द्वारा मदिरा की दुकानों के खुलने का समय तय कर रखा है। बावजूद इसके भोर से ही मदिरा बिक्री शुरू हो जाती है। ऊजीगोदाम बाजार में स्थित मदिरा दुकान पर सेवन करने वाले जुट जाते है।

नशे की हालत में आये दिन तकरार करते है। हालांकि भोर में मनमाने दर पर बिक्री होती है फिर भी मदिरा प्रेमी जुटे रहते हैं। यही दशा अन्य क्षेत्र के ठेकों पर शाम को भी हो जाती है। जहां शाम ढलते ही जमघट लगा रहता है। पूर्व में पुलिस ठेकों पर आये दिन धमक पड़ती थी जिससे राहत थी। इधर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने से इनके हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र के राकेश राम, रमेशचंद्र, विमलेशचंद आदि ने इस पर रोक लगाने की मांग की है।

**संक्षेप**

### केएस एकेडमी का हुआ शुभारम्भ



**आजमगढ़।** शहर के सर्फद्दीनपुर मोहल्ले में केएस एकेडमी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अशोक श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि दीपक राय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। केएस एकेडमी के एमडी प्रशान्त सिंह ने बताया कि जनपद के युवाओं को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से एकेडमी का शुभारम्भ किया गया है यहां पर कम्प्यूटर कोर्स व कोचिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि यहां पर एडवांस एक्सल, वीडियो एडिटिंग, टाईपिंग हिन्दी अंग्रेजी, सीसीसी, 0 लेवल, डीसीए, एडीसीए, टैली, डिजिटल मार्केटिंग के साथ कोचिंग में सीबीएससी पैटर्न पर आधारित कक्षा 8 से 12 तक कोचिंग की सुविधा उपलब्ध है। उन्होने बताया कि यहा पर आर्थिक रुप से कमचोर बच्चों को विशेष वरियता दी जायेगी जिससे कि धन के अभाव में उनकी शिक्षा प्रभावित न हो। इस मौके पर हर्षवर्धन सिंह, अखिलेन्द्र सिंह, सिंटू सिंह, अनामिका सिंह, सलोनी मद्धेशिया, अराधना सिंह अंकित आदि लोग उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण पर ग्रामीणों को दी गयी जानकारी



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड के तरफकाजी गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गोंडवाना रिसर्च सेंटर फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण व शुद्ध पेयजल के बारे में एक बैठक कर विस्तार से जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम सभा में एक टंकी लगाई जा रही है। उससे गांव के प्रत्येक घरों में पाइप द्वारा जल की सप्लाई होगी। प्रत्येक घर पर नल की टोंटी लगाई जाएगी जिससे सप्लाई हेतु शुद्ध जल प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति को पीने के लिए दिया जा सके। तरफकाजी ग्राम में संयोजक गोपाल यादव और उनके सहयोगी नीतू चैहान द्वारा पूर्व में खंड विकास प्रांगण में टेक्नीशियन राजगीर कारीगर पलंबर पंप ऑपरेटर तथा जल सखियों को ट्रेनिंग दी गई थी। उन्हीं के साथ दोबारा फिर बैठक की गई। जिसमें बताया गया कि शुद्ध जल पीने से किसी तरह की बीमारी नहीं होगी। डॉ.संजय चैहान ग्राम प्रधान ने कहा कि प्रत्येक गांव में अब पानी सप्लाई की सरकार द्वारा योजना बनाई गई है, उसे जल्दी ही पूर्ण किया जाएगा। जिससे बच्चे बीमारी मुक्त रहेंगे। इस अवसर पर समस्त टेक्नीशियन सखी सहित रामवृक्ष यादव, रामसुख यादव, राजनाथ यादव, राम चैहान, अनिल यादव, सुनीता सिंह आदि उपस्थित रहीं।

### डुगडुगी पिटवा कर की नोटिस चस्पा



**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के खुरसू खास गांव में न्यायालय की अनुमति से पुलिस ने धारा 82 की डुगडुगी पिटवा कर अभियुक्तों के घर व सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा की। देवगांव कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर रूद्रभान पांडेय द्वारा हमराहियों के साथ पल्हना चैकी के खुरसू खास ग्राम में 21 जनवरी 2023 को पोखरी में मछली मारने को लेकर नायब तहसीलदार लालगंज पंकज शाही तथा देवगांव पुलिस से विवाद करने के मामले को लेकर देवगांव कोतवाली में पांच अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें एक अभियुक्त जेल जा चुका है। चार अभियुक्त अमर सिंह पुत्र साहब राज, बलवंत सिंह पुत्र साहब राज, राजकुमार सिंह पुत्र अमर सिंह और राजनाथ पुत्र गोविंद न्यायालय द्वारा नोटिस देने के बाद भी हाजिर नहीं हुए। इस पर न्यायालय की अनुमति से 82 सीआरपीसी की डुगडुगी पिटवाकर कर अभियुक्तों के घर तथा सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई।

### अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** एक मुकदमें में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त के घर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धारा 82 की नोटिस चस्पा की।अतरौलिया पुलिस ने एक मुकदमें में वांछित अभियुक्त धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ बबलू पुत्र स्व.उपेन्द्र नाथ मिश्रा निवासी अनुवापार, थाना कोतवाली सलेमपुर, जनपद देवरिया के घर न्यायालय के आदेश पर 82 सीआरपीसी के आदेश की प्रति चस्पा की एवं सार्वजनिक स्थान पर चस्पा व मुनादी कराकर प्रचार प्रसार किया। अभियुक्त के घर पुलिस द्वारा बार-बार दबिश देने व न्यायालय द्वारा जारी किए गए एनबीडब्ल्यू के उपरांत भी न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर अतरौलिया पुलिस द्वारा धारा 82 की कार्रवाई की गई। उप निरीक्षक प्रभात कुमार पाठक ने बताया कि अब अभियुक्त सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

### आग से झुलसे किशोर की इलाज के दौरान मौत

**जहानागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार में मिठाई की एक दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जब तक लोग आग पर काबू पाते आग से 14 वर्षीय किशोर झुलस गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जहानागंज बाजार में मिष्ठान विक्रेता संतोष मोदनवाल बवाली मोड़ पर दुकान कर गुजर-बसर करते हैं। शनिवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते धू-धू करके सारा सामान जलने लगा जिससे सबकुछ जलकर खाक हो गया। इस दौरान 14 वर्षीय आदित्य बुरी तरह झुलस गया। उसे आनन-फानन में लोगों ने जहानागंज अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसका इलाज शहर के एक अस्पताल में किया जा रहा था। इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर जहानागंज क्षेत्र के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

## अमृत सरोवर पर लोगों ने ली सेल्फी


सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते डीडीओ संजय सिंह।


अमृत सरोवर का निरीक्षण करते अधिकारी व कर्मचारी।

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** पृथ्वी दिवस सेल्फी दिवस पर कस्बे के रानी पोखरा स्थित अमृत सरोवर पर साफ सफाई के साथ डीडीओ के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम रानीकीसराय में डीडीओ संजय सिंह, एडीओ अजित सिंह, सचिव खुशबू सिंह प्रधान रिंकू गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमृत सरोवर के फोटो, वीडियो, वाइस मैसेज, को ट्विटर एवं अन्य सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया गया। सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में सम्बन्धित ग्राम के मनरेगा श्रमिकों, ग्राम रोजगार सेवक, महिला मेट, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की सहभागिता थी। जनपद में निर्मित कराये गए अमृत सरोवरो पर सेल्फी विद अमृत सरोवर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके तहत प्रत्येक अमृत सरोवरों पर कम से कम से कम 50 ग्रामवासियों द्वारा अमृत सरोवर के साथ ट्विटर पर ट्वीट करते हुए सोशल मीडिया पर सेल्फी विथ अमृत सरोवर हैशटैग के साथ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं राज्य मंत्री आदि के हैण्डल को टैग किया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के लिए महकमा एक दिन पहले से लग गया था। ग्राम विकास अधिकारी खुशबू सिंह ने कहा कि जल संरक्षण करें, जल ही जीवन है, इसे संरक्षित करना सबका दायित्व है। इस दौरान सरोवर पर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सभी ने सेल्फी ली। इस मौके पर डीडीओ संजय सिंह, एडीओ अजित कुमार सिंह, सचिव खुशबू सिंह, प्रधान रिंकू गुप्ता, बीडीसी राजमणी राय, रोजगार सेवक संतोष राम, आकाश गुप्ता, रतन, रजत, राजू शर्मा, संजय गुप्ता सफाई कर्मी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनपद में धूमधाम से मनायी गयी ईद

**खुशी**

**बदरका ईदगाह पर अदा की गयी ईद की नमाज**

जनसंदेश न्यूज


बालक को ईद की बधाई देते जिलाधिकारी।


ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु।

**आजमगढ़।** शहर स्थित बदरका ईदगाह पर भारी सुरक्षा के बीच ईद की नमाज अता की गयी। नमाज के बाद मुस्लिम बंधु एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

रमजान माह समाप्त होने के बाद ईद का पर्व धूमधाम व सौहार्द के साथ मनाया गया। जनपद में 585 ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद घर-घर जाकर सेवईयों का लुफ्त उठाया। वहीं शहर के बदरका ईदगाह पर भारी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदा की, बच्चों में विशेष खुशी थी। यहाँ पर जिला प्रशासन के अधिकारी व जनप्रतिनिधि हिन्दू-मुस्लिम सभी मुबारकबाद देने के लिए मौजूद रहे। आजमगढ़ जिले में ईद की नमाज पुलिस प्रशासन के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपूर्ण कराई गई, जहां 585 जगहों पर ईद की नमाज अता की गई, जिसमें 249 ईदगाह व 336 मस्जिदें हैं। मुबारक चांद के साथ ही ईद की खुशियां शुरू हुईं। जिले में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईद-उल-फितर के त्यौहार की जनपद में धूम रही और लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इसी क्रम में बदरका ईदगाह पर प्रशासनिक लोगों के साथ जन प्रतिनिधि भी उपस्थित होकर लोगों को ईद की बधाई दी। शुक्रवार को तीस रोजा पूरा होने के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रहमतों और बरकतों के पाक महीने रमजान ने अलविदा कहते हुए नई रोशनी और नई उमंग से हर आमो-खास को सराबोर कर दिया। लोगों ने मस्जिद दलाल घाट, मस्जिद जमातुं रसाद, जामा मस्जिद, ईदगाह बदरका में ईद की नमाज अदा की।

इबादत का महिना रमजान समाप्त होने के बाद अकीदत और उल्लास के साथ ईद की नमाज अता की गयी। इस मौके पर सभी ईदगाहों व मस्जिदों पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरे जनपद में ईद की नमाज उल्लास पूर्वक अता की गयी। शहर से लेकर गांव तक ईद की खुशियां थी। सभी लोग एक दूसरे से मिलकर ईद की बधाईयां दे रहे थे।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार शनिवार को नगर पंचायत अतरौलिया की जामा मस्जिद पर मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई। ईद के मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव अतरौलिया स्थित जामा मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दिये। इस मौके पर मुख्य रुप से जगदीश पांडे, सुभाष चंद जायसवाल, मुश्ताक अहमद ,चन्द्र शेखर यादव, रज्जाक अंसारी,जवेद अहमद, राधेश्याम यादव,सहित आदि लोग मौजूद रहे। इनके अलावा भाजपा के दिनेश मद्देशिया, रामचन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र निषाद, व अन्य पार्टी के अभिमन्यु जायसवाल, सहित तमाम लोग उपस्थित थे। **फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र व थाना क्षेत्र में अकीदत के साथ ईद की नमाज मुफ्ती मोहम्मद अहमदुल्लाह की उपस्थिति में अदा की गई। मुफ्ती मोहम्मद अहमदुल्लाह ने मुल्क में अमन चैन बना रहने, आपसी भाईचारा कायम रखने, शिक्षा पर जोर देते हुए नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि हमें शिक्षा के साथ साथ ऐसा माशरा कायम करने की जरूरत है जिससे दीन के रास्ते पर चलते हुए एक सभ्य समाज की स्थापना की जा सके। **लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार देवगांव तथा क्षेत्र के विभिन्न गांव बसही अकबालपुर, सलहरा, बनारपुर, दौना, कटौली, बैरीडीह आदि में धूमधाम से ईद का पर्व मनाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की तैनाती की गई थी। एसडीएम सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी, तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार सिंह,नायब तहसीलदार पंकज शाही, क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार रघुवंशी स्वयं स्थिति का जायजा लेने के लिए विभिन्न गांव में लगातार चक्रमण करते रहे। बसही अकबालपुर ईदगाह में मुफ्ती जासिम कासमी ने कहा कि अगर किसी से कोई मनमुटाव हो गया हो तो उसे दरकिनार कर-के हम आज के दिन उसे गले लगायें और अपनी गलती की माफी मांगते हुए दूसरों की गलती को क्षमा करें। यही ईद का असल उद्देश्य है।

**फरिहा प्रतिनिधि** के अनुसार फरिहा ईदगाह पर सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए एसडीएम निजामाबाद, थानाध्यक्ष निजामाबाद राजेंद्र प्रसाद सिंह, चैकी प्रभारी सुल्तान सिंह तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दिया। इस अवसर पर फरिहा प्रधान अबु बकर खान, जावेद, साहिब आलम, अरबाज खान, पीस पार्टी जिलाध्यक्ष डा.आसिफ खान, एडवोकेट जावेद अखलाक आदि उपस्थित थे।

# विंध्य कॉरिडोर में राजस्थान के पत्थर कारीगरों ने काम बंद कर दिया धरना

## मौके पर पंहुचे क्षेत्राधिकारी ने मजदूरों को समझा बुझा कर कराया काम शुरू

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल में रविवार को दिन विंध्य कॉरिडोर परिक्रमा पथ निर्माण कार्य में लगे पत्थर कारीगरों ने थानाध्यक्ष से नाराज होकर काम बंद कर धरने पर बैठ गए, मौके पर पंहुचे सीओ ने कारीगरों को समझा बुझा कर काम शुरू कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को कॉरिडोर परिक्रमा पथ में कारीगरों ने काम बंद कर धरना पर बैठ गए थे। सुपरवाइजर रमेश चंद्र सैनी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 30 मई तक कार्य को पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था जिसके बाद राजस्थान से आये 85 कारीगर लगातार कार्य कर रहे है। पुरानी वीआईपी से बड़ी निर्माण सामग्री को लाने के लिए वाहन का आवागमन होता है, मंदिर तक श्रद्धालुओं का चारपहिया वाहन का जमावड़ा लगा रहता है जिसके कारण निर्माण बड़ी सामग्री नही आ पाता जब वाहनों के आने का विरोध करते है तो थानाध्यक्ष जेल भेजने की धमकी देते है।


प्रदर्शन करते राजस्थान के श्रमिक

रविवार को निर्माण सामग्री लाते समय एक श्रद्धालु के वाहन में धक्का लग गया जिसके कारण थानाध्यक्ष ने जेल में डालने को धमकी दे दी और मारने पीटने की धमकी देने लगे। थानाध्यक्ष के लगातार धमकी से प्रताड़ित होकर कारीगरों ने काम बंद कर दिया।

करीब चार घंटे तक बंद होने के बाद मौके पर पंहुचे क्षेत्राधिकारी परमानन्द कुशवाहा ने कारीगरों से बात किया और आश्वासन दिया कि आगे से निर्माण सामग्री लाने में आवागमन सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नही होगी।

सीओ ने कहा कि प्रोटोकाल में आने वाले अधिकारियों के वाहन मंदिर तक आएंगे लेकिन अधिकारी के उतरने के बाद वाहन पुनः नीचे चले जायेंगे। सीओ के आश्वासन के बाद कारीगरों ने काम शुरू किया।

## अनुपस्थित कार्मिक 24 अप्रैल को प्रशिक्षण में उपस्थित होना करें सुनिश्चित

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया मीरजापुर में शुक्रवार को प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में कतिपय विभाग के कार्मिक-यथा हरि प्रसाद सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी हलिया, रविशंकर यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी, नवनीत कुमार शर्मा खण्ड शिक्षा अधिकारी मड़िहान, अजय कुमार सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी छानबे, निषार अहमद खण्ड शिक्षा अधिकारी छानबे, इमामरजा खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, गौरव सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, महेन्द्र कुमार खण्ड विकास अधिकारी लालगंज, निजामुद्दीन शाह खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, विजय बहादुर खण्ड शिक्षा अधिकारी हलिया, रामभरत सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज, सौरभ कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी लालगंज प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये। उपरोक्त अनुपस्थित कार्मिको को विभागधाध्यक्ष अपने स्तर से दिनांक 24 अप्रैल 2023 को प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें। साथ ही अनुपस्थित मतदान कार्मिकों को रविवार को राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया में समय प्रातः 10:00 बजे प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि को उपरोक्त मतदान कार्मिक यदि प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये जाते है तो अनुपस्थित कार्मिक का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत कार्यवाही कर दी जायेगी तथा यदि यह पाया जाता है कि आप द्वारा सम्बन्धित कार्मिक को प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित नहीं किया गया है तो आपके विरूद्ध भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वतः जिम्मेंदार होंगे।

## संक्षेप

### सांसद मनोज तिवारी ने बच्चों का कराया मुंडन संस्कार



**मीरजापुर।** जनपद में रविवार की सुबह माता विंध्यवासिनी की पावन नगरी में मन्नतों साथ आये भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी अपनी पत्नी सुरभि तिवारी के साथ माता के श्री चरणों में शीश नवाया। सांसद मनोज तिवारी ने माता विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन पश्चात परिवार संग मंदिर परिषद के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में अपने चार माह की पुत्री मनोज्ञा एवं ढाई वर्षीय पुत्री शान्विका का मुण्डन कराकर दर्शन पूजन किया। मुंडन कार्यक्रम में सांसद परिजनों की तरफ से बुआ श्रुति तिवारी और नानी नूतन देवी मौजूद रही। माता विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन का कार्यक्रम पुरोहित सुमित पांडेय ने विधि विधान से संपन्न कराया।

### 101 कन्याएं ने कलश में जल भरकर पहुंची मंदिर

**हलिया।** क्षेत्र के खोदाईपुर गांव स्थित गौरीशंकर महादेव मंदिर पर रविवार से आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा के लिए गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। 101 कन्याओं ने अलोमती मंदिर परिसर बबुरा कला से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरकर ग्रामीणों संग गाजे बाजे के साथ खोदाईपुर गौरीशंकर मंदिर पर पहुंची। जहां कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किया गया। सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन गौरीशंकर मंदिर सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। गौरीशंकर मंदिर सेवा समिति के सुशील पयासी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए गौरीशंकर महादेव मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वृन्दावन से पधारे श्रीमद्भागवत कथावाचक भागवत भूषण पंडित कपिल उपमन्यु जी महाराज 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक दोपहर तीन बजे से सायं 7 बजे तक भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। कलश यात्रा में राम आसरे मिश्र, अभिमन्यु प्रसाद द्विवेदी, सुशील पयासी, हरे कृष्ण दुबे, मोनू सिंह, विपिन मिश्र, कमला शंकर द्विवेदी, प्रदीप दुबे, राजेश मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी आदि शामिल रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला सहित दो झुलसे

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव के पहड़ी पर कच्चे मकान के बरामदे में बैठी महिला व उसका जेठ शनिवार की रात 7 बजे के करीब आकाशीय बिजली की चपेट आकर अचेत हो गये। आनन फानन में परिजन उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से पीएचसी हलिया लेकर गये जहां महिला के जेठ की हालत सामान्य है जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। बरी पहड़ी निवासी अनिल की तीस वर्षीया पत्नी उर्मिला तथा 40 वर्षीय जेठ बद्री प्रसाद कच्चे मकान के बरामदे में बैठे थे कि अचानक गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली घर के पास गिर पड़ी जिसकी चपेट में आकर दोनों अचेत हो गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों घायलों का चिकित्साधिकारी विवेक खरे उपचार कर रहे हैं महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि महिला की हालत में सुधार नही होने पर बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

### अनियंत्रित होकर पलटा आटो रिक्शा, महिला समेत कई घायल

**जमालपुर।** क्षेत्र के बेलहर गांव के पास रविवार को शेरवां की तरफ से आ रही आटो रिक्शा से भरी सवारी अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे आटो में सवार सहित एक राहगीर चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में इलाज कराया गया। आटो रिक्शा का पीछे की सीट भरें होने की वजह से चालक ने दो लोगों को आगे सीट पर बैठाकर गाड़ी का राड पकड़ने के लिए बोला तो 60 वर्षीय महिला ने राड की जगह एक हाथ से स्टेयरिंग पकड़ लिया और जैसें ही बेलहर गांव की ओर से रिक्शा आगे बढ़ा कि अचानक पलट गया और चार लोग चोटिल हो गए। जमीला 65 वर्ष निवासी भुइली थाना अदलहाट ईद पर्व पर अपने रिश्तेदार के यहां बिक्सी आई थी और अपने घर आटो से जा रहीं थी कि गंभीर रूप से चोटिल हो गई जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में चल रहा है। पार्वती 45 वर्ष निवासी शेरवां चोटिल हो गई जिसका इलाज स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया। राजेश 30 वर्ष पुत्र मोती अपने घर से पैदल सड़क के एक तरफ से जा रहा था कि अचानक अनियंत्रित टैम्पो से टकरा गया और चोटिल हो गया। चालक नंदलाल निवासी शेरवा आंशिक रूप से चोटिल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और आटो रिक्शा को कब्जे में ले लिया है।

### भूमि को दोबारा बैनामा कराने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि को दोबारा बैनामा कराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को0देहात, मीरजापुर पर 07 नवम्बर 2022 को वादिनी किरन उर्फ मीरा पत्नी योगेन्द्र सिंह यादव निवासिनी छोटा मिजार्पुर थाना को0कटरा मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का दोबारा बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 देहात पर धारा 420, 46, 468, 471, 506,120बी भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना में संलिप्त आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में उ0नि0 विजय कुमार राय चौकी प्रभारी बरकछा थाना को0देहात मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से नामजद आरोपी सुरेश मनीष कुमार यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी दुगार्बाजार थाना को0कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### 6 दिनों से लापता है युवक, परेशान हैं परिजन

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी 27 वर्षीय आलोक कुमार तिवारी विगत 6 दिनों से बिना बताए घर से लापता हो गए हैं। परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान है और उनमें चिंताएं बढ़ती जा रही है। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी आलोक कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय रमेश तिवारी विगत 18 अप्रैल को चार बजे घर पर बिना किसी को बताए लापता हो गए है। परिजन संभावित स्थानों पर बहुत खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका है। परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान है।

### दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लालगंज।** स्थानीय पुलिस द्वारा 2 वारण्टी पति पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय के वास्ते जेल भेजा गया। लालगंज थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया को मुखबिर कि सूचना पर उनके द्वारा थाने के उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार के साथ मय पुलिस को भेजकर तेन्दुहनी गांव निवासी न्यायालय में वांछित चल रहे दो वारंटी काशीनाथ पुत्र तेजई व अनन्ती देवी को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिए गए। पुलिस की लगातार इस तरह की कार्रवाई से अवांछनीय तत्वों में भय व्याप्त हो गया है।

### बिछड़े दंपत्तियों को पुलिस ने मिलाया

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के छः बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान परिवार परामर्श केन्द्र महिला उपनिरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी सपना तथा सदस्यगण डॉ.कृष्णा सिंह, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डीजल पीने से बालक की हालत बिगड़ी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार शाम को तीन वर्षीय बालक डीजल पीने से अचेत हो गया। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां बालक का उपचार का उपचार किया जा रहा है। सोनगढ़ा गांव निवासी नईमुद्दीन का तीन वर्षीय बेटा नौसाद घर में पंपसेट में डालने के बाद बचा हुआ डीजल गिलास में रखा था जिसे अबोध बालक ने पी लिया और हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां बालक का उपचार किया जा रहा है। हालात सामान्य बताई जा रही है।

### मरीजों में वितरित किया फल

**मीरजापुर।** ऊमर ओमर वैश्य परिषद के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दान के महापर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर फल वितरण का कार्यक्रम मंडलीय चिकित्सालय मीरजापुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को फल बिस्किट का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से परिषद के अध्यक्ष मनु लाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष गौरव ऊमर, बसन्त ओमर, आशुकान्त चुनाहे, मनीष गुप्ता, राजेश ऊमर, अनुप गुप्ता, नागेश्वर, देवेन्द्र गुप्ता, सुमित गुप्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से मौत, मामला संदिग्ध

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कुसमी कला गांव निवासी रामानंद उर्फ मूसई उम्र 20 वर्ष पुत्र हीरालाल आरएलजी सीमेंट फैक्ट्री बड़ागांव से अपने ट्रैक्टर पर सीमेंट लादकर गेट पर बिल्टी बनवाने के लिए खड़ा था। कब और कैसे ट्रैक्टर चल दी। जिस चक्के के नीचे आने से रामानंद की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रामानंद व भाई कृष्णा भोर में बाइक से चार बजे गए हुए थे। टैक्टर पर पहले से सीमेंट लदा था। दोनों भाई रामानद व कृष्णा टैक्टर को लेकर गेट पर विल्टी बनवाने गये, तब तक कृणा को शौच लग गया। जिसे वह गेट के पास खेत में शौच करने चला गया। तभी गेट खुला और ट्रैक्टर अपने आप चली हुई आ रही थी। रामानंद के भाई का कहना है कि ट्रैक्टर एक नंबर गियर में खड़ी थी। बिना स्टार्ट किए कैसे चल दी। मृतक के घर वालों का और उनके पिता हीरालाल ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे भाई को कंपनी के कर्मचारियों ने ही मार डाला। मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस एफ आई आर दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

# संदिग्ध परिस्थिति में श्रमिक की मौत

**परिजनों ने किया बवाल**

**मौके पर पहुंचे एएसपी नक्सल व डाग स्क्वायड की टीम**

**जनसंदेश न्यूज**

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोनौरा शिवपुर गांव में शनिवार की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई। जिगना थाना क्षेत्र के गोनौरा गांव निवासी लालमणि बिंद पुत्र उमापति बिंद उम्र लगभग 45 वर्ष जो का हर घर नल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण में लगे मजदूरों से विवाद हो गया।

विवाद के बाद अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है की गोनोरा गांव में हर घर नल योजना के तहत पानी की टंकी बन रही है। जिसमें काम करने के लिए बिहार से मजदूर आये हुए है। लालमणि का मजदूरों से किसी बात को लेकर शनिवार को झगड़ा हुआ था, जिसके बाद मजदूरों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। मृतक युवक मांडा क्षेत्र में रेलवे में ठेकेदारी का काम करता था। मृतक रविवार को काम पर गया था, जहां इसी बीच रविवार शाम से ही यह गायब हो गया। देर रात ना पहुंचने पर घरवाले अगल बगल ढूंढने लगे, लेकिन पता नहीं चला। भोर में पानी टंकी के बगल युवक मृतावस्था में पाया गया। युवक की जेब से पैसा और मोबाइल बरामद हुआ है। मृतक की पत्नी का आरोप है कि बिहार से आये मजदूर व कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर पति की हत्या का अंजाम दिया है। घटना के बाद से ही पानी टंकी के मजदूर व ठेकेदार फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी नक्सल ओपी सिंह व थाना प्रभारी अरविंद पांडेय ने मामले की छानबीन की। घटनास्थल पर डाग स्क्वायड की टीम ने जांच किया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घटना के बाद मौके पर पूछताछ करते एएसपी नक्सल


घटना की जांच करते थानाध्यक्ष पड़री

## राजगीर मिस्त्री ने साड़ी के फंदे पर झूलकर की आत्महत्या

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के कोटवा गाँव के हरिजन बस्ती में रविवार की भोर में विगत माह से मानसिक संतुलन न ठीक होने से राजगीर मिस्त्री ने साड़ी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष अजित कुमार श्रीवास्तव ने शव को फंदे से नीचे उतरवाते हुए पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के विषय मे बताया जा रहा है कि कोटवा गांव निवासी मनोज कुमार 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राजाराम हरिजन रविवार की सुबह चार बजे भोर पंखे में साड़ी बांधकर फांसी लगा लिया। पुलिस के अनुसार मनोज विगत एक माह से मानसिक रूप से डिस्टर्ब चल रहा था। मौके पर पहुँची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृत युवक पेशे से राजगीर मिस्त्री था और इधर एक माह से मानसिक संतुलन ठीक न होने से डिस्टर्ब चल रहा था। घटना से पत्नी पलक व दो बच्चों समेत घर के अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत युवक के माता शान्ति देवी व पिता राजाराम की भी मौत विगत कई वर्ष पहले हो चुका है।

# अध्यक्ष व सभासद के प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**चुनाव**

### कछवां में कांग्रेस ने किया नामांकन

**चुनार।** निकाय चुनाव में रविवार को चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस प्रत्याशी मंसूर अहमद दो सेट में, बसपा प्रत्याशी रमाशंकर पटेल दो सेट में व आम आदमी पार्टी से मोहन यादव ने दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं नगर पालिका अहरौरा के अध्यक्ष पद हेतु सपा प्रत्याशी गोपाल दास जायसवाल ने एक सेट में कांग्रेस प्रत्याशी उमाशंकर ने दो सेट में व आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रमेशचन्द्र केशरी ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

रिटर्निंग आफिसर नगर पालिका चुनार नवनीत सेहरा ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवारों ने व सदस्य पद हेतु उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु जगदीश गुप्ता ने दो सेट में नामांकन पत्र की खरीद किया है। वहीं अहरौरा नगर पालिका के रिटर्निंग आफिसर अश्वनी सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु तीन उम्मीदवारों ने व सदस्य पद हेतु उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि अध्यक्ष पद हेतु तेजचंद ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा।

वहीं नगर निकाय नगर पंचायत कछवां अध्यक्ष पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रत्याशी राधा गुप्ता ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान जिला पंचायत के सदस्य शिव शंकर चौबे, प्रमोद गुप्ता, अखिलेश सिंह, सतीश शर्मा, कुंज बिहारी उपाध्याय, मुन्ना मिश्रा, श्री राम पांडेय, अनुज मिश्रा, प्रवीण गुप्ता, चंदन गुप्ता, किशन गुप्ता एवं 9 सभासदों ने भी अपना नामांकन किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी मंसूर अहमद ने अध्यक्ष पद हेतु किया नामांकन



**चुनार।** कांग्रेस प्रत्याशी मंसूर अहमद ने सैकड़ों की संख्या में दरगाह शरीफ चौराहे से अपना जुलूस निकालाकर केसरी प्रांगण में आकर नामांकन पत्र उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान काशी प्रांत के अध्यक्ष अजय राय, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब चंद पांडे, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ज्योति, नगर अध्यक्ष आदित्य गुप्ता पदयात्री, शिवानी साहनी, आयुषी शुक्ला, भानु यादव, विजय जायसवाल, राजेश कुमार राजू, कमर वसीम, प्रतीक त्रिपाठी, जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अफसर अली अफसर, पूर्व नगर अध्यक्ष डॉक्टर सत्यवान श्रीवास्तव, देवी प्रसाद त्रिपाठी, श्यामधर उपाध्याय, डब्लू मिश्रा, धनुधारी यादव, अख्तर अली, मदन गुप्ता, रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में सुनील पांडेय ने किया नामांकन

**मीरजापुर।** जनपद के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के रूप में सुनील कुमार पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। नामांकन जुलूस घंटाघर मैदान से होकर पैदल मार्च करते हुए समस्त क्षेत्रों में भ्रमण कर कचहरी पहुंची जहां पर एसडीएम सदर के न्यायालय में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुनील कुमार पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन जुलूस में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेषधर दुबे, आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आम आदमी पार्टी के नगर के नेता संजय कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।


नामांकन करते आप प्रत्याशी

### मुख्य वन संरक्षक ने पौधशाला का निरीक्षण कर दिया निर्देश

**हलिया।** ड्रमंडगंज वनरेंज के सुखड़ा पौधशाला व वनरेंज में कराए जा रहे अग्रिम मृदा कार्यों तथा पूर्व में हुए पौधारोपण का मुख्य वन संरक्षक मीरजापुर वन प्रभाग रमेश चन्द्र झा ने रविवार को निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक ने सुखड़ा पौधशाला में विभिन्न प्रजातियों के नर्सरी प्रथम में 7 लाख 51 हजार व नर्सरी द्वितीय में तैयार किए जा रहे 7 लाख 28 हजार पौधों का निरीक्षण कर पौधों के रखरखाव समय से सिंचाई आदि कराने का क्षेत्रीय वन अधिकारी वीके तिवारी को निर्देश दिया। इसके बाद मुख्य वन संरक्षक आगामी पौधरोपण हेतु महुगढ़ वन ब्लाक के 2023 वगार्कार में कराए गए अग्रिम मृदा कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक ने वर्ष 2021 में कराए गए पौधारोपण का निरीक्षण किया। बड़े पैमाने पर पौधों के नदारद होने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी को आड़े हाथों लिया और पौधों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने की सख्त हिदायत दी। मुख्य वन संरक्षक ने नैड़ी प्लांटेशन में पौधारोपण हेतु कराए जा रहे अग्रिम मृदा कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्य वन संरक्षक ने मौके पर मौजूद वनकर्मियों को वनों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि वनों की सुरक्षा में लापरवाही क्षम्य नही है कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीओ जेपी सिंह, रेंजर वीरेन्द्र कुमार तिवारी,वनदरोगा रामनरेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## शांति व्यवस्था में खलल पर होगी कठोर कार्रवाई : एसपी

**लालगंज।** छानवे विधानसभा उप चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था वनाये रखने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बीएसएफ व पुलिस फोर्स, पुलिस उपाधीक्षक संघ रविवार को शाम पांच बजे लालगंज में रूट मार्च किया। लालगंज कस्बा के बापू उपरौध इंटर कॉलेज मैदान से मेन रोड मार्ग पर होकर कस्बा के आखिरी छोर विजयपुर रोड पर उन्होंने रूट मार्च करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज के प्रांगण से लालगंज कस्बा में पुलिस फोर्स के साथ रूट मार्च निकाला गया। मेन रोड पर दुबार मोड़ होते हुए विजयपुर मोड़ से कस्बा के आखिरी छोर तक होते हुए लालगंज कोतवाली पहुंचे। रुट मार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कस्बावासियों से मिलकर कानून व्यवस्था के साथ ही चुनाव में आने वाली अड़चनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को लोकतंत्र के त्यौहार उपचुनाव को दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। अगर कोई शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रूट मार्च में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज, महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्ञानुप्रिया के अलावा सभी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने रूट मार्च के दौरान लालगंज कस्बा में जगह-जगह रुक कर लोगों से निडर होकर मतदान में भाग लेने का अपील किया। विजयपुर मोड़ तिराहे पर बैठे कुछ युवकों से मतदान के बारे में जानकारी लेते हुए उनके अनावश्यक बैठे होने पर तंज कसा और युवक के शर्ट के खुले बटन को बंद कराया।


ग्रामीणों से वार्ता करते एसपी

# भाजपा में दिग्गजों को लगा झटका

**मायूसी**

**श्याम सुंदर केशरी पर भाजपा ने लगाया दांव**

**भाजपा में टिकट को लेकर चल रही रस्साकशीं पर लगा विराम**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने वरिष्ठ नेताओं को मायूस कर दिया। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष की सूची जारी की। तो कितने लोगों की मंशा पर पानी फिर गया। वहीं दिन-रात नगर पालिका अध्यक्ष बनने का सपना सच होने वाले प्रत्याशियों को मायूसी हाथ लगी।

मीरजापुर में नगर पालिका सीट को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन टिकट ऐसे प्रत्याशी को मिला जिसकी कोई उम्मीद नहीं थी। भाजपा ने ऐसे प्रत्याशी पर अपना दांव लगाया कि अन्य दावेदार चित हो गए। वहीं जिले की 2 नगरपालिका सीटों पर केसरी बंधुओं का टिकट मिलना लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। माना जा रहा था कि भाजपा के दिग्गज नेता जो लगातार भाजपा को अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था उन्हें शायद मौका मिल जाता लेकिन उन्हें सिर्फ मायूसी हाथ लगी।

सूत्रों की माने तो कुछ भाजपाई निर्दल प्रत्याशी के रूप में भी चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं। यह तो समय बताएगा की बाजी किसके हाथ लगेगी। फिलहाल अहरौरा और नगर पालिका नगर में भारतीय जनता पार्टी ने केसरी बंधुओं पर दांव लगाया। अब आने वाला समय बताएगा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो टिकट दिया उनके प्रत्याशी पार्टी की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं या उन्हें उनकी तरफ से पार्टी को सिर्फ मायूसी हाथ लगेगी। भारतीय जनता पार्टी ने अंत समय में जिले में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी ने मिजार्पुर जिले से श्यामसुंदर केसरी को नगर पालिका से उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही चुनाव नगर पालिका से विजय बहादुर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। अहरौरा नगर पालिका से ओमप्रकाश केसरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कछवां नगर पंचायत की सीट पर पिंकी मोदनवाल को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस सहित अन्य दलों के द्वारा अपनी सूची को पहले ही जारी कर दिया गया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई थी। कई दलों में प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने के बाद नाराज नेता दूसरों दलों में जाकर अपना ठिकाना लगा लिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे समय में अपना टिकट जारी किया है जिसके बाद कोई नेता किसी भी दल में नहीं जा सकता है।

फिलहाल भारतीय जनता पार्टी ने मिर्जापुर नगर पालिका सीट से श्याम सुंदर केसरी को टिकट देकर सबको चौंका दिया है। अब देखना यह होगा कि भारतीय जनता पार्टी को इस फैसले से कितना फायदा होता हुआ दिखाई देगा। भारतीय जनता पार्टी ने अंत समय में जिले में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी ने मीरजापुर जिले से श्यामसुंदर केसरी को नगर पालिका से उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही चुनार नगर पालिका से विजय बहादुर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। अहरौरा नगर पालिका से ओमप्रकाश केसरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कछवां नगर पंचायत की सीट पर पिंकी मोदनवाल को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस सहित अन्य दलों के द्वारा अपनी सूची को पहले ही जारी कर दिया गया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई थी। कई दलों में प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने के बाद नाराज नेता दूसरों दलों में जाकर अपना ठिकाना लगा लिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे समय में अपना टिकट जारी किया है जिसके बाद कोई नेता किसी भी दल में नहीं जा सकता है। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी ने मिर्जापुर नगर पालिका सीट से श्याम सुंदर केसरी को टिकट देकर सबको चौंका दिया है। अब देखना यह होगा कि भारतीय जनता पार्टी को इस फैसले से कितना फायदा होता हुआ दिखाई देगा।

# निकाय चुनाव : अध्यक्ष 18, सभासद के लिए 178 ने किया नामांकन

**चुनाव**

## अध्यक्ष के 28 व सभासद के खरीदे गए 111 पर्चे

**सोनभद्र/ओबरा/दुद्धी।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन रविवार को दस निकायों के अध्यक्ष पद के लिए 28 और सभासद पद के लिए 111 पर्चे क्रय किए गए। वहीं 196 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 18 व सभासद के लिए 178 नामांकन हुआ। रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 2 व सभासद के लिए 14 पर्चे खरीदे गये। नगर पंचायत चुर्क में अध्यक्ष पद के लिए 1 व सभासद के लिए 02 पर्चे खरीदे गये। वहीं घोरावल नपं अध्यक्ष के लिए 4 व सभासद के लिए 24 पर्चा खरीदा गया। चोपन नपं अध्यक्ष पद के लिए 8 व सभासद के तीन पर्चे, ओबरा अध्यक्ष के लिए 2 अध्यक्ष व 15 सभासद व डाला नपं सभासद के लिए तीन पर्चे खरीदे गये।

### बीजेपी ने जारी की निकाय अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को निकाय अध्यक्ष प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया। जिले की एक मात्र नगर पालिका राबट्र्सगंज सीट से पूर्व दुद्धी विधायक रूबी प्रसाद को अपना प्रत्याशी बनाया, जबकि चोपन नगर पंचायत सीट निषाद पार्टी के खाते में चली गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने सूची जारी कर ओबरा नपं सीट से निवर्तमान अध्यक्ष प्राणमति देवी, रेणुकूट नपं सीट से निशा सिंह, पिपरी नपं सीट से दिग्विजय प्रताप सिंह, नवसृजित अनपरा नपं सीट से कैलास चंद्र जैन व डाला बाजार नपं सीट से चंद्रावती देवी, चुर्क नपं सीट से मीरा यादव, घोरावल नपं सीट से राजेश कुमार, दुद्धी नपं सीट से कमलेश मोहन को प्रत्याशी बनाया है। जबकि चोपन नगर पंचायत सीट भाजपा ने निषाद पार्टी को दिया है। जल्द ही निषाद पार्टी अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी।

### कांग्रेस ने जारी की पांच नपं अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची

**सोनभद्र।** उप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बृजलाल खबरी ने रविवार को जनपद के 5 नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने बताया कि नगर पंचायत घोरावल से जय प्रकाश, चुर्क से मुन्नी जायसवाल, नगर पंचायत चोपन से सेत राम, अनपरा नगर पंचायत से ज्योति प्रकाश व नगर पंचायत ओबरा से मनीषा कुमारी कांग्रेस की प्रत्याशी होंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही बाकी बचे पंचायत और नगरपालिका के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। कांग्रेस प्रदेश कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि जनपद में लोगों का वर्तमान राजनीतिक परिवेश से मन ऊब चुका है और अब वह कांग्रेस की ओर देख रहे हैं, जिसका परिणाम आगे आने वाले चुनाव में दिखेगा।

### रेनुकूट से रामाश्रय, दुद्धी से रामपाल व पिपरी से दिग्विजय ने किया नामांकन

दुद्धी। नगर पंचायत चुनाव 2023 - 24 के नाम निर्देशन पत्रों के दाखिला के सातवें दिन रविवार को रेनुकूट नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु बीएसपी प्रत्याशी रामाश्रय यादव ने अपना नामांकन दाखिल किया। दुद्धी से अध्यक्ष पद हेतु रामपाल जौहरी ने 2 सेट में ,कमला चौरसिया पत्नी मिथिलेश चौरसिया ने 1 सेट में नामांकन दाखिल किया। पिपरी नगर पंचायत से दिग्विजय प्रताप सिंह पुत्र शत्रुध्न सिंह व अजित कुमार गुप्ता पुत्र अशोक कुमार ने अपना नामंकन दाखिल किया। अनपरा से विश्वम्भर सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवप्रताप सिंह ने 1 सेट में प्रवीण पुत्र चंद्रभान ने 1 सेट में, गोपाल यादव पुत्र रामदरस यादव ने 2 सेट में, मनोज यादव पुत्र शिवकैलाश ने 1 सेट में रामगोविंद पुत्र स्वर्गीय बबई ने एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं दुद्धी से विभिन्न वार्डो के 9 लोगों ने , रेनुकूट से विभिन्न वार्डों से 13 लोगों ने , पिपरी से विभिन्न वार्डो से 27 लोगों ने , अनपरा से विभिन्न वार्डों से 26 लोगों ने अपना नामंकन दाखिल किया।

## ओबरा नपं अध्यक्ष से सपा प्रत्याशी चांदनी ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज



सपा से नामांकन करने जाती चांदनी देवी

**ओबरा।** पीजी कॉलेज ओबरा में नगर पंचायत चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया में रविवार को समाजवादी पार्टी से ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु चांदनी देवी ने अपना नामांकन किया। वही उनके साथ सपा के 16 वार्ड सभासद प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तथा प्रस्तावक नियमानुसार शालीनता से नामांकन स्थल पर पहुंचकर प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत अपना नामांकन किया गया। दूसरे चरण के चुनावी प्रक्रिया के तहत आगामी 11 मई को ओबरा नगर पंचायत के 53 हजार से ज्यादा मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग किया जाएगा।इस चुनाव में भाजपा, सपा,बसपा, कांग्रेस तथा आप पार्टी के साथ साथ निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। दूसरी ओर नगर पंचायत का सीमा विस्तार हो जाने के कारण भारी संख्या में मतदाता विस्तारित क्षेत्रों से जुड़े हैं। विस्तारित क्षेत्र के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। उन सभी स्थानों पर महज 17 दिनों के अंदर प्रत्याशियों को अपना प्रचार करना है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर यादव, विधानसभा प्रभारी सुनील गौड़, समाजसेवी रमेश सिंह यादव, पूर्व नपं अध्यक्ष दुर्गावती देवी, श्रवण कुमार,रमेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### परशुराम के जीवन चरित्र को आत्मसात करने पर दिया गया जोर

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के तत्वाधान में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान परशुराम जयंती जनपद न्यायालय के बार एसोसिएशन सभागार में मनायी गयी। कार्यक्रम आलोक चतुवेर्दी मुख्य प्रशासक बनवासी सेवा आश्रम चपकी एवं नरेंद्र कुमार पाठक अध्यक्ष बार काउंसिल के संयुक्त आतिथ्य में संचालित किया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम की प्रतिमा पर विशिष्ट जनों द्वारा माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन मंत्रोचार सहित किया गया। वक्ताओं ने परशुराम के जीवन मूल्यों को सही अर्थ में समझने एवं उनके कार्यों की सार्थकता पर प्रकाश डाला। रामचंद्र मिश्र ने भगवान परशुराम के जीवन दर्शन को सही अर्थ में समझने एवं आत्मसात करने की प्रेरणा दी। बार काउंसिल अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक ने परशुराम के कार्यों का महत्व तत्कालीन परिपेक्ष्य में समझने एवं उनकी पूज्यनीयता एवं श्रेष्ठता को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपेंद्र देव पांडे, विनोद कुमार शुक्ल, सुरेंद्र कुमार पांडे, योगेश कुमार पांडे, विजेंद्र देव पांडे, रविनाथ मिश्र, मनोज धर दुबे, इंद्रेश कुमार दुबे, अतुल मिश्रा, संजय सिंह उपस्थित रहे। अंत में कमलेश चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन आनंद त्रिपाठी ने किया। इसी तरह सभी विकास खंडों में परशुराम जयंती मनाई गई।

## संक्षेप

### पुलिसकर्मियों को दिया गया सीसीटीएनएस प्रणाली का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल पुलिसकर्मी

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ने पुलिस लाइन चुर्क में समस्त थानों से आये सीसीटीएनएस मुंशी, कम्प्यूटर आपरेटरों के साथ रविवार को गोष्ठी व एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जिसमें जनपद के समस्त थाना/कार्यालयों व पुलिस लाइन में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सीसीटीएनएस प्रणाली का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें नोडल प्रभारी सीसीटीएनएस द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सीसीटीएनएस कार्यप्रणाली परियोजना का संक्षिप्त परिचय दिया गया। तत्पश्चात सीसीटीएनएस परियोजना से पुलिस कर्मियों को मिलने वाले लाभ तथा नागरिक सम्बन्धी सेवायें जो जनमानस हेतु हितकारी है के बारे में बताया गया।

### भागवत कथा से होता है मानवों का उत्थानः अरुण कृष्ण शास्त्री



कथा सुनाते व्यास

**घोरावल।** स्थानीय ब्लाक के खटौली गांव में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमदभागवतकथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा व्यास अरुण कृष्ण शास्त्री ने बताया कि भागवत कथा से सभी मानव जीव का लोक और परलोक सुधर जाता है। एकादशी व्रत के महत्व को बताते हुए कहा कि दशो इंद्रियों और मन को भगवान के चरणों मे लगाना ही एकादशी है। जीव के बुद्धि से व्याप्त अज्ञान को दूर करना ही भगवान की चीरहरण लीला है। भगवान जीव के अज्ञान को दूर कर अपने भक्तों को अपने चरण से जोड़कर उद्धार कर देते हैं। जिससे जीव परम शक्ति को प्राप्त होता है। जीवात्मा और परमात्मा के सहयोग के पावन लीला को महा रास लीला कहते हैं। जब तक वेद शास्त्र और भागवत पुराण की कथा इस धरा पर होती रहेगी, तब तक सुख, शक्ति और समृद्धि बनी रहेगी। चोरी, हत्या, पाप, दुराचार को दूर करने का सबसे सरल साधन है भागवत कथा। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का मन अनेक प्रयास करने से भी शुद्ध नही होता वह भागवत कथा के श्रवण से सहज ही शुद्धता की ओर अग्रसर होता है। इस दौरान रुक्मिणी विवाह की कथा, झांकी और भजनों का भक्तों ने आनंद लिया। इस मौके पर मान सिंह, विकास सिंह, प्रमोद मिश्रा, राजू सिंह, संतोष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, विजय मिश्रा, संजय मिश्रा, रवि, गौरव, देवानंद आदि उपस्थित रहे।

### सी परियोजना की पहली इकाई का हुआ प्रारंभिक ट्रायल समकालन

**ओबरा।** सी परियोजना की प्रथम इकाई संख्या एक का निर्माण कार्य दिसंबर 2016 में प्रारंभ हुआ था। वही इस इकाई का कार्य पूर्ण करते हुए इकाई का प्रारंभिक ट्रायल समकालन 22 अप्रैल की रात सफलतापूर्वक कर लिया गया है। इस दौरान ओबरा परियोजना के संबंधित अधिकारी इं. दीपक कुमार मुख्य महाप्रबंधक, इं. पीसी अग्रवाल, महाप्रबंधक (सी), इं. अच्युतेश कुमार, अधीक्षण अभियंता के साथ साथ अन्य निगमीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कार्यदायी संस्था मेसर्स दुसान पावर सिस्टम्स के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शीघ्र ही इकाई का कोयले के साथ समकालन किया जाएगा तथा इकाई की वाणिज्यिक कमीशनिंग हो जायेगी। तदोपरान्त इकाई से प्रदेश को 660 मेगावाट विद्युत की आपूर्ति होने लगेगी, जिससे ओबरा परियोजना अपने ब परियोजना के साथ सी परियोजना से विद्युत आपूर्ति करते हुए विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने लगेगी। सी परियोजना की दूसरी इकाई का कार्य भी अंतिम चरण की तरफ अग्रसर है। जिसके पूर्ण होने के उपरान्त प्रदेश को 660 मेगावाट अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा।

# 40 घंटे बाद मिला सोन नदी में डूबे युवक का शव, मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**बीते शुक्रवार को सोन नदी में डूब गये थे पांच दोस्त**

**ओबरा/चोपन।** जुगैल थाना क्षेत्र के कुड़ारी गांव के समीप सोन नदी में डूबे युवक का शव 40 घण्टे बाद रविवार को बरामद हो गया। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद निर्माणाधीन पक्का पुल के पास से शव बरामद किया। युवक का शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं साथी की मौत से अन्य चारों दोस्त भी सदमे में हैं। बताया गया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के तरांवा गांव निवासी रिशु पांडेय 20 शाहगंज थाना क्षेत्र के कुशहरा गांव निवासी दोस्त सूरज दुबे, संजय शुक्ल, अमित शुक्ला व शिवम सिंह के साथ शुक्रवार को मां कुंडवासिनी के दर्शन के लिए कुड़ारी गया था।

दर्शन के बाद सभी दोस्त सोन नदी में नहाने चले गए। गहराई का अंदाजा न होने से वह नदी में डूबने लगे। उनकी चीख-पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने चार दोस्तों को सकुशल बाहर निकाला, जबकि रिशु नदी में डूब गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश में जुटी, लेकिन अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान को बीच में ही रोक दिया गया।

शनिवार की सुबह दस बजे वाराणसी से घटनास्थल पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने लापता रिशु पांडेय की खोज शुरू की। दिन भर चले अभियान के बाद खाली हाथ बाहर निकली टीम ने रविवार की सुबह फिर से तलाशी शुरू की। कुछ देर बाद ही टीम को युवक का शव निकालने में कामयाबी मिल गई। इस संबंध में सीओ डॉ. चारु द्विवेदी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर का आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक रिशु-फाइल फोटो

### एक किलो 300 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ़्तार

**ओबरा।** अवैध नशा पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाये के क्रम में सीओ डा. चारु द्विवेदी के निर्देशन में नगर में अवैध नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी सिनेमा रोड पर गस्त कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक हाथ मे झोला लिए खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर कस्बा चौकी इंचार्ज ने उक्त युवक को दौड़ा कर पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास से तलाशी में झोले में रखा एक किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम शिव कुमार उर्फ उपेंद्र निवासी सेक्टर दो, ओबरा बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया। टीम में कस्बा चौकी इंचार्ज के अलावा हेड कांस्टेबल हेमंत बारी, राम सिंह यादव शामिल रहे।

### पी.जी. कालेज का परीक्षा केंद्र बना श्याम महाविद्यालय सिंदुरिया

**ओबरा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए, बीएससी, बीकॉम तृतीय वर्ष परीक्षा सत्र 22-23 के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र श्याम महाविद्यालय सिंदुरिया चोपन को बनाया गया है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु जिला प्रशासन द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का अधिग्रहण कर लिया गया है। इस वजह से ओबरा महाविद्यालय के स्नातक तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र श्याम महाविद्यालय सिंदुरिया चोपन बनाया गया है। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करने के पश्चात ही परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे    सूचना सं. - 48 / 2023

रेल यात्रियों हेतु आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा -

1. गाड़ी संख्या 04530/04529 बठिण्डा - वाराणसी सिटी - बठिण्डा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी
बठिण्डा से दिनांक 23.04.2023 से 14.05.2023 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को एवं वाराणसी सिटी से दिनांक 24.04.2023 से 15.05.2023 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार।

| 04530 बठिण्डा से | | स्टेशन | 04529 वाराणसी सिटी से | |
|---|---|---|---|---|
| आ० | प्र० | | आ० | प्र० |
| – | 20.55 | बठिण्डा | 19.10 | – |
| 21.40 | 21.42 | रामपुरा फूल | 18.30 | 18.32 |
| 22.10 | 22.12 | बरनाला | 17.45 | 17.47 |
| 22.42 | 22.44 | धुरी | 17.00 | 17.02 |
| 23.42 | 23.44 | पटियाला | 15.58 | 16.00 |
| 00.12 | 00.14 | राजपुरा | 15.15 | 15.17 |
| 00.50 | 01.00 | अंबाला कैंट | 14.30 | 14.40 |
| 02.00 | 02.02 | यमुनानगर जगाधरी | 13.38 | 13.40 |
| 02.45 | 02.55 | सहारनपुर | 13.00 | 13.10 |
| 06.10 | 06.20 | मुरादाबाद | 09.10 | 09.20 |
| 07.40 | 07.42 | बरेली | 05.36 | 05.38 |
| 11.30 | 11.40 | लखनऊ | 01.40 | 01.50 |
| 14.50 | 14.52 | प्रतापगढ़ | 22.40 | 22.42 |
| 17.45 | --- | वाराणसी सिटी | --- | 20.15 |

रेक संरचना:- एसी 3 टियर-01, शयनयान-10, साधारण द्वितीय श्रेणी - 10, एसएलआर - 02 = 23 कोच

2. गाड़ी संख्या 04052/04051 आनंद विहार (ट) - वाराणसी सिटी - आनंद विहार (ट) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी
आनंद विहार (ट) से दिनांक 23.04.2023 से 14.05.2023 तक प्रत्येक रविवार एवं शुक्रवार को एवं वाराणसी सिटी से दिनांक 24.04.2023 से 15.05.2023 तक प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार।

| 04052 आनंद विहार (ट) से | | स्टेशन | 04051 वाराणसी सिटी से | |
|---|---|---|---|---|
| आ० | प्र० | | आ० | प्र० |
| --- | 23.00 | आनंद विहार (ट) | 13.20 | – |
| 02.30 | 02.40 | मुरादाबाद | 10.20 | 10.30 |
| 03.20 | 03.22 | चन्दौसी जं. | 08.30 | 08.35 |
| 09.35 | 09.45 | लखनऊ | 01.25 | 01.35 |
| 12.50 | 12.55 | प्रतापगढ़ | 20.40 | 20.45 |
| 16.30 | --- | वाराणसी सिटी | --- | 18.15 |

रेक संरचना:- लगेज-सह-जनरेटर यान - 02, शयनयान - 04, एसी 3 टियर-12, वातानुकूलित प्रथम-सह-द्वितीय श्रेणी-01 = 19 कोच
कृपया ध्यान दें:- इस गाड़ी से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
पूर्वोत्तर/टी - 9 ए    मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### यशवंत कुमार को पीआर क्षेत्र में योगदान के लिए मिला जनसम्पर्क सेवा सम्मान

**रेणुकूट।** देशभर में 21 अप्रैल को जनसम्पर्क दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इण्डिया, वाराणसी चैप्टर की ओर से जनसम्पर्क दिवस की पूर्व संध्या पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहयोग से विभाग के सभागार में जनसम्पर्क दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान हिण्डाल्को के जनसम्पर्क विभाग के महाप्रबंधक यशवंत कुमार को पीआर के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान हेतु जनसम्पर्क सेवा सम्मान से नवाजा गया। संगोष्ठी का विषय जी -20 एवं भारतीय मानक जनसम्पर्क के परिप्रेक्ष्य में रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथ प्रो वी. के. शुक्ला रेक्टर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, मुख्य वक्ता प्रो. डा. राम मोहन पाठक पूर्व कुलपति, दक्षिण भारतीय हिन्दी संस्थान, चेन्नई, नरेंद्र मेहता व विशिष्ट अतिथि गौरव दीक्षित, स्टेशन निदेशक रेलवे वाराणसी द्वारा पीआर गान एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों से पांच प्रतिष्ठित जनसम्पर्क विभूतियों को सम्मानित किया गया। हिण्डालको पीआरओ यशवंत कुमार को शाल ओढ़ा कर प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यशवंत ने कहा कि मीडिया प्रबंधन में सबसे महत्वपूर्ण होता है संवाद।

# गलत उपचार से गई प्रसूता की जान, जांच में हुई पुष्टि

**मामला**

**रावर्ट्सगंज स्थित आस्था हास्पिटल का मामला प्रसव के दौरान बरती गई लापरवाही**

**सोनभद्र।** जिले के एक प्रतिष्ठित नर्सिंग होम (आस्था हास्पीटल) को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। आरोप है कि यहां एक प्रसूता के साथ प्रसव के दौरान कुछ इस तरह की लापरवाही बरती गई कि किडनी फेल हो गई। परिजनों ने वाराणसी के पापुलर हास्पीटल ले जाकर 17 बार डायलिसिस कराया। पैसे की तंगी आड़े आई तो जमीन को भी गिरवी रख दिया। बावजूद प्रसूता को बचाया नहीं जा सका और पिछले माह उसकी मौत हो गई। मामला डीएम के संज्ञान में आया तो उन्होंने जांच के निर्देश दिए। स्वास्थ्य महकमा भी एकबारगी इस तरह की शिकायत को लेकर सकते में आ गया। सीएमओ डा. आरजी यादव की तरफ से गठित तीन सदस्यीय कमेटी ने मामले की जांच की और आस्था हास्पीटल प्रबंधन की तरफ से, प्रसूता की देखभाल-इलाज में लापरवाही बरते जाने का दावा करते हुए सीएमओ को रिपोर्ट सौंप दी।

सीएमओ की तरफ से, आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए पत्रावली डीएम को प्रेषित कर दी गई है। माना जा रहा है कि डीएम चंद्रविजय सिंह के स्तर से जल्द ही इस मामले में बड़ी कार्रवाई सामने आ सकती है। रसदर कोतवाली क्षेत्र के नरखोरिया गांव निवासी गुड़िया उर्फ मातेश्वरी को परिजन गत पांच फरवरी की रात रावर्ट्सगंज आस्था हास्पीटल में प्रसव के लिए लेकर आए थे। आरोप है कि यहां पहले सामान्य तरीके से प्रसव का भरोसा देकर दो किश्तों में अच्छी रकम जमा करा ली गई। अगले दिन सुरक्षित प्रसव के लिए बड़े आपरेशन को जरूरी बताते हुए 35 हजार जमा कराए गए। आरोपों के मुताबिक प्रसव के बाद बच्चा के तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया लेकिन प्रसूता की यूरिन बंद हो गई। ऑपरेशन के तीसरे दिन पीलिया की बात कहते हुए,अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन श्रीराम मल्टीस्पेशियिलटी हास्पीटल, कीर्ति हास्पीटल आदि जगहों पर प्रसूता को लेकर दौड़ते रहे और वहां से उन्हें शरीर में तेजी से इंफेक्शन फैलने की बात कहकर जवाब दिया जाता रहा। परिजन प्रसूता को लेकर वाराणसी के पापुलर हास्पीटल पहुंचे तो वहां बताया गया कि गलत ऑपरेशन से किडनी डैमेज हो गई है। वहां 17 बार डायलिसिस कराई गई। बावजूद गत 16 मार्च को गुड़िया की इलाज के दौरान मौत हो गई। डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने प्राइवेट चिकित्सालयों के नोडल डा. गुलाब शंकर, डिप्टी सीएमओ डा. सुमन कुमार जायसवाल, जिला अस्पताल में तैनात डा. मोनिका सिंह की मौजूदगी वाली टीम गठित कर मामले की जांच कराई। टीम की तरफ से परिजनों के साथ ही, आस्था हास्पीटल की संचालक डा. वीणा सिंह का भी बयान दर्ज किया। गत 15 अप्रैल को सीएमओ को सौंपी रिपोर्ट में जांच टीम ने कहा कि जांच में सामने आई बातें अस्पताल की कमी दशार्ती हैं। सीएमओ डा. आरजी यादव ने जांच टीम की रिपोर्ट को आवश्यक संस्तुति के साथ डीएम को प्रेषित कर दिया गया है। वहां से जो निर्देश मिलेगा, उसके अनुरूप कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अकीदत के साथ अदा की गयी ईद उल फितर की नमाज

जनसंदेश न्यूज

**ईद**

**देश में अमन चैन की मांगी दुआ**

**सोनभद्र।** जिले में शनिवार को मुस्लिम समुदाय ने ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदगाहों में मौलानाओं ने नमाज पढ़ायी। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में अमन चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दिये और शाम को घरों पर जाकर सेवईयों को स्वाद चखा। रावर्ट्सगंज स्थित ईदगाहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मौलाना ने नमाज पढ़ायी।

इस मौके पर एडीएम सहदेव मिश्र, एएसपी कालू सिंह, सीओ राहुल पांडेय, राम निहोर यादव, बी सागर, पूर्व विधायक रमेश दूबे, इन्द्रदेव सिंह, आशुतोष दूब, अजहर खांन, हिदायत, सदर मुस्ताक, राजू खान, रियाज खांन, खुर्शीद, हिफाजत हुसैन आदि मौजूद रहे। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-रमजान के 30 रोजे के बाद शनिवार को अकीदतमंदों ने ईद उल फितर की विशेष नमाज अदा कर खुदा के बताए नेक मार्ग पर चलने का अज्म किया। इस दौरान अकीदतमंदों ने हिन्दू मुस्लिम भाईचारे बनाये रखने के साथ विश्व में अमन चैन की दुआ की। इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी और घरों को वापस होकर एक से बढ़कर एक पकवानों का लुफ्त उठाया।

कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो स्थानों पर ईद की नमाज अता हुई। जामा मस्जिद में हाफिज अब्दुल रज्जाक व मकतब ईदगाह में मौलाना नजीरुल कादरी ने ईद की नमाज पढ़ा कर मुस्लिम बंधुओं को अल्लाह के बताए नेक मार्गों पर चलने की राह बतायी। उन्होंने कहा कि इस्लाम से पहले लोग खुशी के दिनों में खेलकूद किया करते थे, इस्लाम ने इसकी जगह इबादत नमाज जिक्रे इला के साथ मनाने का तसववर दिया। वहीं सुबह 8 बजे से ही अकीदतमंद नए वस्त्र पहनकर मस्जिद व ईदगाह में एकत्रित होने लगे। पहले ईदगाह पर नमाज अता होने के बाद जामा मस्जिद में नमाज अता कराई गई। इस मौके पर जामा मस्जिद सदर रहीम बख्श उर्फ कल्लन खां, सैयद फैजुल्लाह, आसिफ खान, इब्राहिम खां, फतेह मोहम्मद खां, अयूब खां, कुतुब खां, आसिफ खां, अयूब खां, राफे खां, लतीफ खां, आकिल खां, अच्छन खां, लाडले खां मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टि से एडीशनल एसपी त्रिभुवन नाथ, तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा, इओ भारत सिंह, सीओ दद्दन प्रसाद गोंड, प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय, चौकी इंचार्ज संजय सिंह पुलिस के जवानों व पीएसी संग मुस्तैद रहे। इसी तरह डाला, चोपन, ओबरा, अनपरा, शक्तिनगर, कोन, विंढमगंज, घोरावल, करमा, रामगढ़ स्थित ईदगाहों में मौलानाओं ने नमाज पढ़ायी।



दुद्धी ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग

कार्यालय ग्राम पंचायत बेलकप
विकास खण्ड राबर्ट्सगंज, जिला-सोनभद्र

पत्रांक/मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24    दिनांक : 23.04.2023

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलकप में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/राज्य/केन्द्रीय वित्त/SLWM/SBM/अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है-ईट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, बालू प्रति घनमीटर, डाला गिट्टी प्रति घनमीटर, सोलिंग गिट्टी प्रति घनमीटर, इंटरलॉकिंग ईंट प्रति हजार, सीमेंट प्रति बोरी, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण सामग्री, सरिया प्रति कु0, स्टोन डस्ट प्रति घनमीटर, हैंडपम्प सामग्री, रिबोर पेन्टिंग सामग्री, ह्यूम पाईप प्रति नग, लोहे का दरवाजा, खिड़की प्रति कु0, बिजली वायरिंग सामग्री, समरसिबल पंप प्रति नग, सोलर पंप प्रति नग, PVC पाईप प्रति नग, अन्य सामग्री। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 24.04.2023 से 29.04.2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय, विकास खंड पर जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 01.05.2023 को 12:00 बजे निविदादाताओं जो उपस्थित रहना चाहते हैं के समक्ष खोला जायेगा।

प्रतिबंध और शर्तें:-1. निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2. जमानत धनराशि और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। 3. खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी। 4. सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी। 5. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम पंचायत संजय सिंह
विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, जिला-सोनभद्र

ग्राम पंचायत अधिकारी बेलकप
विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, जिला-सोनभद्र

# गड्ढे में युवक का शव मिलने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप



घटनास्थल पर युवक के शव की जांच पड़ताल करते क्षेत्राधिकारी रघुराज प्रताप

**शहाबगंज।** लटांव गांव के पास रविवार को सड़क के किनारे गड्ढे में एक अज्ञात 35वर्षीय युवक का शव मिलने सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस व क्षेत्राधिकारी रघुराज पहुंच गये। शव को पानी भरे गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया।

पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली की सड़क पूर्व दिशा में स्थित पानी से भरे गड्ढे में शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तत्काल घटना स्थल का मौका मुआयना किया। वहीं क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचकर शव को गड्ढे से निकाल कर कब्जे में ले लिया। शव की पहचान के लिए आसपास के ग्रामीणों से पहचान करायी गयी, लेकिन कोई व्यक्ति पहचान नहीं सका। युवक जींस का पैंट व हल्का नीला रंग शर्ट पहना हुआ था। उसके जेब से एक चालू टिकट रेलवे का बर्धमान से कोलकाता का 20 अप्रैल का 220 रुपये वाला जनरल टिकट मिला। ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई गई। की युवक की हत्या कर शव सड़क के किनारे गड्ढे में फेंक दिया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि इसकी जांच की जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी हो पायेगी।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन हुए घायल, हालत गंभीर एक वाराणसी रेफर

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बबुरी चंदौली मार्ग पर खुरुहुजा गांव के समीप शनिवार को दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलावस्था आसपास के लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों वाराणसी रेफर कर दिया। बताते हैं कि सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव निवासी कौशिक 18 वर्ष और साहिल साहिल अंसारी 20 बाइक पर सवार होकर बबुरी थाना क्षेत्र के गांव जा रहे थे। जैसे ही बबुरी चंदौली मार्ग के खुरुहुजा गांव के समीप पहुंचे कि खुरुहुजा गांव निवासी का नाम बृजेश कुमार सिंह 48 वर्ष की बाइक से टक्कर हो गई। इसके चलते तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलवस्था में आसपास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस ने तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बृजेश कुमार सिंह रेफर कर दिया। पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि बृजेश कुमार सिंह की हालत गंभीर होने पर वाराणसी रेफर कर दिया।

# टैक्टर के नीचे आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



**सकलडीहा।** सधन तिराहा स्थित शनिदेव मंदिर के समीप रविवार को सवा चार बजे करीब बालू लदी ट्रैक्टर के नीचे अचानक बाइक सवार के आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस घायल युवक को एम्बुलेंस से सीएचसी ले गयी। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर के लिये रेफर कर दिया। वही पुलिस ने ट्रैक्टर सहित चालक को पकड़कर थाने ले आयी है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच हुआ है।

बलुआ थाना क्षेत्र के चकई गांव निवासी बिरजू राम का 40 वर्षीय पुत्र चंद्रमा त्यागी अपनी पत्नी किरण देवी जो जिला मुख्यालय पर एनएम का कोर्स करती है। उसके कागजात को पहुंचा कर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही कस्बा के सघन तिराहा पुलिस पीकेट से पूर्व शनिदेव मंदिर के समीप पहुंचा था। ग्रामीणों के अनुसार अचानक सवारी टेम्पो के सामने से आ जाने पर बाइक सवार युवक ने ब्रेक ले लिया। जिससे पास से गुजर रही बालू ट्रैक्टर के पहिया के नीचे बाइक सवार युवक आ गया। जिससे युवक का कमर के नीचे का हिस्सा पूरी तरह से चोटिल हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में भीड़ जुट गयी। आनन फानन में पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस से सीएचसी ले गये। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर के लिये भेज दिया गया। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि बाइक सवार युवक ट्रैक्टर की पहिया के नीचे आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। ट्रामा सेंटर इलाज के लिये भेजा गया है। चालक और ट्रैक्टर को पकड़कर थाने लाया गया है।

### घटना को लेकर परिजनों में मचा कोहराम

ट्रैक्टर की चपेट में आने से चन्द्रमा त्यागी गंभीर रूप से घायल होगया। घटना की जानकारी होने पर पिता बिरजू राम पत्नी किरन, बेटा आर्यन और बेटी आर्या सहित परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है। दिनभर फरार्टा भरते है बालू ट्रैक्टर सुबह से लेकर शाम तक बालू लदी और खाली टैक्टर के आने से दुर्घटना की संभावना बराबर बनी रहती है। आरोप है कि कई टैक्टर चालक नाबलिग लड़के होते है। जो गाना बजाते हुए फरार्टा भरते है। इसके बाद भी पुलिस रोक टोक नही लगाती है। यही नही सड़क पर दुकान के सामने वाहनों के खड़ा होने व सवारी वाहनों के खड़ा होने से जाम की स्थिती रहती है।

## संक्षेप

### निर्दल प्रत्याशी को कांग्रेस का समर्थन



कांग्रेस की सदस्यता लेते रवि चौबे

**चकिया।** नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर गहमागहमी का माहौल चल रहा है। भाजपा और सपा की सीधी टक्कर में निर्दल प्रत्याशी रवि प्रकाश चौबे सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार को कांग्रेस पार्टी में अपने प्रत्याशी का टिकट निरस्त होने के बाद निर्दल प्रत्याशी रवि प्रकाश चौबे को पत्र जारी कर अपना समर्थन दिया है। कांग्रेस के प्रत्याशी सूर्य प्रकाश केसरी और उसकी पत्नी निर्दल प्रत्याशी रंजना केसरी की कम होने के चलते चुनाव आयोग की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए रिटर्निंग ऑफिसर दोनों प्रत्याशियों का पर्चा निरस्त कर दिया था। जिससे कांग्रेस पार्टी के नगर निकाय के चुनाव में दावेदारी करने के रास्ते बंद हो गए थे। रविवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में चकिया से निर्दल प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन पति रवि प्रकाश चौबे को कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया। नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव को देखते हुए चुनावी मैदान में त्रिकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है।

### मनोज सिंह केंद्रीय नीमा में काउंसिल सदस्य मनोनीत



डॉ. मनोज सिंह

**चकिया।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन,नीमा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. मनोज कुमार सिंह को केंद्रीय नीमा में काउंसिल सदस्य मनोनीत किया गया है। जिसके लिये डा. मनोज सहित पूरे जिले के नीमा सदस्यों ने केंद्रीय नीमा का आभार व्यक्त किया। डॉ मनोज सिंह कई वर्षों से नीमा पदाधिकारी रहकर अपनी सेवा दे रहे है। वे कई सामाजिक संगठनों के भी पदाधिकारी है। वर्तमान में संस्कार भारती संस्था के जिला उपाध्यक्ष भी है। जिले से केवल डा. ओ पी सिंह नीमा अध्यक्ष पहले से ही केंद्रीय काउंसिल सदस्य है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से डा. संदीप ,डा. सीबी सिंह, डॉ हुजैफा, डा. सत्यपाल, डा. सुनील सिंह,डा. भारत जायसवाल, डा. बी लाल, डा. पवन, डा. आर डी तिवारी डा. अशोक सिंह डा. इंद्रजीत सिंह, डा. दीपक ,डा. शिवकुमार सिंह, आदि चिकित्सक रहे।

### परशुराम जी का जन्मोत्सव मना

**डीडीयू नगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव संगठन के अध्यक्ष शिव गोविन्द राय के आवास पर हुई। अल्पावधि की सूचना पर काफी संख्या में लोग हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव को मनाया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूजा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में डी डी यू के अलावा पड़ाव एवं रामनगर के भी भूमिहार ब्राह्मण समाज के शामिल रहे। इस दौरान डाक्टर उमा शरण पाण्डेय, संजय राय,डा.पी.एच.राय, जयनाथ शर्मा ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। वही भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव अलीनगर आवास पर मनाया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार है। परशुराम का पराक्रम तेज शौर्य वीरता का प्रतीक भगवान परशुराम जी के बताए मार्ग पर चलने पर आत्मरक्षा किया जा सकता है। इस दौरान डॉक्टर जीके पांडे, संतोष कुमार तिवारी, नवीन पांडे, रोहित पांडे, प्रभु नारायण तिवारी ,रिंकू, अजय कुमार पांडे, शुभम पाठक, विनीत पांडे, रवि तिवारी, आर्यन तिवारी, जयेश मिश्रा, राजू दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

### मनबढ़ युवक ने चौराहे पर तलवार से केक काटकर मनाया जन्मदिन

**नियमताबाद।** मनबढ़ युवक ने चौराहे पर दोस्तों के साथ तलवार से केक काटकर अपने जन्मदिन का जश्न मनाया। इसका वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया। मामला अलीनगर थाना के काशीपुरा गांव का बताया जा रहा है। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस के कान खड़े हो गए हैं। सीओ ने इसकी जांच कर कठोर कार्रवाई की बात कही। फेसबुक पर माता यादव सरदार नाम की आईडी से एक वीडियो पोस्ट किया गया है। इसमें युवक अपने दोस्तों के साथ तलवार से केट काटता दिख रहा है। साथ में उसके कई दोस्त भी दिख रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस संबंध में सीओ अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रकरण संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले कदापि बख्शे नहीं जाएंगे।

### काउंसिल मेंबर के पद पर किए गए मनोनीत

**डीडीयू नगर।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के जिला अध्यक्ष डॉ एस के यादव व सचिव डॉ आर के शर्मा को सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जाने पर काउंसिल मेंबर के पद से मनोनीत किया गया है। जिससे उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के तहत जनपद में चिकित्सा,संगठन एवं सामाजिक कार्यों में सराहनीय कार्य किए जाने पर केंद्रीय नीमा में काउंसिल मेंबर के पद से डॉ एस के यादव व डॉ आर के शर्मा मनोनीत किये गये है। इन्होंने जनपद में तमाम कैंप के माध्यम से गरीब परिवार के मरीजों को लाभ पहुंचाने के साथ ही संगठन के माध्यम से अनगिनत सामाजिक कार्य इनके द्वारा किया गया।

### शोक सभा आयोजित

**डीडीयू नगर।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक शोक सभा सेंटर पर हुई। शोक सभा में भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान की धर्मपत्नी मोलिना देवी 57 बीमार चल रही थी।जिनका उपचार गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती थी उपचार के दौरान निधन हो गया। 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान विजय जायसवाल,भागवत नारायण चौरसिया,मदन यादव कमलेश विश्वकर्मा शेखर मोनू गुप्ता संजय सिंह बच्चन राम कुलवंत विश्वकर्मा राजेश सिंह नीरज पांडे सुनील मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेले में 820 मरीजों का हुआ उपचार

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अंतर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षण युक्त मरीजों की जांच की गई। इस दौरान सीएमओ डॉ यूके राय ने बताया कि चिकित्सकों ने रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 820 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 308 पुरुष, 376 महिला एवं 136 बच्चे थे।वहीं कुल 61 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाये गये कोविड हेल्प डेस्क पर 220 मरीजों का परीक्षण एवं 48 मरीजों का कोविड एन्टीजेन टेस्ट किया गया, जिसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई है। मलेरिया के कुल 26 टेस्ट किए गए, जिनमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई है। टीबी के लक्षण युक्त चिन्हित किये गये मरीजों की संख्या सात है। मेले में आए समस्त मरीजों को आवश्यक उपचार करते हुए आवश्यक परा एवं दवाएं वितरित की गई ।

# छात्र छात्राओं का रेलवे के विभिन्न पदों पर हुआ चयन



सम्मान समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं

**चंदौली।** हम नहीं हमारे परिणाम बोलते हैं यह स्लोगन अलीनगर स्थित न्यू प्रीपवेल क्लासेज पर एकदम फिट बैठता है। एक बार फिर यहां पढ़ने वाले एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं का चयन रेलवे के विभिन्न पदों पर हुआ है।

डायरेक्टर सुरेश ने बताया कि संस्था से अपने कोर्स पूरा करने के बाद छात्र-छात्राएं संस्था के एक अन्य शाखा लक्ष्य सुपर-30 में रहकर सेल्फ स्टडी भी करते हैं। जिसका परिणाम रहा कि आज हम जिले ही नहीं पूर्वांचल में अपना परचम लहरा रहे हैं। रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में सफलता का स्वाद चखने वाले छात्र गोकूल, अभय, अक्षय, दीवाकर, विनोद पाल, रवि यादव, प्रियंका, क्यामुद्दीन, राकेश उपाध्याय,संजय पाल, नीतीश , शिवम, हिमांशु वर्मा आदि को सम्मानित किया गया।

सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ऋषि यादव, शिवांशु, अभिषेक, अनिकेश, मुलायम, टिक्कू, प्रदुम्न, पंकज आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव के समीप रविवार को नेशनल हाईवे पर किसी वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा की कार्रवाई में जुट गई और इसकी सूचना परिजनों को दे दी। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि मिजार्पुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के पिपराही गांव निवासी गणेश कुमार 40 वर्ष बाइक से कहीं जा रहा था जैसे ही सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव पहुंचा कि किसी वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं उसके पास से मिले कागजात व मोबाइल से इसकी सूचना परिजनों को दे दी। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# मानक के अनुसार मतदान स्थल का कार्य 2 मई तक कराएं पूर्ण: डीएम

**चंदौली।** राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जनपद के समस्त नगरीय निकायों में बने मतदान केन्द्रों व स्थलों पर चार मई को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 6 बजे तक मतदान का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा। इस क्रम में नगर पालिका परिषद पंडित दीनदयाल नगर, नगर पंचायत चकिया, चन्दौली एवं सैयदराजा में निर्धारित मानक के अनुसार मतदान स्थल का निर्माण कराया जाना है।

जिसके अन्तर्गत मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रकोष्ठ, बैरिकेडिंग, छाया, पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्य हेतु आयोग द्वारा प्रति मतदान स्थल 230.00 रुपए का मानक निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे ने बताया कि उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि अपने तहसील में निहित समस्त मतदान केन्द्रों व स्थलों पर आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार मतदान स्थल निर्माण का कार्य दिनांक 2 मई अपरान्ह 4 बजे तक पूर्ण कराकर सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) कलेक्ट्रेट में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

साथ ही आयोग के मानक के अनुसार मतदान स्थल निर्माण पर होने वाले व्यय से सम्बन्धित प्रमाणित बिल की 2 प्रति भी उक्त कार्यालय में प्रेषित करें। ताकि व्यय का भुगतान कराया जा सके। मतदान केन्द्रों व स्थलों के भवन, कक्ष का अधिग्रहण किया जा चुका है। जिसकी चाबी 2 मई के पूर्वाह्न 10 बजे तक आपको उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित प्रधानाचार्य, प्रबंधक को निर्देशित किया गया है।

# अमन-चैन बनाए रखने की मांगी दुआ



एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते बच्चे

**शहाबगंज।** शनिवार को ईद की नमाज क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों पर अदा की गई।ईद की नमाज संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। हिन्दू भाइयों ने भी गले मिलकर ईद की बधाई मुस्लिम बन्धुओं को दी तथा देश में अमन चौन की दुआ भी की। क्षेत्र के बड़गावां, एकौना, अमरसीपुर, अमांव, ठेकहां, किड़िहिरा, करनौल, इसरौलिया, सिहोरियां आदि गांवों में सुबह से ही लोग तैयार होकर ईद की नमाज पढ़ने के लिए निकल पड़े। ईद की नमाज खत्म होने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। इस दौरान हिन्दू भाइयों ने भी गले मिलकर बधाई दी तथा देश में अमन-चैन बनाए रखने की दुआ की। नमाज के बाद देर शाम तक सेवइयां खाने का दौर चलता रहा। मुस्लिम बाहुल्य गावों में मेले जैसा दृश्य था। क्षेत्र के पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एड ने बड़गावां गांव में अरसद फौजी के घर पहुंचकर मुस्लिम बन्धुओं को ईद की बधाई दी। इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे इसके लिए पुलिस सक्रिय रही। प्रभारी निरीक्षक रिजवान बेग मिर्जा पुलिस टीम के साथ चक्रमण करते रहे।

## अकीदत के साथ पढ़ी गई ईद उल फितर की नमाज

**चकिया।** नगर के ईदगाह के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मुस्लिम बाहुल्य गांव में ईद के मुबारक मौके पर हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम बंधुओं ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर के ईदगाह परिसर में चकिया कस्बा, तिलौरी, दिरेहू के मुस्लिम बंधुओं ने सदर मुस्ताक अहमद खां के नेतृत्व में ईद उल फितर की नमाज अदा की। इसके अलावा भभौरा, मुजफ्फरपुर, नेवाज गंज, करवनिया,भीषमपुर, सिकंदरपुर, मंगरौर गांव में स्थित ईदगाह और मस्जिदों में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच ईद उल फितर की नमाज अदा की गई।सुरक्षा व्यवस्था में पूरी क्षेत्राधिकारी रघुराज, कोतवाल मिथिलेश तिवारी एसआई गिरीश चंद्र राय, जनक सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मुल्क, समाज और परिवार में अमन चैन की मांगी दुआएं



ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र के ईद उल फितर का त्योहार शनिवार को उत्साह और पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह ईदगाह और मस्जदिों में नमाज अदा की गई। इस दौरान मुल्क, समाज और परिवार में अमन चौन की दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर ईदगाह के पास मेला लगा रहा। यहां बच्चों ने खूब खरीदारी की। इस दौरान यहां सुरक्षा के व्यापक इंजताम रहे।

नगर के शाहकुटी स्थति ईदगाह में नमाज अदा करने को लेकर लोगों में उत्साह रहा। सुबह छह बजे से ही नए कपड़े पहन कर बड़े बुजुर्गों संग बच्चे और युवा नमाज अदा करने पहुंच गए। इस दौरान यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। नमाज के बाद ईदगाह के पास लगे मेले में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। मेले में चाट, गोलगप्पे, चाऊमिन, पास्ता, गुब्बारा, खिलौने की दुकानें सजी। मेले में तरह तरह के झूले भी लगे थे। इसका भी बच्चों ने खूब आनंद उठाया। इसी तरह जीटी रोड थित जामा मस्जिद में सुबह आठ बजे नमाज अदा की गई। वहीं अलीनगर जामा मस्जिद, कसाब महल स्थित मीनारा मस्जिद, न्यू महाल, सिकटिया, इस्लामपुर के मस्जिदों में पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। अलीनगर जामा मस्जिद पर ईद के नमाज के बाद सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एडिशनल एसपी विनय सिंह, अलीनगर थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय से गले मिलकर मस्जिद के इमाम शम्स आलम और सदर इस्तेखार भाई ने मुबारकबाद दी। इसी तरह दुलहीपुर क्षेत्र के मलोखर, सतपोखरी, महाबलपुर, कुंडाकला, कुंडा खुर्द, शकूराबाद में नमाज अदा की गई।

# अकीदत के साथ ईदगाह व मस्जिद में पढ़ी गई ईद की नमाज



ईदगाह में ईद की नमाज के बाद दुआ मांगते मुस्लिम बंधु



एक दूसरे को सेवई खिलाकर ईद की खुशी का इजहार करते नौनिहाल



ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह

**चंदौली।** ईद-उल-फितर का पर्व नगर में शनिवार को अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह नगर के शाही और जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में ईद की नमाज पढ़ी गई। इसके लिए मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से ही विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों के समीप एकत्र होने लगे थे। नियत समय पर लोगों ने नमाज पढ़ी और गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर अन्य धर्म के लोग भी मौजूद रहे और नमाज समाप्त होते ही बधाइयों का तांता शुरू हो गया। प्रशासन के तरफ से इस अवसर पर चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न होने पाए। मुख्यालय स्थित शाही व जामा मस्जिद के अलावा ईदगाह में ईद की नमाज अकीदत के साथ पढ़ी गई। इसके लिए सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपड़े व टोपियां पहन नमाज के लिए एकत्र होने लगे। अल्लाह हो अकबर के साथ शुरू हुई नमाज समाप्त होते ही लोग गले मिलकर बधाई देना शुरू किए। मस्जिद और ईदगाह में 7.30 बजे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज पढ़ने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद देखी गई। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा साफ सफाई की भी पूरी व्यवस्था की गई थी। साथ ही ईदगाह के आसपास चाट पकौड़ी खिलौने की दुकानें लगाए गए थे जहां पर बच्चों ने जमकर खरीदारी की और नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे के गले मिले और ईद की बधाई दी वहीं घरों में पहुंचकर सेवइयां खाई और गले मिले। यही नहीं दूसरे समाज के लोगों ने भी पहुंचकर मुस्लिम बंधुओं को बधाई दी और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

### ईद-उल-फितर

## ईद के पर्व पर एक दूसरे से गले मिल मुस्लिम बंधुओं ने दी बंधाई

### नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले भी पहुंचे ईदगाह

**चंदौली।** मुख्यालय से सकलडीहा रोड के ईदगाह अवसर पर नगर निकाय के चुनाव लड़ने वाले अध्यक्ष और सभासद के प्रत्याशी व समर्थक मुस्लिम बंधुओं के नमाज खत्म होने का इंतजार करते दिखाई दिए। जैसे ही नमाज खत्म वैसे ही प्रत्याशी व समर्थक मुस्लिम बंधुओं के साथ गले मिलकर उन्हें बधाई दी। लोगों को अपने अपनी और आकर्षित करने का प्रयास किया, लेकिन देखना कब यह है कि कितना असर चुनाव में लिख पाता है। वही कुछ जो इस स्थल पर ईदगाह में नहीं पहुंच पाए थे, उनके घर पहुंचकर सेवइयां खाई और उनसे आशीर्वाद मांगा ताकि चुनाव में सफलता प्राप्त कर सकें।

### कड़े प्रबंध, सदर कोतवाल राजीव प्रताप ने संभाल मोर्चा

**चंदौली।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों एवं ईदगाहों में को अकीदत के साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। साथ ही ईद का त्योहार क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नमाज बाद एक दूसरे के गले मिल लोगों ने ईद की बधाई दी। सुबह होते ही ईद की खुशी मे मुस्लिम बन्धुओं ने नहा धोकर नये-नये कपड़े धारण कर इत्र खुशबू लगाकर घर से मस्जिद व ईदगाहों की ओर निकल पड़े। वही ईदगाह वमस्जिद के पास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। मुख्यालय स्थित ईदगाह के पास सकलडीहा रोड के दोनों तरफ नमाज छूटने के बाद कुछ देर के लिए रोक दिया गया था। ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह तहसीलदार सतीश कुमार सीओ सदर रामवीर सिंह सदर कोतवाल राजीव प्रताप सिंह ने मोर्चा संभाल रखा था।

# स्पोर्ट्स

## विराट को शून्य पर आउट कर बोल्ट ने लिया सौवां विकेट

**बेंगलूर।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली अफसल रहे और खाता खोले बिना ही रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने। इस मैच में पारी की शुरूआत करते हुए विराट रॉयल्स के तेज गेंदबाज बोल्ट की रफ्तार के सामने नहीं टिक पाये। बोल्ट की पहली गेंद बिना किसी स्विंग के सीधी रही और विराट उसे खेलने में विफल रहे और गेंद उनके पैड से जा टकराई जिसपर अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू करार दिया। कोहली को आउट करने के साथ ही बोल्ट ने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे किये हैं।

# विराट और गांगुली विवाद पर बोले शास्त्री आगे बढ़ने के लिए हमेशा होती है जगह

**नई दिल्ली।** आईपीएम में पूर्व कप्तान विराट कोहली और दिल्ली कैपिटल्स के निदेशक सौरव गांगुली के बीच मतभेद नजर आये और इन दोनो ने पिछले मुकाबले में आमना-सामना होने पर हाथ तक नहीं मिलाया। यहां तक कि दोनो ने ही अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एकदूसरे को अनफॉलो कर दिया था। इस मामले से क्रिकेट प्रशंसक नाराज नजर आये। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इस मामले को लेकर कहा कि कितनी ही उम्र न हो जाये आगे बढ़ने के लिए कुछ न कुछ जगह जरुर होती है। शास्त्री से जब पूछा गया कि इस प्रकार के मामले आप कैसे सुलझाते तो उन्होने कहा, ये इसपर निर्भर करता है कि मेरा रिश्ता कैस है। अगर मैं बात नहीं करना चाहता, तो ऐसे ही चलता रहेगा पर इसके अंत में जब आप जाते हैं और बैठते हैं, तो आपको लगता है कि आगे बढ़ने के लिए हमेशा कुछ जगह होती है, चाहे आप कितनी भी उम्र के क्यों न हों। विराट और गांगुली के संबंधों में तनाव तब आया जब गांगुली बीसीसीआई प्रमुख थे। उस दौर में विराट ने जब टी20 कप्तानी छोड़ी तो उन्हें एकदिवसीय से भी बाहर कर दिया गया जिससे नाराज होकर विराट ने टेस्ट कप्तानी भी छोड़ दी। उस समय ये भी कहा गया था कि विराट पर कप्तानी छोड़ने का दबाव बनाया गया था हालांकि बीसीसीआई ने इससे इंकार किया है। विराट का कहना है कि उन्हें एकदिवसीय कप्तानी से हटाने की जानकारी नहीं दी गयी थी जबकि बोर्ड का कहना था कि उन्हें पहले ही बता दिया गया था।

## सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में अपने अर्धशतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। सूर्यकुमार ने पंजाब के खिलाफ 26 गेंदों पर 57 रन बनाये। उन्होंने अपनी इस पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 219.23 रहा। इस पारी के साथ ही सूर्या ने 248 मैच की 226 पारियों में 34.01 की औसत से 6,021 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 149.55 रहा है। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और 38 अर्धशतक लगाए हैं। सूर्या सबसे तेजी से छह हजार रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने ये रन 4017 गेंद में बनाये



हैं। इससे पहले ये रिकार्ड सुरेश रैना के नाम था। रैना ने 4295 गेंदों में छह हजार रन बनाये थे। वहीं विश्व में सबसे तेजी से छह हजार रन बनाने के मामले में आंद्रे रसेल पहले नंबर पर हैं रसेल ने 3550 गेंदों में ही ये रन बनाये जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 3890, कीरोन पोलार्ड ने 3918) और क्रिस गेल ने4008 गेंदों में ये रन बनाये थे। आइईपीएल की बात करें तो उन्होंने मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों की ओर से खेलते हुए 29.75 की औसत और 137.94 की स्ट्राइक रेट से 2,767 रन बनाए हैं। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सूर्यकुमार ने 48 मैचों की 46 पारियों में 46.52 के औसत और 175.76 के स्ट्राइक रेट से 1,675 रन बनाए हैं। उन्होंने 117 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ इस प्रारूप में भारत की ओर से तीन शतक और 13 अर्धशतक लगाये हैं।



ब्रिटेन में फुटबॉल की नेशनल लीग में व्रेकसेम के लूक यंग ट्रॉफी उठाये हुए। वहीं इस दौरान सभी खिलाड़ी जश्न मनाते हुए नजर आये।



स्टूगर्ट में बेलारुस की आर्यानका सबालेंका रुस की अनासतेशिया पोटापोवा को हराने के बाद उत्साहित नजर आयीं।

## आईपीएल में आज आमने सामने होंगे दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद

**शाम 7:30 बजे से**

**हैदराबाद।** आईपीएल में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान में जहां जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। वहीं दूसरी ओर कैपिटल्स की नजर भी इस मैच में भी जीत पर रहेगी। अब तक इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसकी टीम को लगातार पांच मुकाबलों के बाद छठे मुकाबले में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से जीत मिली थी जिससे उसका मनोबल कुछ बढ़ा है। अंकतालिका में टीम हालांकि अब भी दो अंक लेकर सबसे नीचे है। टीम के बल्लेबाज अब तक असफल रहे हैं जिससे उसकी परेशानी बढ़ी है। दिल्ली को एकमात्र जीत पिछले मैच में

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली थी। इस मैच में उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके केकेआर को 127 रन ही बनाने दिये। इसके बाद बाद कप्तान डेविड वार्नर और और अक्षर पटेल के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने यह मुकाबला जीता। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और मिशेल मार्श का खराब फॉर्म सबसे बड़ी समस्या बना है। पृथ्वी एक मैच में भी 15 रनों से आगे नहीं बना पाये हैं। वहीं मार्श चार मैचों में दो बार शून्य पर ही आउट हुए हैं। वहीं गेंदबाजी में भी मार्श का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। इस कारण इस मैच में उनकी जगह पर रोवमैन पॉवेल या रिली रोसोयू को अवसर मिल सकता है। वहीं बल्लेबाज में युवाओं के विफल रहने से मनीष पांडे पर बड़ी पारी खेलने की जिम्मेदार रहेगी। अनुभवी ईशांत शर्मा ने सत्र में पहला मैच खेलते हुए शानदार स्पैल डाला और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वॉर्नर केकेआर के खिलाफ लय में दिखे और इस मैच में भी इसे बरकरार रखना चाहेंगे। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद लगातार की टीम इस मैच से एक बार फिर जीत की राह पर लौटना चाहेगी। वह अभी छह मैचों में चार अंक लेकर नौवें स्थान पर बनी हुई है। टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन अब तक ठीम नहीं रहा है। टीम लक्ष्य का पीछे करने में भी नाकाम रही है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**दिल्ली कैपिटल्सः** डेविड वॉर्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, फिल सॉल्ट, मिचेल मार्श, मनीष पांडे, अक्षर पटेल, अमन हाकिम खान, ललित यादव, कुलदीप यादव, एनरिच नोर्टजे, ईशांत शर्मा

**सनराइजर्स हैदराबादः** एडेन मार्करम (कप्तान), हैरी ब्रूक, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, वाशिंगटन सुंदर, मार्को जानसन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंचे रोहित

**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के 16 वें सत्र में आक्रामक बल्लेबाज करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रोहित ने इस मैच में अपनी 44 रनों की पारी में तीन छक्के लगाये। इस बल्लेबाज ने इसी के साथ ही 250 छक्के लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया है। वह ढ़ाई सौ छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के क्रिस गेल पहले नंबर पर हैं। उनके नाम 357 छक्के हैं। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के नाम आईपीएल में 251 छक्के हैं। रोहित के पास अब अगले मैच में डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ने का अवसर है। उन्हें डिविलियर्स की बराबरी पर आने के लिए एक और उनसे आगे निकलने के लिए दो छक्के चाहिये। आईपीएल में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में भारत के महेन्द्र सिंह धोनी के नाम 235 और विराट कोहली के नाम 229 छक्के हैं और ये दोनो ही चौथे और पांचवे नंबर पर हैं।

## सचिन मेरे आदर्श ही नहीं, मार्गदर्शक भी रहे : युवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने कहा है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर उनके आदर्श ही नहीं बल्कि कठिन समय में उन्हें राह भी दिखाते रहे हैं। युवराज के अनुसार ड्रेसिंग रूम में सचिन सबसे करीबी होने के साथ ही उनकी जिंदगी की सहायता करने वाले कोच रहे हैं।

युवराज ने कहा, ह्यह्य जब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलता था तब हमारे पास कोच होते थे पर अगर मुझे अपनी बल्लेबाजी में कोई तकनीकी समस्या आती थी, तो मैं सचिन से ही सलाह लेता था। उन्होंने हमेशा समस्या का समाधान दिया है, इसलिए वह मेरे लिए आदर्श ही नहीं मार्गदर्शक भी थे।

युवराज ने कहा, ह्यह्य मैदान के बाहर भी वह मेरे लिए एक अभिभावक की तरह रहे हैं। जब भी मैंने जीवन में किसी व्यक्तिगत संकट या दुविधा का सामना किया, सचिन पाजी पहले व्यक्ति होते है जिससे मैं सुझाव लेता था। उनके पास हमेशा मेरे लिए सबसे अच्छा सबक और सलाह होती थी।

युवराज ने साल 2011 विश्व कप के उस घटना को भी याद किया जब वह लगातार खांसते उल्टी करते रहते थे और इसके कारण ठीक से अपनी नींद भी पूरी नहीं कर पाते थे। इस दौरान सचिन ने उनका पूरा साथ दिया। युवराज ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

युवराज ने कहा, उस समय मुझे भी नहीं पता था कि यह कैंसर है। सचिन नियमित रूप से मेरे संपर्क में रहते थे। अमेरिका में मेरे इलाज के दौरान भी, वह हमेशा मेरे ठीक होने को लेकर चिंतित रहते थे।ह्लह्लतेंदुलकर के साथ उनकी पसंदीदा मैदानी साझेदारी के बारे में पूछने पर युवराज को एक बहुत ही विशेष टेस्ट मैच को याद किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर आप देखेंगे तो सचिन पारी की शुरूआत करते थे और मैं छठे क्रम पर बल्लेबाजी करते था, ऐसे में सीमित ओवरों की क्रिकेट में हमें एक साथ बल्लेबाजी का ज्यादा अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा, ह्यह्य टेस्ट क्रिकेट में हालांकि हमने दिसंबर, 2008 में इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में 150 रन से अधिक की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई थी।

# मुल्क की खुशहाली के लिये मुस्लिम बंधुओं ने किया इबादत

**सकलडीहा।** कस्बा के जामा मस्जिद सहित क्षेत्र के तेरह स्थलों पर ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्वक पढ़ी गयी। इस दौरान एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया गया। इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय और बीडीओ अरूण कुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ मस्जिद स्थल पर डटे रहे। इस मौके पर ड्रोन कैमरे की निगरानी में मुस्लिम बंधुओं ने नमाज अदा किया।

ईद की नमाज को लेकर सुबह से ही मुस्लिम बंधु मस्जिद पर जुटने लगे थे। ईद की नमाज समाप्त होने के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने देश की खुशहाली के लिए दुआ किया। अंत में एक दूसरे के घर देर रात तक सेवई सहित अन्य मिष्ठान का लोगों ने लुप्त उठाया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या, एसआई महफूज अहमद,मोहन प्रसाद,शिव प्रसाद गिरी, सदर रोजन अली, साबिर अली, डा. अकबर, शौकत चौधरी, नासिर अली, इकराम, सलीम, हाजी जोखू सिद्दीकी, लल्लू खां,सलाउ मास्टर, निसार, मुकीद,रौशन अली सहित अन्य मुस्लिम बंधु मौजूद रहे।



नमाज के दौरान नौरंगाबाद ईदगाह पर तैनात एसडीएम मनोज पाठक व सीओ

## ईद की बधाई देने पसमांदा समाज में पहुंची राज्यसभा सांसद

**डीडीयू नगर।** भाईचारा का प्रतीक मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़े त्यौहार ईद–उल–फितर के मौके पर राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल अहमद राजू हवारी के निवास पर पहुंच कर उनके परिवार को ईद की बधाई दी। इकबाल अहमद राजू हवारी भाजपा के बहुत पुराने नेता व वर्तमान में क्षेत्रीय महामन्त्री– काशी क्षेत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में पसमांदा समाज को सरकार में सामिल कर के अपने इरादे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सोच को एकदम साफ कर दी है। नगर निकाय के चुनाव में मुस्लिम समाज भी भाजपा के साथ खुल कर आगे आ रहा है। बधाई देने वालों में विधायक मुगलसराय रमेश जयसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमयु सिंह, पूर्व चेयरमैन संतोष खरवार, सांसद प्रतिनिधि बाबला मुखर्जी, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतीश चौहान, पूर्व सभासद आलोक सिंह,रमेश चौहान,अजय गुप्ता मानू,साकिर हवारी, डा सुनील सिंह आदि लोग शामिल रहें।

# मौसम की अंगड़ाई से किसान चिंतित

**कन्दवा।** मौसम की अंगड़ाई से किसानों की धड़कन बढ़ने लगी हैं। किसान इसे लेकर चिंतित हैं। अगर पत्थर पानी पड़ा तों खलिहानों में रखा गेहूँ, चना, मटर,मसूर,केराय आदि मोट अनाज हो चौपट हो जायेगी। रविवार को सुबह उमश भरी गर्मी व पूरब, उत्तर दिशाएं से हवाएं चलती रहीं। और दोपहर में मंद हुई तो आसमान में बादल छा गये कुछ समय के लिए ऐसा महसूस हो रहा था। कि अब बरस जायेगें। इतना ही नहीं कुछ जगहों पर पथर के साथ बूंदाबांदी भी हुई। जिसमें किसानों की धड़कने बढ़ने लगी। लेकिन गनीमत रहा कि थोड़ी देर बूंदा बादी बंद हो गयी। लेकिन थोड़ी देर तक बाद बादल छाए रहें और उसके बाद मौसम साफ दिखने लगा फिर भी बादलों के आने जाने का शिलशिला जारी रहा। अगर इसी तरह अब और पानी पड़ता रहा तो किसानों को भारी नुकसान होगा। इसे देख किसानों को भारी चिन्ता बनीं हुईं है। वही घोसवा इमिलिया जमुडा भरहूलिया इत्यादि दर्जनो गाँव मे तेज हवा के साथ बारिश हुई और किसान मजदूर अपने अन्न को बचाने मे लगे रहे।



# बॉलीवुड न्यूज

## 'किसी का भाई किसी की जान' की बॉक्स ऑफिस पर धूम

**मुंबई।** दर्शकों के लिए एक परफेक्ट ईदी के रूप में सामने आई सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर खींच रही है। पावर–पैक एक्शन भरपूर ये एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर है जिसे हर तरफ से लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। इस बात अंदाजा फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर्स से भी लगाया जा सकता है जिसमें लगातार इजाफा हो रहा है। 15.81 करोड़ की ओपनिंग बुक करने के बाद, फिल्म ने अपने दूसरे दिनपूरे देश में 25.75 करोड़ नेट कमाई करके शानदार ग्रोथ दर्ज कराई है, जिससे नंबर्स में सकारात्मक उछाल के साथ वीकेंड की सही शुरूआत हुई है। इस फिल्म के अलग अलग जगहों में कई शोज हाउसफुल रहे है। 15.81 करोड़ के अपने पहले दिन के कलेक्शन की तुलना में, दूसरे दिन 25.75 करोड़ नेट कमाई के साथ फिल्म का बिजनेस 62.87% बढ़ गया, जो दो दिनों में 41.56 करोड़ तक पहुंच गया। हालांकि ईद के हिसाब से देखा जाए तो पहले दिन फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नही मिला था, लेकिन फिल्म ने दूसरे दिन जिस तरह की छलांग लगाई है, उसे देखते हुए आने वाले दिनों में फिल्म की शानदार पारी पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। फिल्म को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मुंबई, निजाम, राजस्थान, मैसूर, बिहार, तमिलनाडु और केरल जैसे सर्किटों से शानदार प्रतिक्रिया मिली, जहां दर्शकों ने ईद के मौके पर सिनेमाघरों की ओर रुख किया। यह वास्तव में सलमान खान के बड़े पैमाने पर स्टारडम का एक स्टैंडर्ड है कि जब बाकी फिल्मों के शोज हाउसफुल होने के लिए संघर्ष कर रहे होते थे, तो सुपरस्टार सलमान की स्टार पावर दर्शकों को ईद के त्योहार का मजा लेने और एंजॉय करने के लिए सिनेमा हॉल में वापस ले आई।



## अनुष्का कौशिक दर्शकों को लुभाने को तैयार

**इंदौर।** पिछले साल 'घर वापसी' और 'थार' जैसे प्रोजेक्ट में प्रभावशाली प्रदर्शन देने के बाद, अनुष्का कौशिक इस साल कुछ और अद्भुत काम के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, उनकी आगामी फिल्म तिग्मांशु धूलिया की 'गर्मी' है जो छात्र राजनीति और गुंडाराज मिलीभगत के बदसूरत पक्ष को दिखाती है। दिलचस्प बात यह है कि तिग्मांशु धूलिया निर्देशित वेब सीरीज के लिए भोपाल और वाराणसी जैसी जगहों पर शूटिंग का अनुभव अनुष्का के लिए एक असली अनुभव रहा, क्योंकि वह बताती हैं, ह्लजब मुझे ह्यगर्मीह्ल के बारे में पता चला, तो मुझे यह नहीं पता था यह तिग्मांशु सर की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'हासिल' की तर्ज पर बनने जा रही है या मैं इसे हासिल 2.0 कहना चाहूंगी। जब मुझे पता चला कि मैं उसी होटल में ठहरी हूं, जहां दिवंगत दिग्गज अभिनेता इरफान खान 'हासिल' की शूटिंग के दौरान रुके थे, तो मैं वास्तव में उत्साहित हो गयी, मैंने खुद से कहा कि मैं लगभग हर बिस्तर पर सोऊंगी क्योंकि इरफान सर यहां थे! अनुष्का आगे कहती हैं कि हालांकि उनके (इरफान खान) के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने का मेरा सपना अधूरा रह गया, लेकिन तथ्य यह है कि कभी भी जगहों पर 'गर्मी' की शूटिंग की, जहाँ इरफान सर ने पहले हासिल की शूटिंग की थी, एक ही कॉरिडोर जैसी जगहों सहित काफी रियल था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय, आदि। दृश्य इतने ज्वलंत थे कि मुझे वहां इरफान सर की उपस्थिति महसूस हो रही थी। हम बेहद भाग्यशाली 'गर्मी' का हिस्सा बनने का मौका मिला।



## मैं मैदान पर बहसबाजी करता हूं पर झगड़े में नहीं पड़ता : विराट

**बेंगलूर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर अपने आक्रामक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। विराट ने हाल ही में बताया है कि किस कारण से वह मैदान में आक्रामक रुख अपनाते हैं। हाल ही में एक शो में कोहली ने कहा कि वह शारीरिक लड़ाई में नहीं पड़ते हैं। वीडियो में कोहली ने कहा, शारीरिक लड़ाई का तो सवाल ही नहीं। इसमें मुझे कोई मुझे मार के निकल जाएगा, इसलिए मैं इस प्रकार के झगड़े में नहीं पड़ता। वहीं मैदान में बहसबाजी पर कोहली कहते हैं कि मेरे से इस प्रकार का झगड़ा करवालो पर में शारीरिक झगड़े में नहीं पड़ता। इस वीडियो में कोहली कहते है, मुंह से कुछ भी बुलवालो पर मैं शारीरिक लड़ाई नहीं करता। इसके साथ ही कोहली यह भी कहते हैं कि मैदान में हमेशा अंपायर बीच बचाव करने आ जाते हैं, इसलिए उन्हें किसी बात की चिंता नहीं होती। कोहली मजाकिया अंदाज में कहते हैं. यार में किस भी प्रकार की बहस मैदान पर करता हूं क्योंकि मुझे पता है वहां पर लड़ाई नहीं हो सकती। वहां पर अंपायर बीच में आ जाएंगे, इसलिए चिन्ता नहीं रहती।

## एआईएफएफ प्रमुख बोले, फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) प्रमुख कल्याण चौबे ने कहा कि भारतीय टीम का अगला लक्ष्य फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में अपनी जगह बनाना है। भारतीय टीम हाल ही में त्रिकोणीय टूर्नामेंट में जीत से फीफा रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाकर 101वें स्थान पर पहुंच गयी थी। एआईएफएफ के नये लक्ष्य को लेकर चौबे ने कहा, त्रिकोणीय टूर्नामेंट में म्यांमार और किर्गिस्तान पर जीत से भारत को अपनी फीफा रैंकिंग बेहतर करने में सहायता मदद मिली। उन्होंने कहा, हम अभी 101वें स्थान पर हैं और हमारा अगला ध्यान 100 अंक की बाधा को पार करना है। इसके लिए हम प्रयास करेंगे और आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि भारत ने एक बार फरवरी 1996 में अब तक की सर्वश्रेष्ठ 94वीं रैंकिंग हासिल की थी।



जापान में अमेरिका की ब्रुक रेबोटयू महिलाओं के आईएफएससी क्लाइंबर विश्वकप में खेलती हुईं।

## अर्पिता की ईद पार्टी में धोनी की पत्नी और बेटी ने सभी का ध्यान खींचा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की बहन अर्पिता और बहनोई आयुष शर्मा ने शनिवार को ईद के अवसर पर एक पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में बॉलीवुड के साथ ही कई अन्य क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने भाग लिया। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी और उनकी नन्हीं सी बेटी जीवा भी शामिल हुईं। इस दौरान साक्षी और जीवा दोनों ही पारंपरिक पोशाक में नजर आयीं। साक्षी धोनी ने जहां क्रीम रंग का लहंगा पहना था। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन स्टाइल में बनाया था। वहीं जीवा भी मां से मैचिंग करती हुई पोशाक में बेहद मासूम नजर आ रहीं थीं। साक्षी और जीवा का ये वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इनकी सादगी वाले लुक की जमकर प्रशंसा की है। लोगों को इनका यह सादा लुक बेहद पंसद आया है।



# नौकरी दिलाने के नाम पर किया 12 लाख की ठगी

जनसंदेश न्यूज

**धोखाधड़ी**

**पुलिस ने घर पर चस्पा किया नोटिस, पैसा व शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्र व रुपये लेकर अभियुक्त फरार**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी गांव में तीन अभियुक्त नौकरी दिलाने व जालसाजी कर 12 लाख रुपए लेकर के फरार होने के बाद उनके घरों पर पुलिस ने नोटिस चस्पा की है।

जानकारी के अनुसार सत्यम यादव पुत्र हौसिला प्रसाद यादव निवासी मल्हनी, नरसिंह सिद्धार्थ पुत्र रामचंद्र, कु. बबीता पुत्री रामचंद्र निवासी अफलेपुर थाना सरायख्वाजा को शैलेश मौर्या पुत्र सूर्यपाल मौर्या निवासी जमालपुर थाना सरायख्वाजा ने अपनी पत्नी दीपिका मौर्या को नौकरी दिलवाने के लिए उपरोक्त लोगों को 12 लाख रुपए व समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्र एक वर्ष पूर्व दिया था। उपरोक्त लोगों द्वारा नौकरी न लगवाने पर शैलेश मौर्या ने अपने पैसे उन लोगों से मांगने लगा तो वे पैसा व शैक्षणिक मूल्य प्रमाण पत्र देने में आनाकानी करने लगे। शैलेश मौर्या ने इसकी सूचना सरायख्वाजा पुलिस को देकर बताया कि दीपिका मौर्या की नौकरी लगवाई न तो शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र वापस किया और न ही 12 लाख रुपए वापस किया। शैलेश मौर्य ने 3 लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई जिसमें न्यायालय द्वारा धारा 419, 420, 406, 506, पंजीकृत के तहत विवेचना अपराध नि. शेषनाथ शुक्ला द्वारा जाँच करने पर अपराध में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त पर बार-बार दबिश दिया गया। जब आरोपी नहीं मिले तब अभियुक्त गणों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू में जीआरपी फरार होने पर अधिपत्र प्राप्त कर शनिवार को शेष नाथ शुक्ला मय हमराह अभियुक्तों के गाँव मोहल्ले में डुग्गी बजाकर के न्यायालय द्वारा फरार घोषित करने के ऑडिट को गांव वालों को बताकर के नोटिस अभियुक्तों के मकानों पर व स्कूल में चस्पा कराया।

## प्रेमी युगल की परिजनों ने करायी शादी

**सिरकोनी।** क्षेत्र के एक गांव की युवती का तथा एक युवक को गांव के लोगों ने पकड़ लिया। गांव के लोग उन दोनों को थाने ले आये जहां काफी पंचायत हुई। दोनों का प्रेम सम्बंध तीन वर्ष से चल रहा था। उक्त गांव की 20 वर्षीय युवती के चाची का मायका गाजीपुर के सैदपुर क्षेत्र में है। उसकी चाची के गांव के बगल के एक युवक उसी रिश्ते के माध्यम से आता जाता था। उस युवक से युवती का तीन वर्ष से प्रेम सम्बन्ध चल रहा था। इस बात की जानकारी गांव के लोगों को भी हो गयी। गांव के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और थाने ले आये। वहां पर जब युवक ने तत्काल शादी करने से इंकार किया तब युवती उसके ऊपर मुकदमा दर्ज कराने के जिद पर अड़ गयी। उसके बाद युवक के परिजन आये और मैहर देवी मंदिर पर दोनों की धूमधाम से शादी करवा दी।

## अवसाद ग्रस्त विवाहिता ने मायके में लगा ली फांसी, मौत

जनसंदेश न्यूज



ज्योति सिंह फाइल फोटो

**खुटहन।** डिहियां पहाड़ीचक गांव में शनिवार को वर्षों से मायके में रह रही विवाहिता ने घर के कमरे में साड़ी के फंदे से झूल आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि मृतका की दो बार शादी हुई थी और दोनों में तलाक हो गया था जिससे वह अवसाद ग्रस्त रहती थी।

गांव निवासी प्रमोद सिंह की 32 वर्षीय पुत्री ज्योती का पहला विवाह लगभग दस वर्ष पूर्व किया गया था। यहां से उसे एक पुत्री भी पैदा हुई हैं। चार वर्ष बाद पति-पत्नी में अनबन के चलते संबंध विच्छेद हो गया। उसके बाद ज्योती का दूसरा विवाह कर दिया गया। वहां से भी दो साल पूर्व तलाक हो गया। ज्योती अपनी आठ वर्ष की पुत्री को लेकर मायके में ही रह रही थी। इसको लेकर वह अवसाद में रहा करती थी। शनिवार को वह अपना कमरा भीतर से बंद किए हुए थी। देर तक दरवाजा न खुलने पर स्वजन दरवाजा खटखटाए तो भीतर से कोई आहट नहीं हुई। धक्का देकर दरवाजा तोड़ भीतर पहुंचे तो वहां का नजारा देख सन्न रह गये। फंदे के सहारे ज्योती का शव हवा में झूल रहा था। मौके पर तमाम ग्रामीण जुट गए। फंदा काट शव नीचे उतारा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया।

## शराबी मजदूर को अवारा कुत्तों ने नोचकर किया अधमरा

जनसंदेश न्यूज

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में शराब के नशे में गिरे एक मजदूर को आवारा कुत्तों ने नोच-नोच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसका उपचार एक चिकित्सालय में चल रहा है जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। मामला थाना क्षेत्र के सवैया गांव का है। एक ओर मजदूर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है वही क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक से दहशत फैल गई है।

क्षेत्र के सवैया निवासी 40 वर्षीय बीरबल बनवासी शुक्रवार की शाम को अपने घर से गांव में ही गेहूं की मड़ाई करने गया था। मड़ाई कर वहां से देर शाम एक अंडे की दुकान से आमलेट लेकर जेब में रख लिया व देशी दारू की दुकान पर पहुंच शराब पिया। अधिक शराब पीने के कारण कुछ दूर पर खेत के बगल गिर पड़ा तभी कुछ अवारा कुत्ते उस पर टूट पड़े और नोच-नोचकर उसे लहूलुहान कर दिया। रात में वहां से गुजर रहे एक राहगीर की नजर पड़ी तो उसने उन कुत्तों को भगाया और घायल मजदूर के परिजनो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे खून से लथपथ देख रोते विलखते उपचार के लिए एक अस्पताल में ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है। लोगों ने अनुमान लगाया कि उसके जेब में आमलेट पडा था जिसे खाने के चक्कर में कुत्तों ने उसे नोचा। घटना को लेकर क्षेत्र में कुत्तों के आतंक से शराबी किस्म के लोगों में खलबली मच गई है।

# अक्षय तृतीया पर बाजारों में रही रौनक, जमकर हुई खरीदारी



अक्षय तृतीया पर गहना कोठी फर्म पर खरीददारी करते ग्राहक



श्री बालाजी ज्वेलर्स पर गहने पसंद करती महिलाएं



कनिष्क ज्वेलर्स शोरूम पर ग्राहकों को आभूषण दिखाते अधिष्ठाता



91.6 गोल्ड पैलेस पर आभूषण पसन्द करते ग्राहक

जनसंदेश न्यूज

**बाजार का रुख**

**आभूषण शोरूम पर ग्राहकों की उमड़ी रही भीड़**

**जौनपुर।** शनिवार को अक्षय तृतीया का पर्व जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। ईद और अक्षय तृतीया एक ही दिन पड़ने से बाजारों में रौनक दिखी। ज्वेलरी शोरूम पर ग्राहकों की भीड़ देखी गयी।

गहना कोठी फर्म के प्रोपराइटर विवेक सेठ मोनू व हर्षित सेठ ने बताया कि हर कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए वेराइटी रखी गयी है। हमारे शोरूम पर हर वर्ग को देखते हुए नये डिजाइन के आभूषण उपलब्ध हैं। इसी क्रम में श्री बालाजी ज्वेलर्स के प्रोपराइटर महेन्द्र नाथ सेठ व अजय सेठ विक्की ने कहाकि जनपद स्वर्ण आभूषण की बड़ी मंडी है। यहां सब कुछ उपलब्ध है। वहीं सद्भावना पुल स्थित 91.6 गोल्ड पैलेस के अधिष्ठाता नन्हे लाल वर्मा ने बताया कि हमारे यहां वेडिंग कलेक्शन की विशाल रेंज है। अब शादी के लिए गहनों की खरीदारी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। तनिष्क ज्वेलर्स के प्रबंधक विनोद ने बताया की हमारा शोरूम खुद एक ब्रांड है। यहां ग्राहक शुद्धता देखकर आते हैं यहां हर कलेक्शन उपलब्ध हैं। कनिष्क ज्वेलर्स के संदीप वर्मा व नवदीप वर्मा ने बताया कि बरसों से जनपद गहनों के मामलों में अव्वल रहा है यहां से ग्राहकों को बाहर जाने की आवश्यता नहीं पड़ती है। शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया एक अबूझ मुहूर्त है यानी ऐसी तिथि जिसमें किसी तरह का शुभ कार्य या शुभ खरीदारी करने के लिए मुहूर्त नहीं देखा जाता है। बिना शुभ मुहूर्त के सभी तरह के शुभ कार्य की शुरूआत की जा सकती है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष वैशाख महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जाता है। अक्षय तृतीया को आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। अक्षय का मतलब होता है जिसका कभी भी क्षय या नाश न होना। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन शुभ खरीदारी या शुभ कार्य करने पर हमेशा इसमें वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन शुभ कार्य करने, दान, स्नान और जप आदि करने पर कभी भी शुभ फल की कमी नहीं होती है। वहीं खासतौर पर अक्षय तृतीया के दिन विशेष तौर पर सोने के आभूषण की खरीदारी की जाती है। मान्यता है इस दिन सोने और चांदी के आभूषण खरीदने से व्यक्ति के जीवन में माता लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है जिससे व्यक्ति का जीवन सुख,समृद्धि और वैभव का वास रहता है।

## स्वास्थ्य शिविर में 500 मरीजों का हुआ इलाज

**जफराबाद।** डॉ. हैनिमैन जयंती पखवारा समारोह के अवसर पर रविवार को आनन्द आरोग्य आश्रम व होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा जौनपुर ने संयुक्त रूप से रविवार को डॉ. बंशराज आनन्द के आवास सहमलपुर गांव में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 500 लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कर एक सप्ताह की दवा निःशुल्क वितरित की गई एवं पुनः एक सप्ताह की दवा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक केराकत गुलाबचन्द सरोज व डॉ. बीबी सिंह नवाब व डॉ. अशोक अस्थाना ने किया। डॉ. ए सिंह, डॉ. आरबी सिंह, डॉ. सुमित सिंह, डॉ. विवेक पाण्डेय ने चिकित्सकीय परीक्षण में अपना सहयोग दिया। डॉ. बालकृष्ण आनन्द ने आये हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



सम्मेलन को सम्बोधित करते विधायक रमेश सिंह

## भाजपा का मतदाता सम्मेलन आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता**

**शाहगंज।** नगर के पुराना चौक मोहल्ला स्थित गोपाल मन्दिर में भाजपा द्वारा मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह रहे।

विधायक ने कहाकि नगर पालिका चुनाव देश व प्रदेश की अस्मिता के प्रश्न पर लड़ा जा रहा है। यह देश की आगामी राजनीतिक दिशा दशा तय करेगा। नगर पालिका में वर्ष 2006 से 2011 अध्यक्ष पद पर रहे ओम जायसवाल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा। इसी प्रकार निवर्तमान अध्यक्ष गीता जायसवाल ने बेहतरीन विकास कार्य किया। कहा कि ट्रिपल इंजन कि सरकार लाइये व सम्पूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त करिये। इस दौरान प्रत्याशी गीता जायसवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, शीतल प्रसाद अग्रवाल, बेचन सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू, मनोज पांडेय, रविकांत जायसवाल, रुपेश जायसवाल, संदीप जायसवाल, धीरज पाटिल, अमित त्रिपाठी, सियाराम मौर्या, श्यामजी मोदनवाल, विकास अग्रहरि, संगीता जायसवाल, अलका गुप्ता, विजय लक्ष्मी, रीता जायसवाल, निकाय चुनाव प्रभारी अरुण सिंह, अमित श्रीवास्तव, प्रमुख खुटहन बृजेश यादव, सुइथाकला प्रमुख प्रतिनिधि उमेश तिवारी, बृजेश यादव, विकास अग्रहरि, उमेश तिवारी, देवी प्रसाद चौरसिया मंटू, सियाराम अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## कार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, नतिनी घायल

जनसंदेश न्यूज



**नौपेड़वा।** बक्शा थाना के करीब पुरेरामजी गांव के पास पीछे से आ रही कार ने एक बाइक सवार एक वृद्ध को बुरी तरह टक्कर मार डिवाडर से टकरा क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक चला रहे अधेड़ की जहां मौके पर मौत हो गई वहीं पीछे बैठी नतिनी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उधर चालक क्षतिग्रस्त कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के बीरभानपुर गांव निवासी 60 वर्षीय मंगला प्रसाद यादव अपनी 14 वर्षीय नतिनी साक्षी यादव को दवा दिलाने जौनपुर गए थे। रविवार को दिन में करीब 3 बजे जौनपुर से वापस आते समय जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुँचे बक्शा बाजार की तरफ मुड़ना चाहे पीछे से तेजगति से आ रही एक्सयूबी कार चालक ने जोरदार टक्कर मारते हुए राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बने डिवाडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस पर मंगला व साक्षी को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने मंगला को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायल साक्षी को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने कार व मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।




समाचार के बीच में लगायें

## व्यापारियों के हित की बात करती है सपा : डॉ. अवधनाथ पाल

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा श्रवण जयसवाल के सदभावना पुल मां नव दुर्गा मंदिर के समीप केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

सभा को संम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल ने कहाकि समाजवादी पार्टी ने एक कार्यकर्ता को टिकट देकर ये संदेश दिया है और समाजवादी पार्टी एकजुटता से अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कटिबद्ध है। व्यापारी वर्ग अब भाजपा के बहकावे में नहीं आएगा व्यापारियों का हित करने वाली सिर्फ समाजवादी पार्टी ही है। प्रत्याशी उषा जायसवाल ने कहा समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जिस तरह से इस चुनाव लगा है इससे हमें बहुत हौंसला मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव, श्रीराम यादव, श्रद्धा यादव, अरशद खान, राजबहादुर यादव, सैयद आरिफ मोहम्मद, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, शकील अहमद, रुक्सार अहमद, राजनाथ यादव, राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, यशपाल गुप्ता, अनवारुल हक, गप्पू मौर्या, लाल मोहम्मद राइनी, कमालुद्दीन अंसारी, जायसवाल समाज के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सर्वेश जायसवाल, अमरनाथ मोदनवाल, मेवालाल गौतम, आरीफ हबीब, साजिद अलीम, इरशाद मंसूरी, धर्मेंद्र चौरसिया आदि उपस्थित रहे। संचालन महासचिव ने किया।

# जोश-ओ-खरोश और अकीदत से मनाया गया ईद का त्योहार



सदर इमामबाड़े में ईद की नमाज अदा करते लोग



मछलीशहर पड़ाव स्थित शाही ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ते अकीदतमंद



मौलाना महफूजुल हसन को ईद की मुबारकबाद देते लोग

**ईद-उल-फित्र**

**मुल्क की सलामती और खुशहाली के लिए मांगी गयी दुआयें**

**मुस्लिम बहुल इलाकों में रही धूम, बच्चों में रहा काफी उत्साह**

**जौनपुर।** भाईचारे और नेकी का पैगाम देने वाला त्योहार ईद-उल-फित्र का त्योहार शनिवार को शहर और पूरे जनपद में जोश-ओ-खरोश तथा अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर जगह-जगह हुई सामूहिक नमाज में मुल्क में अमन-चैन और कौम की खुशहाली की दुआ की गई। दिन भर ईद की बधाई देने और सेंवई तथा अन्य पकवान खाने-खिलाने का सिलसिला चलता रहा। जिले की गंगा-जमुनी तहजीब के मुताबिक हिंदू भाइयों ने पूरे उल्लास के साथ हिस्सा लेकर त्योहार की खुशी दोगुनी कर दी। ईद को लेकर वैसे तो पिछले कई दिनों से जबरदस्त उत्साह दिखाई पड़ रहा था। शुक्रवार की शाम चांद के दीदार के बाद आधी रात के बाद तक बाजार रौनक रहे तो शनिवार को सवेरे से ही मुस्लिम बहुल इलाकों में काफी चहल-पहल रही। नमाज के वक्त से घंटों पहले ही कुर्ता-पायजामा पहने युवाओं, बड़े-बूढ़ों तथा रंग-बिरंगे कपड़े पहने बच्चों का रेला शाही ईदगाह और सदर इमामबाड़े एवं अन्य इबादतगाहों की तरफ चल पड़ा।

शहर के मछली शहर पड़ाव स्थित ऐतिहासिक शाही ईदगाह में ईद की नमाज हजरत मौलाना अलहाज जाहिद सिद्दीकी की इमामत में सकुशल संपन्न हुई। नमाज से पूर्व तकरीर करते हुए हजरत मौलाना ने बताया कि यह ईद का दिन बेशुमार खुशियों का दिन है जब अल्लाह का बंदा पूरे 1 महीने के रोजे मुकम्मल कर लेता है तो अल्लाह अपने फरिश्तों के जरिए बंदों पर रहमते बरसाते हैं, आज मांगी हुई हर दुआ कबूल होती है। उन्होंने लोगों को हर हराम चीज से बचने और सही रोजी की तलाश कर अपना जीवन यापन सादगी से बिताने के लिए हिदायत दी। वहीं ऐतिहासिक शाही ईदगाह में लगभग 25 हजार लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। इससे पहले हजरत मौलाना ताज, मौलाना अशफाक ने भी अपनी तकदीर के जरिए लोगों को एकजुट रहने वह आपस में अमन व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। नमाज के बाद दुआ में पूरे देश दुनिया में अमन व अमान के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सदर मिर्जा दावर बैग, सेक्रेटरी मो. शोएब खान, नेयाज ताहिर शेखू, रियाजुल हक, हाजी इमरान, ताज मोहम्मद, अबूजर अंसारी, हफीज शाह आदि लोग मौजूद रहे। ईदगाह के बाहर जिले के उच्च अधिकारियों सहित प्रशासन के तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में ईदुलफितर की नमाज शाही ईदगाह और सदर इमामबाड़ा बेगमगंज ईदगाह के अलावा ज़िले की मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अदा कराई गई। इसी क्रम में ईदगाह सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में शिया जामा मस्जिद नवाब बाग के पेश इमाम एवं जामिया ईमानिया नासिरया के प्रिंसिपल मौलाना महफुजुल हसन खां ने अदा कराई। उन्होंने तमाम नमाजियों को एवं देशवासियों को ईद की मुबारकबाद पेश की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि ईद की खुशियों का वास्तविक हकदार रोजेदार हैं जो महीने भर रोजा रखकर अल्लाह के महबूब बन्दे बन जाते हैं उन्हें गुनाहों से निजात हासिल होती है। रमजान की इबादत का ईनाम ईदुलफितर है। दूसरी नमाज पहली नमाज के सम्पन्न हो जाने पर दूसरी नमाज मौलाना आगा आबिद अली खान नजफी ने पढ़ाया। शिया जामा मस्जिद नवाब बाग के मुतवल्ली शेख अली मंजर डेजी ने भी मुबारकबाद पेश की तथा रमजानुल मुबारक और ईद के सुव्यवस्थित सम्पन्न होने पर ज़िला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका परिषद प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

## सहज केंद्र में चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**खुटहन।** लवायन गांव की बाजार में संचालित एक सहज जनसेवा केंद्र में शनिवार की रात चोरी करने गए दो की संख्या में चोर दरवाजे का ताला तोड़ रहे थे कि आसपास के दुकानदारों के जग जाने की आहट पाकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी के कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर फुटेज के आधार पर चोरों की शिनाख्त कर कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी दुर्गेश कुमार की उक्त बाजार में वर्षों से सहज जनसेवा केंद्र की दुकान संचालित है। आरोप है कि इसके पूर्व भी दो बार केंद्र का ताला तोड़ चोर, लैपटॉप, प्रिंटर, लेमीनेशन मशीन, मोबाइल, बैटरी, इन्वर्टर के अलावा सात हजार नकदी भी उठा ले गए थे। दोनों घटनाओं के बाद उन्होंने सुरक्षा हेतु दुकान में सीसीटीवी लगवा दिया था। तीसरी बार चोरी करने आये चोरों को भले ही खाली हाथ भागना पड़ा लेकिन इस बार उनका सीसीटीवी फुटेज मिल जाने से उन तक पहुंचना पुलिस के लिए आसान हो गया।

# अध्यक्ष के 19 व सदस्य के 124 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

## सातवें दिन अध्यक्ष के पांच सहित 37 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य पदों हेतु नाम निर्देशन पत्रों का क्रय पाँचवें दिन रविवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक हुआ। तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु तीन व सदस्य पद हेतु चौदह पत्रों की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष हेतु चार एव अड़तालिस प्रत्याशियों ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया। सुरियावा अध्यक्ष पद हेतु एक एवं सदस्य पद हेतु आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों खरीदा तथा अध्यक्ष हेतु दो एवं सदस्य पद हेतु बाइस प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नई बाजार के अध्यक्ष पद हेतु 03 प्रत्याशी तथा 15 सदस्य प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के सदस्य पद हेतु 05 पत्रों की बिक्री एवं अध्यक्ष पद हेतु एक तथा सदस्य पद हेतु आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पंचायत ज्ञानपुर में सदस्य के तीन फार्मो की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष पद हेतु दो तथा सदस्य पद हेतु पन्द्रह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु एक एवं सदस्य पद हेतु दो नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खमरिया से अध्यक्ष पद हेतु छः तथा सदस्य पद हेतु दस प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पंचायत घोसिया के अध्यक्ष पद हेतु एक व छः सदस्य प्रत्याशियों ने नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों में नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के पाँच व सदस्य के बत्तीस सहित कुल सैंतीस नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 124 सदस्य प्रत्याशी एवं 19 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 143 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा, 27 अप्रैल को अभ्यर्थन की नाम वापसी, 28 अप्रैल को प्रतीक/चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा से 11 मई को पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक मतदान होगा एवं 13 मई को पूर्वाह्न 8:00 बजे से मतगणना की शुरुआत होगी।

# पेंटर परवेज ने डीएम को भेंट की उनकी तस्वीर



डीएम गौरांग राठी को तस्वीर भेंट करते पेंटर परवेज खान

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौर अजीमुल्ला चौराहा पर लगे कैम्प पर जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से ईद-उल-फितर पर्व की लोगों को बधाई दे रहे थे। बच्चों को टाफियां दे कर ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दे रहे थे। इसी दौरान पचभैया निवासी पेंटर परवेज खान ने अपनी कलाकारी का शानदार नमूना पेश करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी की बनाई हुई उनकी पेंटिंग की शानदार तस्वीर भेंट किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तस्वीर को लेते हुए पेंटर परवेज खान की कलाकारी की सराहना किया।

इससे पहले पेंटर परवेज खान ने कई अधिकारियों और मंत्रियों की तस्वीरें बनाकर उनको भेंट कर वाहवाही लूट चुके हैं।

## संक्षेप

### तरन्नुम का टिकट कटा, सपा की उम्मीदवार बनी कांती देवी

**भदोही।** नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी से तरन्नुम पत्नी हसनैन अंसारी को उम्मीदवार बनाया गया था। रविवार को समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने तरन्नुम की जगह कांती देवी पत्नी पन्नालाल यादव को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक तरन्नुम पत्नी हसनैन अंसारी को अधिकृत प्रत्याशी बनाकर दिया गया। प्रारूप 7 क व 7 ख जारी किया गया था। समाजवादी पार्टी ने अपना निर्णय बदलते हुए प्ररूप 7क व 7 ख का निरस्तीकरण करते हुए व कान्ती देवी पत्नी पन्नालाल को समाजवादी पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी के रूप में स्वीकार करके साइकिल चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए नगरीय निकाय के रिटर्निंग अधिकारी को पत्र देकर अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। उर्वशी जायसवाल को बीजेपी ने बनाया उम्मीदवार **भदोही।** भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने पत्ते खोलते हुए नगर पालिका परिषद भदोही के अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान चेयरमैन अशोक कुमार जायसवाल की पत्नी उर्वशी जायसवाल को अधिकृत उम्मीदवार बनाया है। बसपा से अशहर अली का टिकट तय हो गया है। गोपीगंज से निवर्तमान चेयरमैन प्रहलाद गुप्ता भाजपा के प्रत्याशी बने हैं।

### हरियाली को लगी नजर, लकड़ी माफिया सक्रिय

**ज्ञानपुर।** जहाँ एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार पर्यावरण के संरक्षण करोड़ों की धनराशि खर्च करके अभियान चलाकर वृक्षारोपण कराती हैं वही दूसरी ओर हरियाली के दुश्मन बने लकड़ी माफिया चन्द पैसो की लालच में प्रकृति को उजाड़ने का काम कर रहे हैं। नजीर के तौर पर भदोही कोतवाली के मोढ़ क्षेत्र को लिया जा सकता है। इन दिनों मोढ़ क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई चल रही है। क्षेत्र के आरा मशीनों पर हरे पेड़ों की लकड़ियों की भरमार है। सब कुछ जानते हुए पुलिस व वन विभाग के लोग मौनी बाबा बने हुए हैं। लकड़ी कारोबारी व अनाधिकृत आरा मशीन संचालकों पर कार्रवाई को लेकर जिम्मेदार अधिकारी नाकाम साबित हो रहे। हरियाली गायब होती जा रही है तो पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। हरे पेड़ों का अस्तित्व समाप्त करने वाले ऐसे कारोबारियों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस व वन अधिकारी बेखबर हैं। आरोप है कि पुलिस, वन विभाग के अधिकारी जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। कारोबारियों की ओर से पेड़ कटाई के बाद ट्रैक्टर पर लादकर आरा मशीन तक रात में ढुलाई किया जाता है। रास्ते में ऐसे वाहनों पर पुलिस की नजर पड़ने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है। प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### विश्वव्यापी रक्तदान का आयोजन

**भदोही।** मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश एवं दूर देशों में रक्तदान शिविर के आयोजन से मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याण हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे देश भर सहित भदोही जिले में औराई स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर जैसे महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी रक्तदाता स्वेच्छा पूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान करेंगे।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 174 मरीजों का उपचार

**खेतासराय।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। पीएचसी सोंधी अंतर्गत सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 174 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई। मिहरावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। इसी तरह सोंगर, मदरहा, बीबीगंज और ताखा में आयोजित जन आरोग्य मेले में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाएं दी गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा ने बताया कि क्षेत्र के सभी पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया गया। इसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी के अलावा स्वास्थ्य केंद्र ताखा में डा. मसूद अहमद खान, मदरहाँ में डा. विवेकानंद कुशवाहा, मेहरावां में डा. सुधा व डा. एसके यादव, बीबीगंज में डा. राकेश यादव व डा. सुधाकर चौहान, सोंगर में डा. रमेश चन्द्रा और साथ में पैरास्टाफ लगाए गए थे।

### कैटल कैचर वाहन को मिली हरी झण्डी



**सुइथाकला।** शनिवार को स्थानीय ब्लाक परिसर से छुट्टे पशुओं को पकड़ने के लिए कैटल कैचर वाहन को हरी झण्डी मिली। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी व खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाते हुए वाहन को रवाना किया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. तिवारी ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रम में क्षेत्र पंचायत प्रमुख विद्या तिवारी द्वारा छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए क्रय कराया गया जो एक सराहनीय पहल है। अब छुट्टा पशुओं को आसानी से पकड़कर गौशालाओं तक पहुंचाया जा सकेगा। वहीं खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव द्वारा इस कार्य जनसहयोग करने की भी अपील की गई। इस दौरान एपीओ नृपेन्द्र सिंह, जितेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मारपीट में घायल युवक की मौत


**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के भटौली (जहरुद्दीनपुर) गांव में रविवार शाम शराब पीने के बाद हुई आपसी कहासुनी व मारपीट में घायल रवींद्र पाल (37) की अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। आरोपित विकास पाल शव को बोलेरो गाड़ी में मृतक के घर के सामने छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव तथा बोलेरो अपने को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की। कथित तौर पर मृतक रवींद्र पाल व उसके पड़ोसी विकास पाल ने शाम को एक साथ अन्य मजदूरों के साथ गेहूं की मड़ाई की और उसके बाद एक साथ बैठकर शराब का सेवन किया। इस बीच नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी होने लगी जो धक्का-मुक्की व मारपीट में बदल गई। जिसमें रवींद्र पाल घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपित विकास पाल उसे एक बोलेरो गाड़ी से इलाज हेतु शाहगंज एक निजी अस्पताल ले गया जहां चिकित्सकों ने रवींद्र को मृत घोषित कर दिया।

### आकाशीय बिजली से महिला व वृद्ध की मौत

**चंदवक।** थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में रविवार की शाम तूफान व बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झुलस जाने से वृद्ध व महिला की मौत हो गई। उनकी बकरियां सुरक्षित बच गईं। घटना से गांव में कोहराम मच गया है। गांव निवासी 65 वर्षीय संतू राम और फूलचंद्र राम की पत्नी 45 वर्षीय जीरा देवी अपनी-अपनी बकरियां चराने निकले थे। करीब साढ़े छह बजे गांव के बाहर खेत में बकरियां चरा रहे थे। तभी बूंदा-बांदी के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। इसी दौरान गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस जाने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**जनसंदेश न्यूज**



फरार आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा करती पुलिस

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावां पर पंजीकृत मुकदमा 282/2022 धारा-411/414 के मामलें में सुरियावां पुलिस ने फरार आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा किया।

इस मामलें में आरोपी बंटी गौतम पुत्र मनोज गौतम उर्फ करिया निवासी विष्णुपुर थाना सुरियावां में वांछित है, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा है। आरोपी को नियत तिथि तक न्यायालय के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखने हेतु आदेशित किया गया।

मुनादी करते हुए सुरियावां पुलिस ने बताया कि यदि निर्धारित तिथि के अन्दर बंटी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नही होगा तो उसकी चल-अचल सम्पत्ति जब्त कर ली जाएगी। सुरियावां पुलिस टीम द्वारा उदघोषणा (डुग-डुगी) कर मुनादी करायी गई एवं 82 सी.आर.पी.सी की नोटिस गवाहों के समक्ष चस्पा किया गया।

# ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआएं



ईद की नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगते नमाजी



बच्चों को चोकलेट और टॉफी देकर ईद-उल-फितर त्योहार की शुभकामनाएं देते डीएम और एसपी

**भदोही।** ईद-उल-फितर का त्योहार नगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रुप से ईद-उल-फितर पर्व के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ भ्रमण कर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहें तथा थाना कोतवाली भदोही क्षेत्र अन्तर्गत ईदगाह पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई। सकुशल नमाज सम्पन्न होने के उपरान्त अजीमुल्ला चौराहा पर मुस्लिम धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों खासकर छोटे-छोटे बच्चों को चोकलेट और टॉफी देकर ईद-उल-फितर त्यौहार की शुभकामनाएं दी।

अजीमुल्ला चौराहा स्थित कैम्प में लोगों को बधाई देने के लिए डीएम, एसपी के साथ एसडीएम कृपाशंकर पांडेय, सीओ अजय कुमार चौहान, इओ जी लाल व कोतवाल अजय सेठ ने लोगों को ईद-उल-फितर की बधाई दी। अजीमुल्ला चौराहा स्थित ईदगाह में पहली जमात 6:30 पर हाफिज परवेज अच्छे ने ऐडा कराई जबकि दूसरी जमात 7:15 पर हाफिज मो. रेहान ने अदा कराई। इसी के साथ नगर में सबसे लेट नमाज 7:45 पर सिविल लाइन पावर हाउस स्थित ईदगाह पर हाफिज फहद अत्तारी ने अदा कराई।

डीएम एसपी ने लोगों को कोविड के प्रति जागरूक भी करते हुए खुशियां मनाने की अपील की। लोग नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिले और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उसके बाद मिलने-मिलाने का दौर जो शुरू हुआ वह काफी रात तक जारी रहा। त्योहार के दृष्टिगत रखते हुए ईदगाहों और मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। नगर में ईद.उल.फितर पर्व को लेकर सुबह से ही सड़कों पर रौनक शुरू हो गई थी। लोग स्नान करने के बाद नए कपड़े पहनकर, इत्र लगाकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ ईदगाहों और मस्जिदों की जानिब कूच कर गए। दो साल बाद बगैर किसी पाबंदी के हुई नमाज को देखते हुए नगर के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजी खचाखच भरे रहे। लोगों ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। उसके बाद बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैलाकर मुल्क में अमन-चैन कायम रखने के लिए दुआ मांगी गई। लोग एक दूसरे से गले मिले और उनको ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। परंपरानुसार ईद उल-फितर का पर्व रमजान माह के अन्त और शव्वाल माह के पहले दिन मनाई जाती है। ईद के दिन लोग अपने घरों को सजाये व नए कपड़े पहने। पूरे एक महीने के कठिन रोजे के बाद ईद का त्योहार आता है। ऐसे में ईद के दिन लोगों के घरों में सेंवई बनती है। इसलिए इस पर्व को मीठी ईद भी कहा जाता है। लोगों ने एक दूसरे के घरों में पहुंचकर मीठी-मीठी सेवईयों का लुत्फ उठाया।

# डॉ. कुमार विश्वास ने साथियों संग श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**आयोजन**

**अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जन्मोत्सव व हिन्दी कविता के शताब्दी वर्ष पर आयोजन**



काव्य कलश में कविता का रसपान कराती कवियत्री

**मुंगराबादशाहपुर।** अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जन्मोत्सव व हिन्दी कविता के शताब्दी वर्ष पर शनिवार को सुजानगंज के एक विद्यालय में काव्य कलश का भव्य आयोजन किया गया जिसमें विख्यात कवि कुलभूषण डॉ. कुमार विश्वास व उनके साथियों द्वारा एक से बढ़कर एक काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा परिसर देर रात तक गूंजता रहा। बताते चलें कि अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव व हिन्दी कविता के शताब्दी वर्ष पर भव्य काव्य कलश का आयोजन सुजानगंज में किया गया। जिसमें कवि डॉ. कुमार विश्वास, पद्मिनी शर्मा, रमेश मुस्कान, शम्भू शिखर, योगेन्द्र शर्मा व प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, पूर्व विधायक बदलापुर बाबा दुबे सहित अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. कुमार विश्वास ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह सुजानगंज जौनपुर की धरती है और जो लेट आता है उसे बहुत प्यार आशीर्वाद मिलता है और मैं पहली बार जनपद के किसी कवि सम्मेलन में आया हूँ। इसी बीच तालियों की गड़गड़ाहट से श्रोताओं ने अपने चहेते कवि को भरपूर प्यार दिया। कवियित्री प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने माँ सरस्वती वंदना माँ शारदे हमें ज्ञान का वर दो माँ गाकर श्रोताओं को आत्ममुग्ध कर दिया। हास्य कवि शम्भू शिखर ने अपने हास्य रस से श्रोताओं को हंसाकर लोट पोट कर दिया और भी बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में वीर रस कवि योगेंद्र शर्मा ने गाजीपुर के लाल परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद पर हिन्द की जय हिन्द की जय शोर चारों ओर था। द्वन्द गगनभेदी गर्जना का दौर भी चारों ओर था, क्या गजब दीवानगी क्या गजब उन्माद था और देश की रक्षा के लिए हमीद आगे बढ़ गया, भारती का लाल अब्दुल दुश्मनों का काल था' वीर रस से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसी क्रम में पद्मिनी शर्मा और रमेश मुस्कान ने भी एक बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और समूचा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। अंत में कुमार विश्वास ने किसी के दिल की मायूसी जहाँ से हो के गुजरी हैं हमारी सारी चालाकी वही पे खो के गुजरी हैं, तुम्हारी और हमारी रात में बस फर्क इतना है तुम्हारी सो के गुजरी हैं, हमारी रो के गुजरी है से दर्शकों को आत्ममुग्ध कर दिया।

# आठ सौ श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या दर्शन को रवाना



अयोध्या दर्शन को रवाना होते श्रद्धालु

**खुटहन।** सियराबासी गांव निवासी सनातन धर्म के प्रचारक व युवा समाजसेवी सतीश जयकृष्ण तिवारी के सौजन्य से शंकर दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले रविवार की भोर दो दर्जन बसों से निःशुल्क आठ सौ श्रद्धालु अयोध्या दर्शन को रवाना हो गए। श्रद्धालु भगवान श्रीराम जन्म भूमि के विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन पूजन कर देर रात तक उसी बस से वापस लौट आयेंगे। यात्रा के दौरान खानपान की ब्यवस्था भी समाजसेवी के द्वारा करायी गई है।

उक्त की जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने बताया कि देश के तमाम धार्मिक स्थल जहां हमारी आस्था के प्रमुख केंद्र है वहीं इन पौराणिक स्थलों के दर्शन से पुण्य के साथ साथ हमारे मन व अंतःकरण में सनातन संस्कृति के प्रति प्रेरणा व बल मिलता है। हमारे ग्रामीण समाज के तमाम लोग मन में इच्छा रहने के बाद भी धन, समय या किसी का साथ न मिलने की वजह से भगवान की जन्मभूमि तक नहीं पहुंच पाते। उन सभी को पावन नगरी तक ले जाने की सोचकर यह योजना बनाई गई है। अब प्रत्येक वर्ष यह यात्रा आयोजित की जायेगी। इस बार की यात्रा में महमदपुर, सुतौली, बड़सरा, गढ़ा गोपालापुर, सम्मनपुर, गुलरा आदि गांवों से आठ सौ बुजुर्गों को यात्रा पर ले जाया जा रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी परशुराम जयन्ती और ईद

**सुइथाकला।** शनिवार को क्षेत्र के चौबाहा (सरजूनगर) में जहां अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनायी गयी, वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर का पर्व बड़े ही अकीदत के साथ मनाया। लोग नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगकर पर्व की बधाईयाँ देते नजर आए। पुलिस और प्रशासन के लोग क्षेत्र में अमन चैन के लिए मुस्तैद दिखे। क्षेत्र के चौबाहा गांव में भगवान परशुराम की जयन्ती पर बतौर मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने भगवान परशुराम के पूजन अर्चन के बाद लोगों से उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। इस दौरान विजय प्रकाश तिवारी, पवन तिवारी भोला, विपिन, रमेश आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी तरफ सौहार्द और भाईचारे के रूप में मनाए जाने वाले ईद के पर्व पर क्षेत्र के पूरा असालत खाँ, सुइथाकला, डीहअसरफाबाद, समोधपुर, हमजापुर, जमदरा समेत दर्जन भर गाँव के मस्जिदों और ईदगाहों में शिया और सुन्नी धर्मगुरूओं के द्वारा नमाजियों को नमाज पढ़ाकर मुल्क में शान्ति और भाईचारे की दुआ की गयी। बड़ी तादाद में लोग मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक नमाज अदा करने के लिए गये। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयाँ देते नजर आये। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के लोग क्षेत्र में अमन चैन के लिए मुस्तैद दिखे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# कुटीर पीजी कॉलेज में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन



पुरातन छात्र सम्मेलन में उपस्थित लोग

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के मे शुक्रवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अभयजीत दुबे स्मृति सभागार में किया गया। स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रम श्रृंखलांतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में महाविद्यालय के स्थापना वर्ष 1971 से 1985 बैच तक के पुरातन छात्रों के साथ प्रबंधक तथा प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ प्रथम सत्र के कार्यक्रम में वर्ष 1973 से 2022 तक पूरा छात्रों को स्मृति चिन्ह तथा खादी का अंगवस्त्र एवं झोला देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य, शिक्षक भी उपस्थित रहे जिसे पुरातन शिक्षक छात्र समागम नाम दिया गया। कार्यक्रम में संस्थान के पुरा छात्र रहे प्रो. डीडी दुबे पूर्व संकायाध्यक्ष, त्रिवेणी सिंह सेवानिवृत्त आईआरएस, राजदेव यादव पूर्व प्रधानाचार्य, ओपी भारती रिटायर्ड महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, दयाशंकर यादव पूर्व डिविजनल इंजीनियर बीएसएनएल, रमाकांत पांडेय आदर्श किसान, उदय प्रताप सिंह सचिव गोरखपुर विकास प्राधिकरण, शरद मिश्र सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी, डॉ. जय प्रकाश पांडे वरिष्ठ वैज्ञानिक सीएसआरटीआई, ब्रिजलेस नागर वरिष्ठ वैज्ञानिक बीएआरसी, डॉ. रीता प्रधानाध्यापिका, डॉ. गिरीश कुमार प्रधानाध्यापक, शंभू यादव अध्यापक ने अपनी स्मृतियों को भावुकता के साथ साझा किया। सभी ने ग्रामीण क्षेत्र के इस महाविद्यालय को साधनहीन समाज के लिए वरदान बताया। उद्बोधन में बार बार लोगों ने संस्थापक के इस महान त्याग की प्रशंसा की और उनकी स्मृतियों का आत्मीय उल्लेख कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। संस्थापक स्मृति स्थल में चरखा चलाया जा रहा था जो आकर्षण का केंद्र था, जहां पूर्व छात्रों ने अपनी सेल्फी और फोटो भी पुराने चरखे के साथ खिंचवाई। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य प्रो. श्याम नारायण मिश्र सहित अन्य पूर्व शिक्षकों की उपस्थिति मिलन का अद्भुत संयोग बना रही थी। रसायन विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जगत नारायण ने कहाकि यह वास्तव में प्रणाम आशीर्वाद समारोह लग रहा है। पूरा कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम से भरपूर रहा जिसका प्रदर्शन भी पूर्व छात्राओं द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. अजयेंद्र कुमार दुबे ने कहाकि पूर्व छात्र ही संस्थान का सही मूल्यांकन कर सकते और वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के लिए आदर्श भी। प्राचार्य डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने पूर्व छात्रों से अपील की, किसी भी रूप में आपकी संस्था से जुड़ा रहना महाविद्यालय के प्रगति और वर्तमान छात्रों के भविष्य के लिए एक सार्थक सहयोग होगा। उन्होंने पूर्व छात्रों के उत्साह को देखते हुवे कहा कि कक्षा और महाविद्यालय के अनुशासन की सीमा से मुक्त आत्मीय मिलन आज अलौकिक आनंद की प्राप्ति करा रहा है। हर्ष से भरे अनेक पूर्व छात्रों ने संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थियों के हित में आर्थिक सहयोग की घोषणा की तथा यह भी आश्वस्त किया की उनके कार्य अथवा क्षेत्र में महाविद्यालय के किसी छात्र को कोई असुविधा नहीं होगी। कार्यक्रम का संयोजन पुरा छात्र पंकज भूषण मिश्र, संजय सिंह गौतम, कृष्णकांत मधुकर सहित एक समिति ने किया। आभार प्रदर्शन प्रो. राघवेंद्र पांडेय तथा संचालन डॉ छवि गुप्ता ने किया।

# विश्व पुस्तक दिवस कार्यक्रम आयोजित



छात्रा को पुस्तक प्रदान करते अतिथि

**सुजानगंज।** विश्व पुस्तक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश शुक्ला विशेष सचिव राजस्व उत्तर प्रदेश शासन ने सर्व प्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पुष्प पर अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक डॉ. प्रमोद के सिंह ने की। विद्यालय की प्रिंसिपल सिल्जा प्रमोद सहित समस्त अध्यापक गण के साथ मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को विंग्स आफ फायर, रस्किन बॉन्ड, प्रेमचंद की अनमोल कहानियां पुस्तकें भेंट की। पुस्तक को पाते ही ऋषिकेश तिवारी, शशांक पांडेय, गौरी पाण्डेय, स्नेहा गुप्ता आदि के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने बच्चों से किताबों को अपनी मित्रता सूची में सबसे ऊपर रखने के लिए कहा क्योंकि किताबें मित्रों में सबसे शांत होती हैं, वे सलाहकारों में सबसे बुद्धिमान होती हैं और अध्यापकों में सबसे धैर्यवान होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रमोद के सिंह ने बच्चों को बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा और सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। ये होनहार युवा हमारी ताकत हैं जो देश को विश्वशक्ति बना सकते हैं। बस जरूरत है ऐसी नीतियों की जो हमारे युवाओं को कौशल और काम करने का असीमित अवसर प्रदान करे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य सुधीर तिवारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य नितिन तिवारी आदि वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह के समापन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिल्जा प्रमोद ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया व संचालन कुलदीप पाण्डेय ने किया। मौके पर विजय शंकर दुबे, पंकज मणि तिवारी, दीपक तिवारी, अजीत शर्मा, पंकज सिंह, नीता तिवारी, सुनीता सोनी, वंदना जायसवाल, सोनाक्षी, नीलम, अस्मिता, दिव्या तिवारी व निशा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पृथ्वी दिवस पर गुरुनानक कॉलेज में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**लगा गुलमोहर का पौधा**

### कॉलेज में लगे गुलमोहर पौधे वाले क्षेत्र को गुलमोहर एवेन्यू के नाम से जाना जायेगा-मंजीत सिंह नैय्यर

### पृथ्वी को बचाने के लिए हमें हर दिन पृथ्वी दिवस मनाना होगा-लक्ष्मणन रामनाथन






हर साल 22 अप्रैल को हमे सिर्फ पृथ्वी दिवस मनाना नहीं होगा, बल्कि इसके प्रति हम सभी को जागरुक होना होगा, और लोगों को भी पृथ्वी को बचाने के लिए जागरुक करना होगा तभी हम इस पृथ्वी पर अपने जीवन का सार्थक करते हुए आने वाली पीढ़ी को कुछ दे सकने में पूरी तरह से सफल हो सकेंगे। इसी संदेश के साथ पृथ्वी दिवस पर चेन्नई वेलाचेरी के वेस्टिन होटल के सहयोग से गुरु नानक कॉलेज को 215 गुलमोहर का पौधा प्रदान किया गया।

गुरु नानक सेंटर फॉर कंसल्टेंसी एंड आउटरीच इनिशिएटिव ने चेन्नई वेलाचेरी के वेस्टिन होटल के सहयोग से गुरु नानक परिसर के चारों ओर 215 गुलमोहर के पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण का संदेश देते हुए सभी को नसीहत दी कि अगर आज हम सभी पृथ्वी को नहीं बचाएं तो आने वाले समय में हमारा जीवन भी संकटों के घिरा होगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी की नैतिक जिम्मेदारियां है जिसके लिए हम सभी हो पहल करते हुए आगे आना होगा।

### उस क्षेत्र को नाम दिया गुलमोहर एवेन्यू

गुरु नानक कॉलेज (स्वायत्तशासी) के महासचिव मंजीत सिंह नैय्यर ने बताया कि गुलमोहर सिर्फ पेड़ ही नहीं बल्कि उसके अपने औषधीय महत्व भी है, गुलमोहर में जीवाणुरोधी, एंटिफंगल, विरोधी भड़काऊ, मलेरिया-रोधी, रोगाणुरोधी, एंटीऑक्सिडेंट, कार्डियो-प्रोटेक्टिव, गैस्ट्रो-प्रोटेक्टिव और घाव भरने की गतिविधि जैसे विविध औषधीय गुण होते हैं, पत्तियों में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं, इसके मेथनॉल एक्सट्रैक्ट के इस्तेमाल से ब्लड ग्लूकोज लेवल काफी कम हो जाता है। पत्तियों में महत्वपूर्ण एंटी-डायरियल गुण होते हैं। इसलिए परिसर में जिन स्थानों पर इन्हें लगाया गया है, उस पूरे स्थान को 'गुलमोहर एवेन्यू' कहा जाएगा। बताया कि गर्मियों के दौरान यह विशेष पेड़ लाल रंग में खूबसूरती से खिलता है जो ताजा उज्ज्वल विचारों को दशार्ता है जिसे छात्रों को तैयार करना सीखना चाहिए। इसके अलावा, पेड़ के आधार पर मजबूत जड़ प्रणाली गुरु नानक कॉलेज की मजबूत मूल्यों को दशार्ती है।

### पर्यावरण को बचाने को हर दिन मनाएं पृथ्वी दिवस

वेस्टिन होटल के महाप्रबंधक लक्ष्मणन रामनाथन ने कहा कि जैसे हम अपने आने वाली पीढ़ी के लिए आर्थिक रुप को पूरी तरह से मजबूत करते हैं वैसे ही हमें आने वाली पीढ़ी को इस पृथ्वी पर हरियाली देकर जाना होगा, इसके लिए जरुरी है कि हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं, आज ग्रह को बचाने की आवश्यकता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रह सके और उसी सुंदर ग्रह का आनंद ले सके।

### पृथ्वी के मालिक नहीं, ट्रस्टी बनें

गुरु नानक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम.जी रघुनाथन ने कहा कि इस पृथ्वी दिवस पर हर जीएनसी के सदस्य और हर व्यक्ति को हमेशा धरती माता से प्यार करने और उसकी रक्षा करने का प्रण करना चाहिए, हमें यह समझना चाहिए कि हम पृथ्वी के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं। गुरु नानक सेंटर फॉर कंसल्टेंसी एंड आउटरीच इनिशिएटिव और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. स्वाति पालीवाल ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय 'ग्रह में निवेश' है और यह 215 पौधे लगाने का अभियान ग्रीन कैंपस और हैप्पी पृथ्वी बनाने में हमारी पहल है, जो स्थिरता लक्ष्य को प्राप्त करने में एक कदम है। इसके साथ ही गुरु नानक महाविद्यालय के पर्यावरण संघ के प्रमुख और प्लांट बायो एंड बायोटेक्नोलॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉ. एम. गोपी ने हमें गुलमोहर के पौधों का उपयोग करने के वैज्ञानिक कारण बताए। उन्होंने बताया कि गुलमोहर की जड़ें नाइट्रोजन फिक्सिंग बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं जो पेड़ के रित विकास और आसान रखरखाव में मदद करती हैं और यह मिट्टी को उपजाऊ भी बनाती है। वेस्टिन होटल, वेलाचेरी के कर्मचारी एवं जी एन सी पर्यावरण संघ के छात्रों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# भारतीय संस्कारों पर आधारित है जी-20 का उद्देश्य: प्रो. निर्मला एस. मौर्या





**संबोधन**

### वसुधैव कुटुबंकम पर आयोजित संगोष्ठी में किया जागरूक

### नागरी नाटक मंडली में किया गया आयोजन

**वाराणसी**। अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद, नागरी नाटक मंडली और काशी वाराणसी विरासत फाउण्डेशन की ओर से शनिवार को सायंकाल कबीरचौरा स्थित नागरी नाटक मंडली में जी-20 के महत्व को लेकर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में जी-20 के महत्व के बारे में लोगों को बताया गया। इसके साथ ही लोगों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की पुरजोर अपील की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्वांचव विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्या ने विश्वविद्यालय में जी-20 के तहत कराये गये कार्यक्रमों व कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी को पर्यावरण, जल संचयन तथा नारी सशक्तिकरण के लिए जागरूक रहने को कहा। कहा कि जी-20 के अस्तित्व से हजारों साल पहले वसुधैव कुटुंबकम भारत का आदर्श रहा है।

आज भारत को इस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष के रूप में जो सम्मान मिला है वह एक अवसर होने के साथ भारत व भारतीयता को वैविक मान्यता है। आज भारतीय संस्कृति विश्व के लिए अनुकरणीय बन गई है।

कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद दिल्ली के प्रतिनिधि गोपाल अरोड़ा ने जी- 20 के उद्‌भव, विकास और भारत के वर्तमान अमृतकाल में उसके महत्व की चर्चा की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व कुलपति प्रो. राममोहन पाठक ने कहा कि जी-20 1999 में बना। जबकि अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद इस क्षेत्र में 1968 से काम कर रही है। संचालक डा. अजीत सैगल ने कहा कि भारत ने विकास के जो मानदंड स्थापित किये है वे विकसित देशों के लिए भी मानक बन गये हैं। शरद कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने सभी विद्वतजनों को काशी विरासत फाउण्डेशन के साहित्य महोत्सव का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर डा. संजय मेहता, संजीवश्रीवास्तव, चन्द्रशेखर कपूर, संजीव अग्रवाल, देवाशीष डे, आशीष बसाक, बी गाभावाल समेत काफी लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन जयश्रीकृष्णा फाउण्डेशन, सीनियर सीटीजन ट्रस्ट आफ इंडिया, शिल्पायन काशी, वाराणसी विरासत फाउण्डेशन, रोटरी क्लब, नागरी नाटक मंडली ट्रस्ट की तरफ से आयोजित किया गया था।

# क्लाउड स्टोरेज की कमी का शिकार हो सकता है विश्व ?

## क्लाउड सर्विस का सालाना बाजार है पांच सौ अरब डालर



जो फिल्में, फोटो या वीडियो आप कंप्यूटर पर देखते हैं वो सभी डेटा सेंटर के सर्वरों पर स्टोर की जाती हैं। इन डेटा सर्वरों और सेंटरों को क्लाउड स्टोरेज कहा जाता है। यहां स्टोर किया गया डेटा इंटरनेट के रास्ते आपके मोबाइल फोन या कंप्यूटर तक पहुंचता है। ऐसे ही आपका डेटा भी इन क्लाउड स्टोरेज में रखा जाता है और जब आप चाहें उसे आपको उपलब्ध कराया जाता है। आम लोग हों या बड़ी कंपनियां और संस्थाएं, अपना डेटा इन क्लाउड स्टोरेज पर स्टोर करती हैं। कंपनियों का आधे से ज्यादा डेटा इन क्लाउड सर्वरों पर स्टोर होता है और अब कंपनियों की इन पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। जब मोबाइल स्टोरेज में मेमरी स्पेस भर जाती है तो आप इसे क्लाउड में एक शुल्क दे कर स्टोर कर सकते हैं और जब चाहें उसे इंटरनेट के जरिये इस्तेमाल कर सकते हैं।

लेकिन 25 जनवरी को माइक्रोसॉफ़्ट कंपनी की कई क्लाउड सेवाएं दुनिया भर में नब्बे मिनट तक के लिए ठप हो गई थीं। इससे दुनिया भर की कंपनियों, संस्थाओं और इसके ग्राहकों में अफरातफरी फैल गई। बाद में पता चला कि यह एक क्लाउड डेटा सर्वर में आई खराबी की वजह से हुआ था। मगर कई लोग यह भी सोचने लगे कि क्या जिस तरह से हमारे कंप्यूटरों में मेमरी स्पेस भर जाता है, तो क्या उसी तरह क्लाउड स्टोरेज पर भी स्टोरेज की किल्लत हो सकती है?

इस बारे में टेक्नोलॉजी की जानकार शावनिंग कहती हैं, जब मैं अपने मोबाइल फोन या टैबलेट पर, पिक्चर पर क्लिक कर के वो फोटो देखती हूं, जो मेरे फोन में सेव है तब मुझे पता भी नहीं होता कि वो दरअसल किसी दूरदराज के क्लाउड से इंटरनेट के जरिये मेरे फोन पर पहुंच रही है।

1980 के दशक में जब हम कंप्यूटर इस्तेमाल करते थे तो हम अपने डेटा को फ़्लॉपी डिस्क और दूसरे स्टोरेज उपकरणों पर सेव करते थे और बाद में अपने कंप्यूटर पर ही स्टोर करने लगे थे। लेकिन 1990 के दशक में इंटरनेट आने के बाद टेक्नोलॉजी और विकसित हुई और लोगों ने अपना डेटा अपने कंप्यूटर के बजाय दूसरी बाहरी जगहों पर स्टोर करना शुरू कर दिया। ओला शावनिंग कहती हैं कि इंटरनेट की वजह से हम अपने टेबल पर रखे कंप्यूटर को अन्य जगहों पर मौजूद डेटा सेंटरों से जोड़ने में समर्थ हो गए थे और वास्तव में यही क्लाउड है जो एक तरह से इंटरनेट की ही सुविधा है जिसके जरिए कई उपकरणों के बीच डेटा का आदान-प्रदान संभव हो गया है।

### आपका इंटरनेट कोई कैसे बंद कर सकता है?

साल 2021 के आखिरी महीनों में अमेजॉन वेब सर्विस कई बार कुछ समय के लिए ठप होती रही। दिसंबर को वर्जीनिया में एक सॉफ्टवेयर में समस्या की वजह से अमेजॉन की वेब सर्विस ठप हो गई थी। रिपोर्टों के अनुसार कई जगहों पर अमेजॉन की डिलीवरी सर्विस ही ठप नहीं हुई बल्कि डिज्नी एंटरटेनमेंट और नेटफि्लक्स जैसी कई वेबसाइट भी ठप हो गई थीं। तब अमेजॉन ने कहा था कि वो अपने डेटा सेंटरों में सैकड़ों अरब डॉलर का निवेश करेगी। दूसरा सवाल यह है कि जहां डेटा एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है तो इस दौरान वो किन देशों से गुजरता है? क्या वो इस दौरान गलत लोगों के हाथ लग सकता है?

### क्लाउड स्टोरेज की शुरुआत कैसे हुई?

शावनिंग कहती हैं, इन कंपनियों ने सोचा क्यों न इस अतिरिक्त स्टोरज को दूसरी कंपनियों को बेचा या किराये पर दे दिया जाए। इन कंपनियों ने अपने डेटा स्टोरेज को जब बेचना या किराए पर देना शुरू किया तो वहीं से क्लाउड स्टोरेज की शुरुआत हुई। ये कंपनिया क्लाउड स्टोरेज प्रोवाइडर या हाइपर स्केलर कहलाती हैं। ये कंपनियां दुनिया भर में विशाल डेटा सेंटर बना कर अपने डेटा स्पेस दूसरी कंपनियों, संस्थाओं और आम लोगों को भी किराये पर देती हैं। पहली बड़ी हाइपर स्केलर कंपनी थी अमेजॉन, जिसने 2006 में अमेजॉन वेब सर्विसेज शुरू की. जल्द ही कई दूसरी टेक कंपनियों ने भी अपनी क्लाउड सर्विस बना ली। अब क्लाउड सर्विस का बाजार सालाना 500 अरब डॉलर का है। अनुमान है कि आने वाले दस सालों में यह आठ गुना बढ़ जाएगा। शावनिंग कहती हैं कि पहले नहीं पता होता कि आने वाले समय में हमें कितने कंप्यूटिंग पॉवर या डेटा स्टोरेज की जरूरत होगी। मैं चाहती हूं कि इस क्षमता को कम समय में जरूरत के हिसाब से बढ़ा सकूं। अगर मुझे अपने घर या दफ़्तर में इस क्षमता को बढ़ाना पड़ जाए तो उसके लिए शक्तिशाली कंप्यूटर उपकरण खरीदने पड़ेंगे, सॉफ्टवेयर और स्टोरेज उपकरण खरीद कर लगाने होंगे जिसमें समय लगेगा। लेकिन अगर मैं हाइपर स्केलर या क्लाउड का इस्तेमाल करती हूं तो मुझे भारी निवेश करने की जरूरत नहीं है। साथ ही मैं उतने ही स्पेस और कंप्यूटिंग पावर के लिए पैसे खर्च करूंगी जितने की मुझे जरूरत है। यह किफायती और लचीला तरीका है। माइक्रोसॉफ़्ट, गूगल और अमेजॉन यह तीन प्रमुख क्लाउड कंप्यूटिंग और स्टोरेज कंपनियां हैं और दुनिया भर की कुल क्लाउड आय का 75 प्रतिशत हिस्सा इनकी जेब में जाता है मगर इनमें अमेजॉन सबसे बड़ी है क्योंकि क्लाउड मार्केट का एक तिहाई हिस्सा अकेले उसके पास है। अगर आप को याद हो, तो अमेजॉन ने 1995 में इंटरनेट के जरिए किताबें बेचने से शुरूआत की लेकिन बाद में उसका विस्तार हुआ और अमेजॉन ने कई तरह के उत्पाद बेचना शुरू कर दिया। इस काम के लिए उसने बड़े डेटा सेंटर बनाए और बाद में इन डेटा सेंटरों के अतिरिक्त स्पेस दूसरी कंपनियों को बेचना या किराए पर देना शुरू कर दिया। ये आम जानकारी है कि जैसे-जैसे अमेजॉन बड़ी होने लगी उसने उपभोक्ता सामग्री के साथ साथ कंप्यूटिंग और क्लाउड स्टोरेज, दूसरी कंपनियों को बेचना शुरू कर दिया। उसकी सफलता को देख कर दूसरी कंपनियां भी उसका अनुसरण करना चाहती थीं और अमेजॉन ने उन्हें इस पैमाने पर कंप्यूटिंग और डेटा स्टोरेज देना शुरू किया कि वह अमेजॉन का एक प्रमुख कारोबार बनता चला गया।

सिलिकॉन वैली की दूसरी कंपनियां जैसे कि गूगल भी पीछे नहीं रही। गूगल हमेशा से ही क्लाउड सर्विस मार्केट में अच्छी पकड़ रखती थी। उसी तरह माइक्रोसॉफ़्ट भी ईमेल और दूसरी ऑनलाइन सेवाएं दे रही थी तो कई कंपनियों ने स्वाभाविक तौर पर क्लाउड स्टोरेज और कंप्यूटिंग के लिए माइक्रोसॉफ़्ट का रुख किया। टेक्नोलॉजी और दूरसंचार क्षेत्र के ढांचों में व्यापक स्तर पर विकास हुआ है जिसकी वजह से क्लाउड कंप्यूटिंग और स्टोरेज में भी तेजी आई है। जिन देशों ने दूरसंचार टेक्नोलॉजी और शिक्षा के क्षेत्र को विकसित किया है या जहां इस पर काम करने वाले प्रशिक्षित लोग बड़ी संख्या में हैं वहां विकास पर इससे निश्चित तौर पर फर्क पड़ा है। टेक्नोलॉजी में जो सरकारें अधिक निवेश करेंगी और उसका इस्तेमाल करेंगी, वहां का समाज भी इसमें अधिक प्रशिक्षित बनेगा।

लेकिन एक सवाल बेहद महत्वपूर्ण है जो डेटा ये कंपनियां क्लाउड पर स्टोर करती हैं क्या वो हमेशा आसानी से उपलब्ध रहेगा? क्या वो हमेशा सुरक्षित रहेगा? क्लाउड डेटा स्टोरेज के साथ डेटा की सुरक्षा के खतरों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया भर में डेटा सेंटर बने हुए हैं जो उस क्षेत्र के डेटा प्राइवेसी कानूनों का पालन भी करते हैं, लेकिन किसी एक क्षेत्र के लोगों का डेटा किसी दूसरे क्षेत्र की कंपनियों या लोगों के हाथ लगने का खतरा रहता है। इसका दुरुपयोग हो सकता है।





# दुश्वारियां झेलकर डॉ. सोमा घोष ने बनाया अपना मुकाम

**खास मुलाकात**

### कभी नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गई थीं सोमा घोष

### डा. राजेश्वर आचार्य ने उन्हें नौकरी के लिए कर दिया था मना

### इसके बाद संगीत को स्वतंत्र कैरियर बनाने की राह पर चल पड़ी

**राधेश्याम कमल**





**वाराणसी**। पद्‌मश्री डा. सोमा घोष बनारस में जन्मी व पली बढ़ी लेकिन अब वह मुबंई में रह रही है। एक जमाने में महान फिल्मकार नवेन्दु घोष की डा. सोमा घोष पुत्रवधू हैं। पिता मनमोहन चक्रवर्ती स्वतंत्रता सेनानी और मां अर्चना चक्रवर्ती गायिका रही। डा. सोमा घोष अपनी संगीत प्रतिमा का श्रेय मां को देती हैं। उनके व्यक्तित्व पर संगीत की कोमलता के साथ ही पिता की संघर्षशीलता की भी पूरी छाप दिखती है। पद्‌मश्री डा. सोमा घोष इन दिनों प्रसिद्ध ठुमरी गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की स्मृति में बनारस में आयोजित स्व. बागेश्वरी देवी स्मृति ठुमरी महोत्सव के सिलसिले में आयी हुई हैं। भारतरत्न शहनाई के जादूगर उस्ताद स्व. बिस्मिल्लाह खान की दत्तक पुत्री डा. सोमा घोष से मुलाकात हुई। इस दौरान उनसे बातचीत की गई। कहा कि मैं बनारस को हमेशा जीते हुए अपने भीतर महसूस करती हूं।

बनारस शिव की नगरी है। यह अपने मूल प्रकृति में बिलकुल वैसे ही है जैसा शिव हैं। मुझे लगता है कि मैं खुद भी वैसी हूं। सोमा घोष को न जाने कितने पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें पद्‌मश्री के अलावा नारी शक्ति अवार्ड, गंधर्व कोकिला समेत कई पुरस्कार मिले।

वे बताती हैं कि संगीत की दुनिया में उन्होंने जो भी मुकाम हासिल किया उसकी प्रेरणा उन्हें डा. राजेश्वर आचार्य से मिली। कहा कि आचार्यजी ने अगर मुझे नौकरी करने से मना न किया होता तो आज वह यह मुकाम हासिल न कर सकी होती। कहा कि मैं उन दिनों बनारस में थी। संगीत के ही सिलसिले में एक नौकरी के लिए इंटरव्यू देने गोरखपुर गई थीं। बोर्ड में डा. राजेश्वर आचार्य भी थे। सवाल जवाब में मेरी रचनात्मक प्रकृति जानने के बाद उन्होंने कहा कि तुम नौकरी के लिए नहीं बनी हो। हर कलाकार का एक चरम होता है और तुममें एक अलग ही प्रतिभा है। बेहतर होगा कि तुम संगीत में अपनी अलग जगह बनाओ। इसके बाद हमने तमाम मुश्किलों के बावजूद नौकरी के बारे में कभी सोचा भी नहीं और संगीत को स्वतंत्र कैरियर बनाने की राह पर चल पड़ी।



### पं. नारायण चक्रवर्ती और बागेश्वरी देवी से ली शिक्षा

वे बताती है कि संगीत की शिक्षा तो हमने अपनी मां के अलावा सेनिया घराने के पं. नारायण चक्रवर्ती व बनारस घराने की महान ठुमरी गायिका श्रीमती बागेश्वरी देवी से ली। इनके अलावा हमने ग्वालियर घराने के डा. चितरंजन जोतिषी से भी गायकी की बारीकियों को सीखा। वे बताती है कि ठुमरी की शिक्षा हमने बागेश्वरी देवी से ली है। जबकि अपनी मां से ख्याल गायकी सीखी।

### उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का स्नेह 2001 में मिला

वे बताती हैं कि शहनाई के जादूगर भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जिन्हें वह बाबा कह कर पुकारती थी। उनका स्नेह बनारस में ही एक समारोह में प्रस्तुति के दौरान मिला। 2001 में एक समारोह में उन्होंने मेरा गायन सुना और काफी प्रभावित हुए। कहा कि तुम मेरे साथ जुगलबंदी करोगी। मुझे बतौर बेटी अपनाने के पहले उन्होंने अपने परिवार को बताया और सभी की अनुमति ली। इसके बाद इसकी घोषणा की।

### मुंबई में 2002 में बाबा संग जुगलबंदी में नौशाद भी रहे

वे बताती है कि वर्ष 2002 में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के साथ मुंबई में जुगलबंदी हुई। हमें याद है कि उस समय महानायक अमिताभ बच्चन व जया बच्चन भी टिकट लेकर समारोह में आये थे। प्रख्यात संगीतकार नौशाद जी पहली पंक्ति में श्रोताओं में थे। बाद में उन्होंने ग्रीन रूम में कहा कि ख्याल गायकी को तो तुमने बिलकुल नई दिशा दी है। ठुमरी, होरी जैसी विधाओं को तो तुम नई पीढ़ी के लिए लोकप्रिय बना रही हो।

### दरबारी महफिल का भी किया प्रयोग

वे बताती हैं दरबारी महफिल में प्रयोग कम, परम्परा का पुनर्जीवन ज्यादा है। दरबारी महफिलें पहले से होती रही है। गौहर जान के समय में इसमें शास्त्रीय परम्परा का भरपूर ख्याल रखा जाता था। हमने उसे आज भी समय के अनुरूप पुनर्जीवन देने का प्रयास किया। आज शास्त्रीय संगीत की परम्परा का लोप होता जा रहा है के सवाल पर कहा कि यह कहना सही नहीं होगा। क्योंकि नई पीढ़ी के गायक अपने ढंग से जो नये नये प्रयोग कर रहे हैं उसमें बहुत कुछ शास्त्रीय परम्परा से भी लिया जा रहा है। आज जो फास्ट म्यूजिक है उसमें धूम धड़ाका तो खूब है लेकिन कहीं कोई रिलैक्स नहीं है। अगर आप रस में गायेंगे तो अच्छा लगेगा।